# हरिभूमि

जबलपुर


शुक्रवार, 22 मार्च 2024

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com








हरिभूमि
जबलपुर, शुक्रवार
22 मार्च 2024
haribhoomi.com

## पूर्व मंत्री आनंद शर्मा ने अध्यक्ष खरगे को खत लिख राहुल को घेरा

# जाति गणना कोई रामबाण नहीं, यह समावेशी, सर्वव्यापी दृष्टिकोण भी नहीं हो सकता, इससे न बेरोजगारी दूर होगी न ही कोई 'समस्या'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जातिगत जनगणना पर कांग्रेस में कलह उभर कर सामने आया है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य और पार्टी के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के जाति जनगणना वाले बयान पर निशाना साध खुलकर नाराजगी जाहिर की है।

शर्मा ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखा है और कहा है कि जाति जनगणना रामबाण नहीं है और न ही इससे बेरोजगारी दूर हो सकती है। खरगे को लिखे खत में आनंद ने कहा कि ऐसा करना इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अनादर करने जैसा होगा। कांग्रेस के शीर्ष नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के बार-बार जाति जनगणना कराए जाने की बात से आनंद शर्मा खुश नहीं हैं। अब कांग्रेस के भीतर प्रमुख चुनावी मुद्दों में से एक जाति जनगणना पर पार्टी के अंदर की कलह साफ उजागर हो गई है। आनंद ने जाति आधारित जनगणना पर केंद्रित पार्टी के चुनाव अभियान पर कड़ी आपत्ति जताई है और इसे 'कांग्रेस के पीएम इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अनादर करना बताया है।

### लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस में आंतरिक कलह उजागर



### यह मुद्दा उठाना इंदिरा और राजीव गांधी का भी अपमान होगा



### राजीव ने कहा था-जाति को परिभाषित किया तो हमें समस्या

आनंद ने 1990 में लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में राजीव गांधी के उस बयान का भी हवाला पत्र में दिया है, जहां पूर्व पीएम ने कहा था कि अगर हमारे देश में जातिवाद को स्थापित करने के लिए जाति को परिभाषित किया जाता है तो हमें समस्या है। अगर संसदीय और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में जातिवाद को एक विषय बनाया जाएगा तो हमें समस्या होगी। ऐसे में कांग्रेस खड़े होकर इस देश को विभाजित होते हुए नहीं देख सकती।

### पूर्व प्रधानमंत्रियों के नारों का हवाला दिया

### न जात पर न पांत पर मुहर लगेगी हाथ पर

शर्मा ने कांग्रेस पार्टी के समावेशी और सर्वव्यापी दृष्टिकोण को याद करते हुए इंदिरा और राजीव के लोकप्रिय नारों का हवाला दिया और कहा कि पार्टी का वर्तमान रुख पिछली कांग्रेस सरकारों की विचारों के साथ मेल नहीं खाता है और इसकी वजह से पार्टी के राजनीतिक विरोधियों को कीचड़ उछालने का मौका मिल जाएगा। शर्मा ने इंदिरा के 1980 के उस नारे को याद दिलाया, जब कहा जाता था, 'ना जात पर ना पात पर, मुहर लगेगी हाथ पर।'

### कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव में दी है गारंटी

लोकसभा चुनाव 2024 का प्रचार अभियान चरम पर है। कांग्रेस पार्टी अपनी खोई जमीन हासिल करने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रही है। कांग्रेस ने अपने प्रचार अभियान में जातिगत जनगणना कराने की मांग की है। कांग्रेस ने इस मांग को हिस्सेदारी न्याय के तहत रखा है। कांग्रेस ने गारंटी दी है कि उसकी पार्टी अगर सरकार में आती है तो जातिगत जनगणना के साथ ही आरक्षण की 50 फीसदी सीमा को भी खत्म किया जाएगा।

**मुंबई के लिए एमवीए में बंटवारा**

### कांग्रेस को 6 में से मिली 2 सीटें, निरुपम को झटका



मुंबई। लोकसभा चुनावों के मद्देनजर महाराष्ट्र की सीटों को लेकर कांग्रेस, शरद पवार गुट और उद्धव ठाकरे की पार्टी के गठबंधन महाविकास अघाड़ी एमवीए) के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बन गई है। मुंबई की 6 सीटों के बंटवारे को लेकर फॉर्मूला भी सामने आ गया है। कांग्रेस मुंबई की कुल 6 लोकसभा सीटों में से 2 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। समझौते के मुताबिक संजय निरुपम वाली सीट उद्धव ठाकरे गुट को दी गई है।ये सीटें हैं- मुंबई नॉर्थ, मुंबई नॉर्थ वेस्ट, मुंबई नॉर्थ ईस्ट, मुंबई नॉर्थ सेंट्रल, मुंबई साउथ सेंट्रल, मुंबई साउथ।

### कांग्रेस ने विधानसभा के लिए जारी की 34 कैंडिडेट की सूची

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने गुरुवार को 34 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है।लोकसभा चुनाव के साथ अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने जा रहे है। सूची में सनेहे फुंटसोक, कोम्पू डोलो, ओकराम योसुंग, टोबिंग लेगो जैसे नेताओं को शामिल किया गया है। राज्य विधानसभा में कुल 60 सीटें हैं। कांग्रेस ने मुक्तो-एसटी सीट से भाजपा उम्मीदवार और वर्तमान अरुणाचल सीएम पेमा खांडू के खिलाफ सनेहे फुंटसोक को मैदान में उतारा है। भाजपा द्वारा अरुणाचल विधानसभा चुनाव 2024 के लिए सभी 60 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा के लगभग एक सप्ताह बाद कांग्रेस ने 30 सीटों की सूची जारी की गई है।

**मिजोरम में अकेले लड़ेगी कांग्रेस**

### एमएनएफ के साथ गठबंधन हो गया विफल

मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के साथ चुनाव-पूर्व गठबंधन की बातचीत सफल नहीं होने के बाद कांग्रेस ने मिजोरम में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि कांग्रेस मिजोरम की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए आज अपने उम्मीदवार का नाम घोषित करेगी। मिजोरम में 19 अप्रैल को मतदान होगा। कांग्रेस 1987 से लगभग 20 सालों तक मिजोरम में सत्ता में रही थी। कांग्रेस और एमएनएफ सत्तारूढ़ जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के खिलाफ संयुक्त रूप से लड़ने के लिए चुनाव-पूर्व गठबंधन बनाने के लिए बातचीत कर रहे थे।

**4 राज्यों में नए चुनाव प्रभारियों का ऐलान**

### चुनाव के पहले भाजपा ने किया फेरबदल

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के पहले 4 राज्यों में अपने नए चुनाव प्रभारियों का ऐलान कर दिया है। छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान और मध्य प्रदेश में अपने नए चुनाव प्रभारी नियुक्त किए हैं। ओमप्रकाश माथुर को छत्तीसगढ़, प्रकाश जावड़ेकर को तेलंगाना, राजस्थान के लिए प्रह्लाद जोशी और भूपेंद्र यादव को मध्य प्रदेश की कमान सौंपी है। सह चुनाव प्रभारियों की भी नियुक्ति की है। प्रह्लाद जोशी को राजस्थान का चुनाव प्रभारी तो नितिन पटेल, कुलदीप बिश्नोई को सह चुनावी प्रभारी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ की बात करें तो ओम प्रकाश माथुर को चुनाव प्रभारी और डॉ. मनसुख मांडविया को सह चुनाव प्रभारी बनाया गया है। मध्य प्रदेश में भूपेंद्र को चुनाव प्रभारी और अश्विनी वैष्णव को सह चुनाव प्रभारी बनाया गया है। तेलंगाना की बात करें तो प्रकाश जावड़ेकर को प्रदेश का चुनाव प्रभारी तो वहीं सुनील बंसल को सह चुनाव प्रभारी बनाया गया है।



### एनडीए से गया में मांझी करेंगे नामांकन

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों का बंटवारा अटका हुआ है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की 40 सीटों के बंटवारे के बाद अब पहले चरण के चुनाव के लिए प्रत्याशी के नाम अंतिम तौर पर सामने आने लगे हैं। शुरुआत भूतपूर्व सीएम जीतन राम मांझी से हुई है। गया (आरक्षित) सीट पर उनके नाम की घोषणा की है।



**तमिलनाडु की 9सीटों पर नाम तय**

### पूर्व राज्यपाल और अन्नामलाई को भी दिया गया टिकट


भाजपा ने तीसरी लिस्ट जारी करते हुए नौ उम्मीदवारों की घोषणा की है। कोयंबटूर से अन्नामलाई को भाजपा ने चुनावी मैदानी में उतारा है। चेन्नई दक्षिण से तमिलिसाई सुंदरराजन, चेन्नई सेंट्रल से विनोज पी. सेल्वम, वेल्लोर से एसी शनमुगम, कृष्णागिरी से सी. नरसिम्हन, नीलगिरी से एल. मुरुगन, पेरंबलुर से टीआर परिवेन्धर, थूथुकुड़ी से नैनार नागेंद्रन और कन्याकुमारी से पोन. राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया गया है।भाजपा की पहली सूची में 195 नामों का ऐलान किया गया था, जिसमें 34 केंद्रीय और राज्य मंत्रियों के नाम सूची में थे।



## खबर संक्षेप


### सीपीएफ के कुछ जवानों को मिलेगी एनपीएस

**नई दिल्ली।** पुरानी पेंशन बहाली का इंतजार कर रहे केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीएपीएफ' के 11 लाख जवानों/अफसरों के लिए बड़ा अपडेट है। इन बलों के कुछ जवानों और अधिकारियों को एनपीएस से बाहर निकालकर उन्हें ओपीएस में शामिल किया जाएगा। केंद्र सरकार भी इसके लिए राजी है। दूसरा मामले में दस लाख से अधिक जवान व अधिकारी हैं।



### एल्विश पर शिकंजा पुलिस ने बढ़ाई धाराएं

**नोएडा।** रेव पार्टी में सांपों के जहर सप्लाई करने के मामले में जेल में बंद यू-ट्यूबर एल्विश यादव के वकील प्रशांत राठी ने कहा कि हमने कोर्ट में याचिका दाखिल की है। जमानत याचिका में कुछ धाराओं को जोड़ा गया है।पुलिस ने कुछ अन्य धाराओं को जोड़ा है, जो पहले याचिका में नहीं थी। उन्होंने बाद में इन्हें जोड़ा।



### जेल में दिया जा रहा जहर, मृत्यु का खतरा

**बाराबंकी।** बांदाजेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी ने जेल के खाने में जहर देने का आरोप लगाया है। उसने कहा है कि इससे उसकी तबीयत काफी गंभीर हो गई है और ऐसा लगता है कि कभी भी मृत्यु हो सकती है। मुख्तार ने अदालत से इलाज करवाने की गुहार लगाई है। गुरुवार को बाराबंकी की एमपी एमएलए कोर्ट में गैंगस्टर मामले की पेशी हुई थी।



### एएमयू में होली खेल रहे छात्रों को दौड़ाकर पीटा

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश की अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में गुरुवार को होली खेलने के दौरान बवाल हो गया। आरोप है कि होली खेल रहे छात्रों से एक धर्म विशेष के छात्रों द्वारा मारपीट की। वीडियो में सामने आया है कि होली खेल रहे कुछ लड़कों की पिटाई की जा रही है। इससे छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा और वह हंगामा करने लगे।



### चुनाव आयोग ने 4 राज्यों में गैर-कैडर अफसरों के तबादले किए

# जिलाधिकारियों व एसपी का ट्रांसफर कुछ के तो राजनेताओं से भी 'संबंध'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने 4 राज्यों के गैर-कैडर अधिकारियों, जो जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक पदों पर तैनात हैं, उनके तबादले के आदेश दिए हैं। जिन राज्यों के अधिकारियों के तबादले के आदेश दिए गए हैं, उनमें गुजरात, पंजाब, ओडिशा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। जिन अधिकारियों के तबादले के आदेश दिए गए हैं, उनमें गुजरात में छोटा उदयपुर और अहमदाबाद ग्रामीण इलाकों के एसपी, पंजाब राज्य के पठानकोट, फाजिल्का, जालंधर ग्रामीण और मलेरकोटला जिले के एसएसपी शामिल हैं। चुनाव आयोग ने ओडिशा के ढेंकानाल के जिलाधिकारी, देवगढ़, कटक ग्रामीण इलाके के एसपी के नाम भी शामिल हैं।

पश्चिम बंगाल में जिन अधिकारियों के तबादले के आदेश दिए गए हैं, उनमें पूर्व मेदिनीपुर, झारग्राम, पूर्व बर्धमान और बीरभूम जिले के जिलाधिकारी शामिल हैं। चुनाव आयोग ने पंजाब में बठिंडा के एसएसपी, असम में सोनितपुर के एसपी का भी तबादला किया है। चुनाव आयोग ने कहा है कि उन्होंने नेतृत्वकर्ता पदों पर तैनात गैर-कैडर अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है।

**पश्चिम बंगाल में पूर्व मेदिनीपुर, झारग्राम, पूर्व बर्धमान और बीरभूम जिले में किया परिवर्तन**

**गुजरात में छोटा उदयपुर और अहमदाबाद ग्रामीण इलाकों के एसपी को बदलने का आदेश**

### इन प्रदेशों में गुजरात, पंजाब, ओडिशा और पश्चिम बंगाल शामिल




### 5 गैर-कैडर जिलाधिकारी भी इधर उधर किए

इसके तहत आयोग ने 8गैर-कैडर एसपी और एसएसपी अधिकारियों और 5गैर-कैडर जिलाधिकारियों के तबादले का आदेश दिया है। दरअसल जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है, उनमें से कुछ के राजनेताओं के साथ अच्छे संबंध हैं। सोनितपुर के एसपी सुशांत बिस्व सरमा, राज्य के मुक्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा के भाई हैं। इसी तरह पंजाब में एसएसपी भटिंडा हरननबीर सिंह गिल कांग्रेस सांसद जसबीर सिंह गिल के भाई हैं।

### 6 राज्यों के गृह सचिव भी बदले थे

इससे पहले चुनाव आयोग ने 18 मार्च को भी देश के विभिन्न राज्यों के गृह सचिवों का तबादला करने का आदेश दिया था। चुनाव आयोग ने बीएमसी के आयुक्त इकबाल सिंह चहल और पश्चिम बंगाल के डीजीपी का भी तबादला करने का आदेश दिया था। आयोग ने बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के गृह सचिवों का तबादला करने का भी आदेश दिया था। आयोग ने मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के सामान्य विभाग के सचिव को भी हटाने के आदेश दिया था। चुनाव आयोग ने बीते हफ्ते ही देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान किया था। चुनाव आयोग ने कहा था कि वे निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए हरसंभव कदम उठाएंगे, ऐसे में बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादलों को भी निष्पक्ष चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

**उधर, सीजेआई ने राज्यपाल को लगाई 'फटकार'**

### खुद को सुप्रीम कोर्ट से ऊपर समझ रहे गवर्नर रवि



चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने डीएमके नेता के पोनमुडी को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए जाने पर तमिलनाडु के गवर्नर आरएन रवि को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि राज्यपाल सुप्रीम कोर्ट की अवहेलना कर रहे हैं। सीजेआईचंद्रचूड़ ने मामले में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार से भी सवाल करते हुए कहा कि यदि राज्यपाल संविधान का पालन नहीं करते हैं तो सरकार क्या करती है? मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की सिफारिश के बावजूद, राज्यपाल ने पोनमुडी को फिर से मंत्रिमंडल में शामिल करने को लेकर मंजूरी देने से इनकार कर दिया था। हाल ही में पोनमुडी की आय से अधिक संपत्ति के मामले में दोषसिद्धि और तीन साल की सजा पर कोर्ट ने रोक लगा दी थी।

**पीठ ने हैरानी भी जताई**

सीजेआई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने हैरानी जताते हुए कहा कि राज्यपाल रवि कैसे कह सकते हैं कि पोनमुडी की दोबारा नियुक्ति संवैधानिक नैतिकता के खिलाफ होगी। हम रवि को 24 घंटे के भीतर निर्णय लेने का निर्देश देते हैं। बेंच ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि से कहा कि अटॉर्नी जनरल हम राज्यपाल आरएन रवि के आचरण को लेकर काफी चिंतित हैं। जिन लोगों ने उन्हें सलाह दी है, उन्होंने उन्हें ठीक से सलाह नहीं दी है।

**नोएडा कोर्ट में भाटिया के साथ हाथापाई**

# जिला जज सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखें और पेश करें



**नई दिल्ली।** भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया के साथ नोएडा कोर्ट में हुई झड़प का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अब खुद एक्शन लिया है। बुधवार को नोएडा कोर्ट में वरिष्ठ वकील से हाथापाई और बैंड छीनने के मामले में शीर्ष अदालत ने स्वतः संज्ञान लिया है। कोर्ट ने नोटिस जारी कर गंभीर मामला माना है।

सुप्रीम कोर्ट ने गौतमबुद्ध नगर के जिला न्यायाधीश को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि घटना का सीसीटीवी फुटेज अगले आदेश तक सुरक्षित रखा जाए और घटना पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने इस घटना को मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ के ध्यान में लाया। इसमें बताया गया कि कैसे एक वकील ने भाटिया और उनके साथी वकील के साथ धक्का-मुक्की की और उन्हें जबरदस्ती हटा दिया। सिंह ने अपराधियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया।

### सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

उच्चतम न्यायालय ने गौतमबुद्ध नगर जिला अदालत में जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव को नोटिस जारी किया। एक महिला वकील भी पीठ के समक्ष पेश हुई और दावा किया कि एक मामले में पेश होने के दौरान एक अलग अदालत में उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया था। जिसके बाद पीठ ने कहा कि ऐसा कोई कारण नहीं है कि यह न्यायालय रिकॉर्ड पर रखी गई बात को स्वीकार न करे। आमतौर पर, हम याचिका पर जोर देते हैं लेकिन उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के दो सदस्यों पर हमला गंभीर है। हम रजिस्ट्रार को स्वतः संज्ञान रिट याचिका दर्ज करने का निर्देश देते हैं। पीठ ने कहा कि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों।

### भाटिया की वकीलों से कहासुनी

बुधवार को ग्रेटर नोएडा स्थित सूजरपुर जिला न्यायालय में भाजपा प्रवक्ता भाटिया की वहां मौजूद वकीलों से कहासुनी हो गई थी। गौरव सूरजपुर कोर्ट में कुछ काम के सिलसिले में पहुंचे थे और इस दौरान यहां वकीलों की हड़ताल चल रही थी। कहा जा रहा है कि इस दौरान किसी बात को लेकर कोर्ट परिसर में मौजूद वकीलों और गौरव भाटिया के बीच नोकझोंक हो गई।

**दुकानदार की पिटाई का मामला**

## बेंगलुरु में सांसद सूर्या और शोभा के खिलाफ केस दर्ज

### 41 अन्य के किलाफ भी प्राथमिकी कायम

एजेंसी ▶▶ कर्नाटक

बेंगलुरु में हनुमान चालीसा और अजान विवाद में एक दुकानदार की पिटाई के बाद विरोध प्रदर्शन कर रहे भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के खिलाफ अब पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

बीते रविवार को अजान के दौरान म्यूजिक बजाने पर एक दुकानदार की पिटाई की गई, जिसके बाद यह मामला काफी बड़ा हो गया, जिसके विरोध में 19 मार्च को विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या भी शामिल हुए, जिनको कर्नाटक पुलिस ने हिरासत में लिया था।वहीं अब इस मामले में भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या, केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे, पार्टी सांसद पीसी मोहन और 41 अन्य सहित भाजपा नेताओं के खिलाफ नागरथपेट घटना को लेकर हलासुरू गेट पुलिस ने धारा 143, 149, 188, 283, 290 और 268 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।



**पीआईएल पर हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी से किया सवाल**

**केजरीवाल, वक्फ बोर्ड को नोटिस जारी किया**

# यहां केवल इमामों को क्यों दिया जा रहा वेतन?

### उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार से मांगा जवाब, 22 जुलाई को सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाई कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार और दिल्ली वक्फ बोर्ड को एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया।

इसमें सरकारी पैसों से इमामों और मुअज्जिनों को वेतन देने की नीति को चुनौती दी गई है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 22 जुलाई को होगी। बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के अनुसार एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की डिवीजन बेंच ने कहा कि यदि एक संस्था को मदद दी जाती है तो दूसरे धार्मिक संस्थाएं भी आर्थिक मदद मांगने के लिए कल आगे आ सकती हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील सौरभ कृपाल ने कहा कहा, विशेष धर्म को प्राथमिकता क्यों दी जा रही है।



### अन्य लोग भी मांगेंगे सब्सिडी

बेंच ने कहा कि यदि यह एक धर्म के साथ किया जाता है तो दूसरे भी कहेंगे कि हमें सब्सिडी दीजिए। क्या कहां खत्म होगा? ये वो लोग नहीं हैं जो राज्य के लिए काम कर रहे हैं। साउथ इंडिया में या देश के दूसरे हिस्सों में जाइए और आप दखेंगे कि धार्मिक संस्थाएं बड़ी भूमिकाएं निभाती हैं। यदि आप प्राचीन भारत के बारे में पढ़ेंगे पूरी अर्थव्यवस्था मंदिरों के ईर्द-गिर्द घूमती है।

### 4 सप्ताह में जवाब देने को कहा

कोर्ट ने दिल्ली सरकार के वित्त विभाग को भी पक्षकार बनाया और सभी पक्षों को चार सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है। याचिकाकर्ता वकील रुकमणि सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान कहता है कि राज्य को सेक्युलर रहना है और इसलिए एक धर्म के लोगों को वेतन/मानदेय देने की दिल्ली सरकार की नीति संविधान के खिलाफ है।

### वकील का सवाल- सिर्फ एक धर्म पर क्यों कर रहे 'कृपा'

वरिष्ठ वकील सौरभ कृपाल ने दलील दी कि दिल्ली सरकार की नीति संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 266 और 282 के खिलाफ है। उन्होंने कहा, आदर्श रूप से किसी धर्म को टैक्सपेयर के पैसे पर सब्सिडी मिलनी चाहिए, यह एक धर्म निरपेक्ष राज्य का मूलभूत सिद्धांत है। यदि पैसे देने हैं तो सिर्फ एक धर्म को क्यों दिया जा रहा है, अन्य को क्यों नहीं?' उन्होंने कलकत्ता हाई कोर्ट के एक फैसले का भी हवाला दिया जिसमें पश्चिम बंगाल की सरकार की इसी तरह की एक स्कीम को बंद कर दिया गया। कृपाल ने जोर देकर कहा कि इमामों और मुइज्जिनों को हर साल 10 करोड़ रुपए दिए जा रहे हैं। कहा कि यह पैसा उन लोगों को भी जा रहा है जो वक्फ बोर्ड से नहीं जुड़े हैं।

जबलपुर

शुक्रवार, 22 मार्च 2024

- फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-12
- वर्ष : 18 अंक : 319
- पृष्ठ : 2+6+6=14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 33
न्यून. 14

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**होली से पहले नॉर्दर्न रेलवे का बड़ा तोहफा**

## 40-50 फीसदी तक सस्ता हुआ रेल किराया, टिकट के दाम में बंपर कटौती

किराया वापस महामारी से पहले वाले दाम पर आ गया



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने रेल यात्रियों को होली से पहले बड़ा तोहफा दे दिया है। नॉर्दर्न रेलवे ने ट्रेन में सफर करने वाले लोगों राहत देते हुए टिकट दाम में कटौती का बड़ा ऐलान किया है।

रेलवे के अनुसार, कश्मीर घाटी की तरफ जाने वाली ट्रेनों का किराया कम कर दिया गया है। नए ट्रेन किराए तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। अब ट्रेन के सेकंड-क्लास में सफर करने वाले यात्रियों को किराए में 40-50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। गौर करने वाली बात है कि कोविड-19 महामारी के दौरान रेल किराए में बढ़ोतरी की गई थी जिसके बाद ट्रेन सफर महंगा हो गया था। हालांकि, अब नॉर्दर्न रेलवे के नए फैसला इस बात को बताता है कि रेलवे का लक्ष्य आम लोगों के लिए रेल सफर को साधारण किराए पर लाने के साथ और ज्यादा किफायती बनाना है।

**सुप्रीम कोर्ट में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का हलफनामा**

# चुनाव आयोग को सौंपा गया इलेक्टोरल बॉन्ड का सारा डेटा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। इसमें कहा गया कि उसने भारत के चुनाव आयोग को अल्फा न्यूमेरिक नंबर समेत सभी डिटेल दे दी है।



एसबीआई ने कहा कि हमारी तरफ से अब कोई भी जानकारी मौजूद नहीं है। हमने इलेक्टोरल बॉन्डस की सभी जानकारी इलेक्शन कमीशन को सौंप दी है।

**साइबर सिक्योरिटी को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक पार्टी का पूरा बैंक खाता नंबर पार्टी और बांड खरीदने वाले की केवाईसी जानकारी शेयर नहीं की गई**

### एसबीआई ने दायर किया हलफनामा



एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर कहा है कि हमने कोर्ट के आदेश के मुताबिक चुनावी बॉन्ड्स से जुड़ी सभी डिटेल तय समय से पहले ही इलेक्शन कमीशन को दे दी है। इस बार दी गई जानकारी में बॉन्ड का अल्फा न्यूमेरिक नंबर यानी यूनीक नंबर, बॉन्ड की कीमत, खरीददार का नाम, भुगतान पाने वाली पार्टी का नाम, पार्टी के बैंक अकाउंट की आखिरी चार डिजिट नंबर, भुनाये गए बांड की कीमत और नंबर शामिल हैं। साइबर सिक्योरिटी को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक पार्टी का पूरा बैंक खाता नंबर, पार्टी और बांड खरीदने वाले की केवाईसी जानकारी शेयर नहीं की गई है।

### कोर्ट ने जाहिर की थी नाराजगी

18 मार्च को चुनावी बांड मामले में एसबीआई को सुप्रीम कोर्ट की आलोचना झेलनी पड़ी। सीजेआई ने सवाल किया कि अदालत के आदेश के बावजूद एसबीआई ने सारी जानकारी का खुलासा क्यों नहीं किया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि हम चुनावी बांड के बारे में सारी जानकारी चाहते हैं। कोर्ट ने कहा था कि जब हम कहते हैं कि हमें सारी जानकारी चाहिए, तो सारी जानकारी जारी की जानी चाहिए।







## खबर संक्षेप

### जयपुर में आग से 5 जिंदा जले, 3 बच्चे भी

**जयपुर।** शहर के विश्वकर्मा में दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक मकान में भीषण आग लगने से 5 लोगों की जलकर मौत हो गई। विश्वकर्मा के जैसल्या गांव में आग की चपेट में तीन मासूम बच्चों समेत पूरे परिवार की मौत हो गई। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। सभी मृतक बिहार निवासी बताए जा रहे हैं।



### वॉट्सएप यूजर्स का खाली हो सकता है बैंक अकाउंट

**नई दिल्ली।** दुनिया के सभी एंड्रॉयड वॉट्सएप यूजर्स के लिए सबसे बड़ी चेतावनी है। आपका वॉट्सएप किसी भी वक्त हैक हो सकता है और बैंक अकाउंट को भी खाली किया जा सकता है। दरअसल यह पूरा मामला एक मैलवेयर से जुड़ा है जिसका नाम पिक्सपायरेट है। इसको लेकर आईबीएम ट्रस्टीयर ने अलर्ट जारी किया है।

**शराब घोटाले में डिप्टी सीएम, मंत्री के बाद मुख्यमंत्री**


# 'आप' आइए... केजरीवाल के घर घुसी ईडी, गिरफ्तार कर ले गई!

**सर्च वारंट लेकर पहुंचे थे अफसर**

*दिल्ली के कथित शराब घोटाले मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया। लगातार 9 समन भेजने के बाद ईडी की टीम 10वें समन के साथ गुरुवार शाम केजरीवाल के घर पहुंच गई है। ईडी के संयुक्त निदेशक कपिल राज भी केजरीवाल के आवास पर मौजूद रहे। इससे पहले केजरीवाल से उनके आवास पर करीब दो घंटे पूछताछ हुई।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली शराब घोटाला मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगा। उन्हें गिरफ्तारी से राहत नहीं मिली है। हाईकोर्ट ने केजरीवाल को दंडात्मक कार्रवाई से कोई अंतरिम सुरक्षा देने से इंकार कर दिया। इसके फौरन बाद सीएम के घर में ईडी की एक टीम पहुंच गई और केजरीवाल को 10वां समन सौंपा। ईडी की टीम ने मुख्यमंत्री आवास के कर्मचारियों को यह भी बताया कि उसके पास तलाशी वारंट है। इसके बाद ईडी की टीम ने करीब दो घंटे उनसे पूछताछ की। इस दौरान सीएम आवास के बाहर बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात रहा, वहीं धारा 144 लगा दिया गया।



### क्या है शराब घोटाला

17 नवंबर 2021 को दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने एक्साइज पॉलिसी 2021-22 को लागू किया। नई पॉलिसी के तहत, शराब कारोबार से सरकार बाहर आ गई और पूरी दुकानें निजी हाथों में चली गईं। दिल्ली सरकार का दावा था कि नई शराब नीति से माफिया राज खत्म होगा और सरकार के रेवेन्यू में बढ़ोतरी होगी।

### जेल से चलाएंगे सरकार

आप की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। वे जेल से ही सरकार चलाएंगे। गिरफ्तारी के बाद आतिशी ने कहा कि कानूनी विकल्पों पर विचार किया जाएगा। इस बीच दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज भी केजरीवाल के घर के बाहर पहुंचे थे।

### हाईकोर्ट से नहीं मिली थी राहत

सीएम अरविंद केजरीवाल को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने कहा कि इस स्तर पर हम अंतरिम राहत देने के इच्छुक नहीं हैं। ईडी की ओर से जारी 9वें समन में भी सीएम केजरीवाल पेश नहीं हुए। केजरीवाल ने इस समन पर सवाल उठाते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई कर रहे जजों नें ईडी से केजरीवाल के खिलाफ सबूत दिखाने को कहा है।

**राहुल गांधी का केंद्र पर आरोप**

## हमारे बैंक खाते फ्रीज किए गए हम प्रचार तक नहीं कर पा रहे



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार और भाजपा पर बड़ा हमला बोला है। गुरुवार को कांग्रेस पार्टी के तीन दिग्गजों मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया कि कांग्रेस पार्टी के बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिए गए हैं, जिस वजह से वह प्रचार नहीं कर पा रही है। राहुल ने कहा कि एक महीने पहले कांग्रेस पार्टी के सारे बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिए गए। अगर किसी परिवार के बैंक अकाउंट फ्रीज करेंगे तो वह भूखा मर जाएगा। यह कांग्रेस पार्टी के साथ किया गया लेकिन किसी संस्था ने, कोर्ट ने, चुनाव आयोग ने, किसी ने कुछ नहीं कहा। आज हम रेलवे टिकट नहीं खरीद सकते, हम अपने नेताओं को एक जगह से दूसरे जगह नहीं भेज सकते। राहुल गांधी ने बताया कि मुद्दा सात साल पुराना है और 14 लाख रुपए का मुद्दा है, जिस वजह से कांग्रेस पार्टी के सारे बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिए गए।

**विदिशा में ट्रैक्टर से रौंदकर हत्या**

## मामूली विवाद के बाद पिता पुत्र ने युवक पर चढ़ाया ट्रैक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

खेरूआ पडरात में मामूली विवाद के बाद बाप और बेटे ने ट्रैक्टर चढ़कर एक युवक की हत्या कर दी। मामला ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरखेड़ा गंभीर के ग्राम खेरूआ पडरात का है। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए ग्यारसपुर अस्पताल पहुंचाया मृतक बावलिया गांव का रहने वाला है। मृतक की शिनाख्त संदीप पिता थान सिंह लोधी के रूप में हुई है। बताया गया कि बुधवार को मृतक संदीप लोधी के खेत में कुआं खुद रहा था। इस दौरान कुएं की मिट्टी पास के खेत में चली गई। इस पर खेत मालिक लक्ष्मी लोधी ने इस बात पर विवाद करने लगा। उस समय तो आसपास के लोगों ने मामला शांत कराया।



**नरोत्तम बोले- कांग्रेस छोड़ने का 'गिनीज बुक रिकॉर्ड' बन जाए तो बड़ी बात नहीं**

**सीएम डॉ.यादव एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने दिलाई सदस्यता**

## भाजपा के घर को रोशन करेगा कमलनाथ का 'दीपक', अजय सिंह के लोगों ने भी छोड़ा साथ

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के अपने उनका साथ छोड़ रहे हैं। सैयद जाफर के बाद अब उनके घर के 'दीपक' भाजपा को रोशन करेंगे। जी हां, हम बात कर रहे हैं कमलनाथ के सबसे खास दीपक सक्सेना की, जिन्हें कमलनाथ सरकार बनने पर प्रोटेम स्पीकर बनाया गया था। उन्होंने सभी पदों के साथ कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार को उनका बेटा अजय सक्सेना गाड़ियों के काफिले के साथ भोपाल आया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा की मौजूदगी में भाजपा ज्वॉइन कर ली।

### मैहर से चार बार जीते नारायण बसपा में




भाजपा, कांग्रेस और सपा में रहकर राजनीति कर चुके और दल बदलने में अव्वल नारायण त्रिपाठी अब हाथी की सवारी करेंगे। वे गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी में शामिल हो गए। माना जा रहा है कि सतना लोकसभा सीट से वे बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। खास बात यह है कि भाजपा से अलग होने के बाद उन्होंने नया दल बनाकर विधानसभा चुनाव लड़ा था।

### अजय का गोंगपा से नामांकन, फग्गन ने भी भरा फार्म

भाजपा से त्याग पत्र देने वाले राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह ने अपना नया ठिकाना ढूंढ़ लिया है। वे गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) के टिकट पर सीधी से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने गोगपा की ओर से नामांकन दाखिल कर दिया है। केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने भी मंडला से नामांकन दाखिल कर दिया।






## ज्ञानवापी की तरह ही 'धार भोजशाला' का आज से शुरू होगा एएसआई सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

धार जिले के भोजशाला का ज्ञानवापी की तरह सर्वे किया जाएगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग शुक्रवार से सर्वेक्षण शुरू करने जा रहा है। सर्वे के दौरान मुख्य रूप से यह बात सामने आ सकती है कि यहां किस तरह के सिंबल हैं। यहां पर किस तरह की वास्तुकला है? साथ ही यह भी साफ हो जाएगा कि इसकी उम्र कितनी है। कुछ दिन पहले मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर पीठ ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को भोजशाला में सर्वे करने का आदेश दिया था। यह याचिका हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने दायर की थी। याचिका में मांग की गई है कि मुसलमानों को भोजशाला में नमाज पढ़ने से रोका जाए और हिंदुओं को नियमित रूप से पूजा करने का अधिकार दिया जाए। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने एएसआई को सर्वे करने का आदेश दिया। हाईकोर्ट ने इससे पहले सभी पक्षों को सुनने के बाद फरवरी में फैसला सुरक्षित रख लिया था। गुरुवार को कलेक्टर प्रियंका मिश्रा और एसपी मनोज कुमार सिंह ने स्थल का निरीक्षण किया और यहां की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। यहां तक की अंदर मोबाइल कैमरा व किसी भी तरीके से फोटो खींचने या वीडियो ग्राफी करने की मनाई हो गई है।






सेलिब्रेशन

शिखर चंद जैन



# दुनिया भर में मचती है होली की धमाल

बच्चों, होली सिर्फ अपने देश भारत ही में नहीं दुनिया के कई देशों में मनाई जाती है। कई देशों ने तो होली से प्रभावित होकर अपने देश में भी होली की शुरुआत कर दी है। आओ जानते हैं, विदेशों में होली कैसे खेली जाती है?

## द कलर रन

**ब्रिटेन** की राजधानी लंदन में भी होली के रंगों की बहार देखी जा सकती है। यहां 'द कलर रन' नाम का फेस्टिवल मनाया जाता है। इस अवसर पर खूब मौज-मस्ती और रंगों की बौछार के साथ जॉगिंग और रनिंग भी होती है। अपने नाम के मुताबिक ही इस फेस्टिवल में हिस्सा लेने वाले एकदम सफेद झक शर्ट पहन कर पांच किलोमीटर की दौड़ लगाते हैं। हर एक किलोमीटर का सफर तय करने पर रनर पर रंगों और तरह-तरह के गुलालों की बौछार की जाती है। *



## बोरायोंग मड फेस्टिवल

**साउथ कोरिया** से करीब 200 किलोमीटर दूर साउथ ऑफ सियोल में हर वर्ष गर्मियों में 'बोरायोंग मड फेस्टिवल' मनाया जाता है। अपने नाम के अनुसार ही इस फेस्टिवल में लोग एक-दूसरे पर कीचड़ और गीली मिट्टी लगाते हैं। लोगों को इस फेस्टिवल में खूब मजा आता है। यह फेस्टिवल निश्चित रूप से भारत के फाग उत्सव से ही प्रेरित है। *

## गार्मा फेस्टिवल



**ऑस्ट्रेलिया में** लोग रंगों के फेस्टिवल को गार्मा फेस्टिवल नाम से मनाते हैं। इस फेस्टिवल में शरीर को चमकीले और चटख रंगों से रंग कर पूरे दिन धमाल और नाच-गाना किया जाता है। यह फेस्टिवल ऑस्ट्रेलिया में अर्नहेम के गुलकुला नामक स्थान में मनाया जाता है। *

## लाइफ इन कलर



**बच्चों, जिस** त्योहार का नाम ही 'लाइफ इन कलर' यानी रंगों में जीवन हो, वह कितना जीवंत त्योहार होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है। फ्लोरिडा (अमेरिका) में आयोजित किया जाने वाला यह फेस्टिवल ज्यादा पुराना नहीं है। इसे 2011 में एक कॉलेज फेस्ट के रूप में शुरू किया गया था। इस अवसर पर लोगों को रंगों से खेलना इतना पसंद आया कि अब यह फेस्टिवल हर साल सिर्फ फ्लोरिडा में ही नहीं, पूरी दुनिया में चर्चित हो चुका है। यह फेस्टिवल दुनिया की सबसे बड़ी पेंट पार्टी के रूप में पॉपुलर फेस्टिवल बन चुका है। *

## होली गार्डन फेस्टिवल



**स्पेन के** इबिजा द्वीप में भारत की होली से इंस्पायर होकर लोग 'होली गार्डन फेस्टिवल' मनाते हैं। इबिजा के बेनीमूसा पार्क में इस फेस्टिवल को बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। इसके अलावा और भी कई शहरों में इस फेस्टिवल को मनाया जाता है। सबसे पहले इबिजा में 21 अगस्त 2014 को पर्यटकों ने इस फेस्टिवल को मनाया था। इसके बाद हर साल इसे धूमधाम से मनाया जाता है। यह फेस्टिवल शाम 4.30 बजे शुरू होता है, जो मध्य रात्रि तक मनाया जाता है। *

## होली वन



**भारत के** पर्व होली ने दुनिया भर के लोगों को इतना मोह लिया है कि यह पर्व हर देश मानना चाहता है। साउथ अफ्रीका के केप टाउन में होली की तरह एक पर्व 'होली वन' के नाम से मनाया जाता है। इस दौरान हजारों लोग सफेद कपड़े पहनकर रंगों में सराबोर हो जाते हैं। इस दौरान खूब मौज-मस्ती करते हैं। यहां हमेशा इको फ्रेंडली, स्किन के लिए सेफ कलर ही यूज किए जाते हैं। साथ ही इस फेस्टिवल के दौरान शराब पीना, कांच तोड़ना या कीचड़ का इस्तेमाल करना सख्त मना होता है। केप टाउन में 'होली वन' फेस्टिवल बहुत शालीनता से मनाया जाता है। *

कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

नमन और गौरव बहुत अच्छे दोस्त हैं। लेकिन गौरव एक बात को लेकर नमन से नाराज हो गया। नमन ने होली के दिन उसके गुलाल लगाकर मनाने की सोची। क्या गौरव ने अपनी नाराजगी भूलकर नमन के गुलाल लगाने पर उसे गले लगाया?

# हैप्पी होली



होली नमन का सबसे पसंदीदा त्योहार है। पिछले साल तो नमन को होली का विशेष रूप से इंतजार था, क्योंकि उसे अपने दोस्त गौरव को गुलाल लगाकर मनाना था। कुछ दिन पहले गौरव ने उससे व्हाट्सएप पर एग्जाम की तैयारी वाली वर्कशीट्स मांगी थी। नमन ने देने के लिए हां तो कर दी, लेकिन बाद में भूल गया। वह दो-तीन दिन के लिए मम्मी-पापा के साथ अपने एक रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने के लिए भोपाल चला गया था।

बस इसी बात से गौरव नाराज हो गया। गौरव को लगा, नमन ने उसे जानबूझकर वर्कशीट नहीं दी। हालांकि नमन ने गौरव से कहा कि उसके मन में ऐसी कोई बात नहीं थी। बस वर्कशीट भेजने की बात उसके दिमाग से ही निकल गई। नमन ने गौरव को बहुत समझाने की कोशिश की पर वह माना ही नहीं। नमन ने सोचा कि होली पर गौरव के घर जाकर उसे प्यार से गुलाल लगाएगा तो वह जरूर मान जाएगा। होली वाले दिन नमन अपनी पिचकारी और गुलाल की थैली लेकर गौरव के घर जा पहुंचा। उसने कई बार डोर बेल बजाई, लेकिन किसी ने दरवाजा ही नहीं खोला। बहुत देर तक डोर बेल बजाते रहने के बाद गौरव की दादी ने दरवाजा खोला। नमन ने उनके पांव छुए। दादी ने उसके सिर पर हाथ रखकर ढेर सारा आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया, 'गौरव को बुखार है, इसलिए वह होली नहीं खेल पाएगा।' यह सुनकर नमन उदास हो गया। अपनी पिचकारी और गुलाल वहीं गमले के पास रखकर वह भीतर गया तो देखा, गौरव अपने कमरे में सो रहा है। दादी ने नमन को गुझिया खिलाई। गौरव के मम्मी-पापा ने भी नमन को होली की शुभकामनाएं दीं।

नमन वापस आने को ही था कि गौरव की आवाज सुनाई दी, 'कौन है मम्मी?' नमन तुरंत गौरव के कमरे में गया। उसके पास जाकर बहुत प्यार से बोला, 'हैप्पी होली गौरव। दोस्त मुझे माफ करना, मैंने तुम्हारा दिल दुखाया है।'

यह सुनकर गौरव बोला, 'अरे नहीं, मैंने ही तुम्हें गलत समझा। तुम तो मुझे कितने ही सालों से पढ़ाई में मदद करते आए हो। मैं एक बार जरा सी भूल होने पर नाराज हो गया। माफी तो मुझे मांगनी चाहिए। मैंने सोचा था कि इस बार होली पर आकर तुम्हें गुलाल लगाकर सॉरी कहूंगा, लेकिन तबीयत ही खराब हो गई।'

नमन तुरंत बोला, 'मुझे खुशी है, हमारी दोस्ती का मुरझाया फूल एक बार फिर से खिल उठा है।' इसी बीच दादी थोड़ा-सा गुलाल लेकर आ गईं। दोनों बच्चों ने एक-दूसरे के गालों पर बहुत प्यार से गुलाल लगाया और बोले, 'हैप्पी होली!' *

## जीके क्विज-96

1. लोकसभा चुनावों के साथ किस पूर्वोत्तर राज्य में विधान सभा के चुनाव भी होंगे?
2. हाल में नियुक्त दो चुनाव आयुक्त कौन हैं?
3. देश के अगले लोकसभा के चुनाव कब से शुरू होंगे?
4. दूध की शुद्धता किससे नापी जाती है?
5. कीर्ति मंदिर स्थान का नाम किस महापुरुष से संबंधित है?
6. राइट बंधुओं का नाम किस खोज से जुड़ा है?
7. घूमर लोकनृत्य किस राज्य का लोकनृत्य है?
8. कर्क रेखा देश के कितने राज्यों में से होकर गुजरती है?
9. भारत में सबसे लंबी दूरी तक बहने वाली नदी कौन सी है?
10. ब्लादिमिर पुतिन एक बार फिर किस देश के राष्ट्रपति चुने गए?



**बच्चों, जीके क्विज-96 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-95 का उत्तर :** 1-नायब सिंह सैनी, 2- अग्नि 5, 3-शुतुरमुर्ग का अंडा, 4-मंगल ग्रह, 5-असम, 6-पश्चिम बंगाल, 7-दूध, 8-नालंदा विश्वविद्यालय, 9-भूटान, 10-आंध्र प्रदेश

**जीके क्विज-95 का सही उत्तर देने वाले:** ईशान-अहमदाबाद, सरबजीत-करनाल, रौनक-जांजगीर चांपा, आकांक्षा-अहमदाबाद, जयप्रकाश-मेल से, विजय प्रकाश-सिंगरौली, कबीर-हिसार, गीतेश-रायपुर, करन-मेल से, यश-धरसवा

## बूझो तो जानें



1
प्यारा रंगों का त्योहार
फागुन में आता हर बार।
उड़ता खूब अबीर, गुलाल
जल्दी बतलाओ मेरा नाम।।



2
प्लास्टिक या लोहे की होती
रंगों से है खूब भिगोती।
होली के दिन आती काम
बच्चों बताओ मेरा नाम।।

3
मेवा-मावा से है भरी
तली हुई प्लेटों में धरी।
फूला-फूला उसका पेट
नाम बताओ, करो ना देर।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर: 1-होली, 2-पिचकारी, 3-गुझिया

कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

केतन अपने पापा और मामा जी के साथ होली के लिए बाजार में पक्के रंग खरीदने आया तो मामा जी रंग खरीदने के बजाय सब्जियां खरीदने लगे। खीझ कर जब केतन ने टोका तो मामा जी बोले, 'दिला तो दिए रंग!' पहले तो केतन को मामा जी की बात समझ नहीं, जब समझ में आई तो वह खुशी से चहक उठा। केतन इतना खुश क्यों हो गया?

# महकते हुए रंग



केतन स्कूल से घर आया तो चहकते हुए बोला, 'मम्मी! मुझे सौ रुपए दो।'

'सौ रुपए? अरे! भला क्यों!' मम्मी ने जानना चाहा।

'अरे मम्मी, होली आ रही है न। मुझे पक्के रंग खरीदने हैं। पता है, इस बार तो मैं अपने दोस्तों को खूब रंगूंगा। और वह जो दीपू है न, जो बिल्कुल नन्हा हाथी-सा लगता है। उसे तो चाहे कुछ भी हो जाए, मैं उसे सफेद पेंट से रंगूंगा। थाईलैंड का हाथी लगेगा वह.. हा.. हा हा..।'

'थाइलैंड का?' मम्मी चौंकीं, 'क्या मतलब!!' 'अरे मम्मी, बस... रुपए दो। ज्यादा बात नहीं अभी।' केतन मचला।

'लेकिन बताओ तो सही, मैं भी तो जानूं।' मम्मी बोलीं। केतन ने बताया, 'अरे मम्मी, थाइलैंड में सुनते हैं कि सफेद हाथी होते हैं। उसे सफेद हाथियों का देश कहा जाता है।'

मम्मी हंस पड़ीं, 'लेकिन मेरे पास तो रुपए हैं नहीं। पापा आएं तो उनसे लेना।'

ऊं हूं...।' केतन ने पैर पटके और अपने कमरे में चला गया। शाम को पापा आए तो उनके साथ मामा जी भी थे। केतन उन्हें देखते ही चहक उठा, 'मामा जी, हैप्पी होली इन एडवांस।' 'हैप्पी होली, प्यारे..।' मामा जी ने आंखें मटकाईं फिर बोले, 'और होली पर क्या तैयारी है भांजेश्री?'

'कोई तैयारी नहीं मामा जी। आज दोपहर में ममा से रुपए मांगे थे। उन्होंने दिए ही नहीं।' फिर जैसे अचानक केतन को याद आ गया कि पापा से तो रुपए लेने हैं। वह मचलते हुए बोला, 'पापा, रुपए दीजिए। मुझे रंग लाना है।' मम्मी बीच में बोल पड़ीं, 'पापा और मामा से न पानी पूछा, न चाय। बस, अपनी फरमाइश पेश कर दी।'

'ओह मम्मी, वह तो आपका काम है न। मुझे तो रंग लाना है।' केतन हाथ हिलाते हुए बोला। मामा हंस पड़े, 'अरे! मैं तो सोचता था कि केतन बड़ा हो गया है, लेकिन यह तो अभी तक बच्चा ही है।'

'हां, बच्चा ही तो हूं मामा जी।... मुझे तो रंग लेने हैं। खूब गहरे और कभी न छूटने वाले।' केतन एकदम छोटा बच्चा-सा बन गया। 'ठीक है, ठीक है, चिंता न करो। रंगों के सेलेक्शन में मैं तुम्हारी मदद करूंगा।' मामा जी केतन के कंधे पर हाथ रखते हुए बोले। 'तो आप अभी बाजार चलेंगे न!' केतन ने बात पक्की करनी चाही।

'हां, हां.. चलेंगे.. जरूर चलेंगे।' मामा जी ने श्योर किया।

चाय-नाश्ता कर मामा और पापा के साथ केतन उछलता हुआ बाजार चल दिया। रास्ते में रंगों की दुकान दिखी। केतन पापा को उधर खींचने लगा, लेकिन मामा जी उन्हें दूसरी ओर ले गए। उधर एक बूढ़ी अम्मा पालक बेच रही थीं। मामा जी ने सारी खरीद ली।

केतन बोला, 'अब लें रंग...।' लेकिन मामा जी तो चुपचाप आगे बढ़ गए। उधर चुकंदर बिक रहे थे। मामा ने पांच किलो खरीद लिए। केतन खिसियाया, 'मामा जी, आपको सब्जी की पड़ी है। अरे! पहले रंग...!' मामा जी हंसे, 'अरे घबराओ नहीं, ले लेंगे।'

केतन अनमना-सा रंग की दुकानें देख रहा था। मामा जी तो इधर-उधर सब्जी और फलों की दुकानें ताक रहे थे। अब वे संतरे की दुकान पर ठिठक गए। दो दर्जन संतरे लिए। फिर डैडी से बोले, 'गाजर किधर मिलेंगी?

केतन झुंझला-सा गया, 'मामा जी, क्या आप भी...! अरे! अब बस भी करिए। ...गाजर तो मम्मी ने कल ही खरीदी थी।'

मामा जी इधर-उधर कुछ खोजते हुए बोले, 'अच्छा, तब ठीक है, लेकिन धनिया और पुदीना तो ले लें, फिर घर चलते हैं।'

'घर चलेंगे ...!' केतन मुंह बिचका कर बोला। मामा जी उसे देखकर जोर से हंस पड़े और बोले, 'केतन जी को गुस्सा आया, केतन जी ने मुंह बिचकाया।'

'मामा जी! आपकी सब्जियां देखकर मुंह बिचका रहा हूं।' केतन रुआंसा हो गया था। उसने पैर पटके। अपने पापा से बोला, ' आप रंग कब दिलाएंगे?'

'अरे! दिला तो दिए।' बीच में ही मामा जी बोले। 'कब..?' केतन आंखें फाड़कर बोला। मामा जी ने बताया, 'प्यारे, इन सब्जियों में ही तो रंग छिपे हैं, नेचुरल रंग। कल देखना, इनसे मैं कैसे कितने सारे रंग तैयार करता हूं। इन रंगों से कोई नुकसान भी नहीं होगा। जो रंग बाजार में बिक रहे हैं, उनमें केमिकल होता है। इस बार हम प्राकृतिक रंगों से होली खेलेंगे। घर पर रंग बनाएंगे, नए ढंग से होली मनाएंगे।'

केतन चहक उठा, 'अब समझा, आप तो नेचुरल रंग खरीद रहे थे। मैं तो बेकार में ही परेशान हो रहा था। मामा जी, मैंने घर में गुलाब के पौधे लगाए हैं। आप इनमें गुलाब के फूल भी डाल दीजिएगा। फिर तो महकते हुए रंग तैयार होंगे न!'

'वाह! प्यारे, तुम तो वास्तव में बहुत होशियार हो।' पापा और मामा जी दोनों एक साथ बोले। केतन उछलता-कूदता उनके साथ घर की ओर चल दिया। *

कविता

सूर्य कुमार पांडेय



## फूलों की रंगीन डाली है होली

अनोखी है होली, निराली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
कोई फाग, कोई कबीरों में डूबा,
कोई है गुलालों-अबीरों में डूबा।
हरी, लाल, पीली है, काली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
कोई खा गया, देखो मेवे फटाफट,
कोई कर गया सारे पापड़ सफाचट।
महापेटुओं वाली थाली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
भुलाकर हर नफरत, गले मिलना सीखो,
हो तुम फूल तो, फूल-सा खिलना सीखो।
कि फूलों की रंगीन डाली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।

## रंग भरो-146

**रंग भरो-146** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





जतिन, कोंडागांव



अंजलि, फरीदाबाद



पलक, धमतरी



गौरांग, रायपुर



अंकिता, धमतरी



सुयश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

संध्या साहू-दुर्ग, वेदिका-बालोद, पवन-जींद, हर्षिता-भोपाल, अमन-भिलाई, हरीश-जबलपुर, पूजा-रोहतक, मलाइका-कोरबा, अनिल-दिल्ली, वैदेही-रायपुर, प्रकाश-करनाल, राजू-डोंगरगढ़, प्रतिमा-जशपुर, अभिलाषा-महेंद्रगढ़, रानी-बस्तर, राजेश-दुर्ग

## रंग भरो 147



बच्चों, यहां पर पिचकारी में रंग भरकर होली खेलते हुए एक बच्चे का चित्र दिया गया है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## गिनकर बताओ

बच्चों, दिए गए चित्र में कई सारी पिचकारियां दिख रही हैं। तुम्हें जल्दी से गिनकर बताना है कि चित्र में पिचकारियों की कुल संख्या कितनी है?



उत्तर: 30 पिचकारियां

# कान्हा की नगरी 'बरसाने में बरस' रहा खुशियों का रंग



बरसाने में पुलिस ने भी लिया लठमार होली का आनंद

**हुरंगा होली** हुरंगा होली 26 मार्च को बलदेव के दाऊजी मंदिर में खेली जाएगी। ये होली बहुत ही खास होती है। इस दिन भाभियां अपने देवरों के साथ होली खेलती हैं और गीले सुते कपड़ों से उन्हें मारती हैं। इसी परंपरा को हुरंगा होली के नाम से जाना जाता है।

*मथुरा। जब भी होली की बात होती है तो सभी के जहन में मथुरा-वृंदावन की होली याद आ जाती है। कृष्ण-राधा की नगरी मथुरा, वृंदावन, बरसाना में बहुत दिनों तक और बहुत खास अंदाज में ये त्योहार मनाया जाता है। जिसमें हर कोई शामिल होना चाहता है। भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों के लोग बरसाने में बरसने वाले खुशियों में रंग में सरावोर होना चाहते हैं। यहां हजारों की संख्या भक्तों की भीड़ जुटती है। यहां सिर्फ रंग नहीं बरसते कभी फूल,रंग,लड्डू और लठमार भी बरसते हैं।*

### छड़ीमार होली

गोकुल में मनाई जाने वाली छड़ीमार होली में महिलाएं हाथ में लट्ठ के बजाए छड़ी बरसाती नजर आती हैं। जिसका मुख्य कारण ये है कि जब भगवान श्री कृष्ण बचपन में गोपियों को परेशान करते थे तो गोपियां उन्हें छड़ी से मारती थीं। अब ये एक परंपरा बन चुकी है। इस साल ये गोकुल में गुरुवार को मनाई गई

### लठमार और लड्डूमार होली

राधा रानी के गांव बरसाने में राधा रानी मंदिर में लठमार होली खेली जाती है। ये होली दुनियाभर में खासी फेमस है। दरअसल लट्ठमार होली बहुत ही अनोखी होती है, जिसमें महिलाएं लाठी से पुरुषों पर लठमार बरसाती है और पुरुष जिन्हें हुरियारे भी कहा जाता है वे ढाल से अपनी रक्षा करते हैं।

### फूलों वाली होली

वृंदावन में रंग गुलाल के अलावा फूलों वाली होली भी खेली जाती है। इस दिन लोग फूलों को एक-दूसरे पर बरसाते हैं। इस साल 21 मार्च यानी गुरुवार को मथुरा, बरसाना और वृंदावन में फूलों से होली खेली गई। साथ ही इस दिन कृष्ण की जन्मभूमि और मथुरा में भी बेहतरीन रूप से होली मनाई गई।



### तरह-तरह की होली

यहां होली सिर्फ रंगों की नहीं बल्कि लड्डू, लठमार, फूलों वाली होली, छड़ीमार होली और हुरंगा होली जैसे अलग-अलग तरीकों से इस त्योहार को सेलीब्रेट किया जाता है।

---

देश के सबसे हाई सिक्योरिटी जोन में रची जा रही बड़ी साजिश!

## हड़कंप: एक ही नंबर की दो एसयूवी बरामद, जांच में जुटी कई एजेंसियां

### दिल्ली पुलिस ने आईपीसी की धारा 482 और 471 के तहत मामला दर्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली के लुटियंस इलाके में बीते सोमवार को हडकंप मच गया था। लुटियंस इलाके में स्थित तुगलक रोड के हाई सिक्यॉरिटी जोन में 18 मार्च को एक ही नंबर की दो एसयूवी कारों को पुलिस ने पकड़ा था। सबसे पहले दोनों कारों को वीआईपी सिक्योरिटी में शामिल सुरक्षाकर्मियों ने देखा था और इसके बाद उन्होंने दिल्ली पुलिस को सूचना दी।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि आईपीसी की धारा 482 और 471 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और सिल्वर गाड़ी का मालिक फरीदाबाद का रहने वाला है। जैसे ही 18 मार्च शाम 6:19 बजे पुलिस को पीसीआर कॉल के जरिए शिकायत मिली, तुरंत पुलिस ने दोनों कारों को कब्जे में ले लिया। इसके बाद कारों की जांच की गई लेकिन उसमे से कुछ बरामद नहीं हुआ।





### तुगलक लेन में कई केंद्रीय मंत्रियों के आवास

तुगलक लेन में कई केंद्रीय मंत्रियों के आवास हैं। ऐसे में दिल्ली पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सफ़ेद इनोवा का एक टायर पंक्चर भी था और इसपर दावा भी किसी ने नहीं किया है। पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि गाड़ी को यहां पार्क किसने और क्यों किया था। सफ़ेद इनोवा का नंबर बदला गया है। ऐसे में पुलिस इस एंगल पर जांच कर रही है कि क्या किसी साजिश को अंजाम दिया जाना था? हालांकि अभी तक इस मामले पर पुलिस की ओर से कोई विस्तृत बयान नहीं दिया गया है। दिल्ली पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल, तुगलक रोड पर दो इनोवा क्रिस्टा गाड़ियां खड़ीं थीं। इनमें से एक सिल्वर और दूसरी सफेद कलर की थी। दोनों ही गाड़ियों पर का नंबर एचआर 87 जे 3289 था। इसके बाद जब पुलिस ने इसकी जांच की तो पता चला कि सिल्वर रंग की गाड़ी असली थी और उसका चेचिस नंबर मैच कर रहा था जबकि दूसरे का मैच नहीं कर रहा था। सफेद रंग की इनोवा का असली नंबर एचआर 38ए डी 9391 था।

---

### भारत को मिला अमेरिका का साथ, ड्रैगन को लगा दी जमकर फटकार

# अमेरिका ने चीन को चेताया, कहा अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने अरुणाचल प्रदेश पर चीनी बयानों के खिलाफ भारत का समर्थन किया है।



अमेरिकी विदेश विभाग के डिप्टी स्पोक्सपर्सन ने कहा कि अरुणाचल भारत का हिस्सा है और वो वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पार चीन के किसी भी इलाके पर दावे का विरोध करते हैं। अमेरिका ने यह बात चीन के अरुणाचल पर दावे वाले बयान के बाद कही है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9-10 मार्च को अरुणाचल का दौरा किया था। उन्होंने यहां 13 हजार फीट की ऊंचाई पर बनी सेला टनल का इनॉगरेशन किया था। चीन ने 11 मार्च को इसका विरोध करते हुए अरुणाचल को अपना हिस्सा बताया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के डिप्टी स्पोक्सपर्सन वेदांत पटेल ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा- अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है।

> *अमेरिका ने अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देते हुए चीन को फटकार लगाई है। अमेरिका ने कहा कि हम अरुणाचल को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देते हैं और वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार के हिस्सा पर चीन के दावे को गलत ठहराते हैं। चीन कई दफा अरुणाचल को अपना हिस्सा बता चुका है।*

### यहां किसी भी तरह की घुसपैठ गलत

*यहां किसी भी तरह की घुसपैठ गलत है और हम वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार सैन्य, नागरिक घुसपैठ या अतिक्रमण से किसी भी क्षेत्र पर होने वाले दावों के एकतरफा प्रयास का विरोध करते हैं। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और हम सैन्य या नागरिक द्वारा घुसपैठ या अतिक्रमण का पूरा विरोध करते हैं।*

### अमेरिका ने चीन को लगाई लताड़

इस सप्ताह की शुरुआत में, चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग जियाओगांग ने कहा था कि अरुणाचल चीन का हिस्सा है और बीजिंग अरुणाचल प्रदेश को कभी स्वीकार नहीं करता। इसी बयान पर अब अमेरिका ने चीन को लताड़ लगाई है। दक्षिण तिब्बत के रूप में दावा करता है और इसी दावों के तहत नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है।

### भारत बोला- अरुणाचल हमारा हिस्सा था, है और रहेगा

*चीन के बयान पर भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा था- पीएम नरेंद्र मोदी समय-समय पर राज्यों का दौरा करते रहते हैं। ऐसे दौरों या विकास योजनाओं का विरोध नहीं किया जा सकता। अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का हिस्सा था, है और रहेगा। हम चीन के सामने यह बात पहले भी कई बार रख चुके हैं।*

**पीएम ने सुरंग का किया था उद्घाटन**

9 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था। ये सुरंग रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को कनेक्ट करता है।

---

### खैबर पख्तूनख्वा में धमाका, 2 की मौत



**पेशावर।** पाकिस्तान लगातार आतंकवादी हमलों का सामना कर रहा है। अभी एक दिन पहले पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट पर भीषण आतंकी हमला हुआ था, जिसमें पाकिस्तान के 2 सैनिक मारे गए थे। इस दौरान जवाबी कार्रवाई में 8 हमलावरों को भी सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। मगर उसके एक ही दिन बाद आज फिर पाकिस्तान आतंकवादी हमले से दहल गया है। पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर क्षेत्र में बृहस्तपतिवार को एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटक लदे वाहन से सुरक्षा बलों के काफिले में शामिल गाड़ियों को टक्कर मार दी। जिससे कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में उस समय हुई जब सुरक्षा बलों का काफिला जिले के एक हिस्से से दूसरे हिस्से की ओर जा रहा था।

---

### भारत के प्रति बताई अपनी निष्ठा

## समा शब्बीर ने अपने पिता और अलगाववादी नेता शब्बीर शाह से तोड़ लिया खून का रिश्ता

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जेल में बंद अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह की बेटी समा शब्बीर ने भारत संघ की संप्रभुता के प्रति अपनी निष्ठा की घोषणा करते हुए गुरुवार को अपने पिता की डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी (डीएफपी) से खुद को अलग कर लिया। सार्वजनिक नोटिस में कश्मीर में सीबीएसई की पूर्व टॉपर 23 वर्षीय छात्रा ने एक वफादार भारतीय नागरिक के रूप में अपनी स्थिति पर जोर दिया और स्पष्ट रूप से अपने पिता द्वारा स्थापित प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन से खुद को दूर कर लिया।



शब्बीर शाह फिलहाल धनशोधन और आतंक के वित्तपोषण के आरोप में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। शाह की बड़ी बेटी समा ने नोटिस में कहा, मैं भारत की एक वफादार नागरिक हूं और मैं ऐसे किसी भी व्यक्ति या संगठन से संबद्ध नहीं हूं जो भारत संघ की संप्रभुता के खिलाफ है। समा शब्बीर ने कहा कि मैं किसी भी तरह से डीएफपी या इसकी विचारधारा से जुड़ी नहीं हूं। उन्हें अलगाववादी समूह से जोड़ने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शब्बीर पर आतंकी वित्तपोषण के आरोप

बता दें कि शब्बीर अहमद शाह (70) को 2017 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आतंकी वित्तपोषण से जुड़ी कथित धन शोधन गतिविधियों को लेकर गिरफ्तार किया था। बाद में कथित आतंकी वित्तपोषण के लिए राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण द्वारा भी उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया था। यह मामला 2005 की घटना से उपजा था जिसमें एक कथित हवाला कारोबारी मोहम्मद असलम वानी को दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने काफी मात्रा में नकदी के साथ पकड़ा था।

### खैरात मांगने पहुंचे थे पाकिस्तान आर्मी चीफ



**इस्लामाबाद।** कंगाल पाकिस्तान की हालत अब इतनी खराब हो गई है कि आईएमएफ के लोन से भी उसका काम नहीं चल रहा है। यही वजह है कि रमजान के पवित्र महीने में अचानक से पाकिस्तानी आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर सऊदी अरब के दौरे पर पहुंच गए। सऊदी अरब और पाकिस्तान ने एक बयान जारी करके कहा कि इस दौरे का मकसद रक्षा सहयोग बढ़ाना था। हालांकि अब पाकिस्तानी मीडिया ने खुलासा किया है कि इस दौरे का असली उद्देश्य क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से कंगाल पाकिस्तान के लिए पैसे मांगना था।

---

### इस सर्वोच्च संस्था की विश्वसनीयता हो रही कम

## यूएनएससी: भारत का रास्ता रोककर पाकिस्तान दे रहा नसीहत

एजेंसी ▶▶ जिनेवा

पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से अपने प्रस्तावों को लागू करने के तरीकों पर गंभीरता से विचार करने का आह्वान किया है। इसके अलावा उसने डिमांड की है कि लंबे समय से चले आ रहे विवादों पर प्रस्तावों को लागू किया जाए। साथ ही कहा कि यूएनएससी को बढ़ती चुनौतियों का जवाब देने के लिए ज्यादा पारदर्शी, जवाबदेह, समावेशी और लोकतांत्रिक बनना चाहिए। सुरक्षा परिषद के पुनर्गठन के उद्देश्य से लंबे समय से चल रही वार्ता मंगलवार को फिर शुरू हुई। राजदूत मुनीर अकरम ने प्रतिनिधियों से कहा कि यूएनएससी के प्रस्तावों के चयनात्मक कार्यान्वयन और गैर-कार्यान्वयन से विश्वसनीयता कम होती है।

> ***यूएनएससी को बढ़ती चुनौतियों का जवाब देने के लिए ज्यादा पारदर्शी, जवाबदेह, समावेशी और लोकतांत्रिक बनना चाहिए***

### सुधार के प्रयासों का आह्वान

*पाकिस्तान ने यूएन में सुधारों के मुद्दों से जुड़े एक सत्र में कहा कि अपने प्रस्तावों को लागू करने में विफलता सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता को कमजोर करती है और संयुक्त राष्ट्र चार्टर की ओर से सौंपी गई जिम्मेदारियों को पूरा करने की इसकी क्षमता में विश्वास को कम करती है। अपने बयान में पाकिस्तान ने सुरक्षा परिषद के कामकाज के तरीकों में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके अलावा पाकिस्तान ने सुरक्षा परिषद में सुधार के प्रयासों का आह्वान किया।*


### जिम्मेदारियों को पूरा करने की क्षमता में कमी

### पाकिस्तान करता रहा है भारत का विरोध

सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए फरवरी 2009 में महासभा में पांच प्रमुख मुद्दों पर पूर्ण पैमाने पर बातचीत शुरू हुई। इसमें सदस्यता की श्रेणियां, वीटो का प्रश्न, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व, सुरक्षा परिषद का विस्तारित आकार और उसके काम करने के तरीके शामिल हैं। सुरक्षा परिषद में सुधार पर एक सामान्य समझौते के बावजूद देश इसके विवरण पर विभाजित हैं। सुरक्षा परिषद में ग्रुप चार (भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान) स्थाई सीटें चाहते हैं।

### सुरक्षा परिषद 2.0 की जरूरत: भारत

इटली और पाकिस्तान ने यूनाइटिंग फॉर कंसेंसस (यूएफसी) ग्रुप बना रखा है। जो स्थाई सदस्यों का विरोध करता है। यूएफसी ने भारत के विरोध में सदस्यों की एक नई श्रेणी का प्रस्ताव दिया है। भारत ने इसके मॉडल का विरोध किया है। भारत ने कहा कि 21वीं सदी को संयुक्त राष्ट्र 2.0 की सख्त जरूरत है।



**खबर संक्षेप**

## रियलमी ने पेश किया रियलमी नार्जो 70 प्रो 5जी



**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन सेवा प्रदाता रियलमी ने अपनी नार्जो सीरीज में नया स्मार्टफोन रियलमी नार्जो 70 प्रो 5जी पेश किया है। रियलमी की नार्जो सीरीज में यूजर्स को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए स्मार्टफोन की एक स्टाइलिश श्रृंखला आती है। भारत में लगातार बढ़ते हुए 16 मिलियन यूजर्स के साथ रियलमी की नार्जो सीरीज अगली पीढ़ी के स्मार्टफोन पेश करती है।

## एक्सिस बैंक ने की विजेताओं की घोषणा



**नई दिल्ली।** एक्सिस बैंक ने 7-14 आयु वर्ग के बच्चों के लिए कला, शिल्प और साहित्य पर वार्षिक अखिल-भारतीय प्रतियोगिता स्पलैश के छह राष्ट्रीय विजेताओं की घोषणा की सभी छह फाइनलिस्टों को हैमलीज, फेबर कैसल, अमेरिकन टूरिस्टर और बोट जैसे साझेदारों की ओर से प्रत्येक को 1 लाख रुपए की स्कॉलरशिप मिलेगी, रोमांचक हैम्पर्स और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट दिए जाएंगे।

## डीसीबी और मर्केंटाइल बैंक पर लगा जुर्माना



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने एडवांस इंटरेस्ट रेट के कुछ निर्देशों का पालन न करने पर डीसीबी बैंक और तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक पर जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने बताया कि डीसीबी बैंक पर 63.6 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। वहीं आरबीआई के अनुसार तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक पर 1.31 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

## एशियन ग्रेनिटो ने रणबीर को बनाया ब्रांड एंबेसडर



**अहमदाबाद।** टाइल्स, इंजीनियर्ड मार्बल, क्वाट्र्ज और बाथवेयर ब्रांड्स में से एक एशियन ग्रेनिटो इंडिया लिमिटेड (एजीएल) बॉलीवुड हार्टथ्रोब रणबीर कपूर को अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में साइन करने की गर्व से घोषणा करता है

## गुड फ्राइडे के साथ शनिवार रविवार की छुट्टियां भी रद्द

# खुले रहेंगे आयकर विभाग के दफ्तर अगले हफ्ते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगले हफ्ते लॉन्ग वीकेंड के साथ चालू वित्त वर्ष का आखिरी दिन भी है। विभाग ने वित्त वर्ष को देखते हुए अगले हफ्ते के लॉन्ग वीकेंड को भी इनकम टैक्स ऑफिस खोलने के फैसला लिया है।

इसको लेकर आयकर विभाग ने एक सर्कुलर जारी कर जानकारी दी है कि 29 से 31 मार्च 2024 को सभी आयकर दफ्तर खुले रहेंगे। इस बार 29 मार्च 2024 को गुड फ्राइडे है। 30 मार्च को शनिवार और 31 मार्च को रविवार है। वहीं दूसरी तरफ 31 मार्च 2024 को चालू वित्त वर्ष 2023-24 का आखिरी दिन है, इस वजह से आयकर विभाग ने लॉन्ग वीकेंड को कैंसिल करने का फैसला लिया है। गौरतलब है कि अगर विभाग द्वारा यह फैसला नहीं लिया जाता तो टैक्सपेयर को टैक्स से जुड़े काम को निपटाने के लिए केवल 3 दिन का ही समय मिलता है। इस हफ्ते भी होली की वजह से सोमवार को सभी आयकर विभाग के ऑफिस बंद रहेंगे। ऐसे में टैक्सपेयर्स को सुविधा देने के लिए विभाग द्वारा यह कदम उठाया गया है।

### करदाता को निपटाना है ये काम

31 मार्च 2024 तक करदाता को टीडीएस कटौती के लिए सर्टिफिकेट को जमा करना होगा। इसके अलावा टैक्स सेविंग प्लान (एफडी, ईएलएसएस, यूलिप, पीपीएफ, एससीएसएस, एनएससी) में निवेश करने के लिए भी आखिरी तारीख 31 मार्च 2024 है। टैक्सपेयर्स को 31 मार्च 2024 तक 194एम या 194 आईए को भी भरना है।




### अगले लॉन्ग वीकेंड स्टॉक मार्केट रहेगा बंद

गुड फ्राइडे के दिन शेयर बाजार और बैंक बंद रहेंगे। स्टॉक मार्केट 30 और 31 मार्च को भी बंद रहेंगे। बैंक भी 31 मार्च 2024 रविवार को बंद रहेगा पर 30 मार्च (शनिवार) को खुला रहेगा। 30 मार्च 2024 पांचवा शनिवार है इस

## अरहर, मसूर एवं उड़द के आयात की निरंतरता बनाए रखने के लिए

# केंद्र सरकार ने शुल्क मुक्त आयात की समय सीमा 31 मार्च 2025 तक बढ़ाई

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अरहर (तुअर), मसूर एवं उड़द दलहनों के आयात की निरंतरता बनाए रखने की नीति अपनाते हुए सरकार ने शुल्क मुक्त आयात की समय सीमा को 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दी है। ताकि निर्यातक देशों में किसानों को दलहनों की खेती का निर्णय लेना में आसानी हो। सरकार दलहनों के लिए आयात निर्भरता का विविधिकरण करने पर भी जोर दे रही है। अभी तक भारत में केवल कुछ ही देशों से दलहनों का आयात हो रहा है मगर सरकार कई अन्य देशों से इसका शिपमेंट सुनिश्चित करने पर ध्यान दे रही है जिसमें ब्राजील एवं अर्जेन्टीना भी शामिल है। वहां खासकर तुवर एवं उड़द का उत्पादन बढ़ाने की संभावनाओं का पता लगाया जा रहा है।

■ 42.4 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज



### हर साल 2 लाख टन तुअर का आयात करने का प्रावधान



दलाल लोकेश एंड कंपनी रोहित जैन ने बताया कि वर्ष 2016 में जब अरहर दाल का घरेलू बंपर भाव उछलकर 200 रुपए प्रति किलो के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था तब भारत सरकार ने अफ्रीकी देश मोजाम्बिक की सरकार के साथ एक पंचवर्षीय करार किया था जिसके तहत भारत में वहां से हर साल 2 लाख टन तुवर का आयात करने का प्रावधान था। वर्ष 2021 तक यह करार रहा और फिर इसकी अवधि पांच साल के लिए बढ़ा दी गई। जिससे यह वर्ष 2026 तक वैध हो गया है। वर्ष 2021 में ही भारत सरकार ने मलावी एवं म्यांमार के साथ भी आपसी सहमति का समझौता किया था। इसके तहत वर्ष 2025 तक प्रत्येक साल मलावी से 50 हजार टन तथा म्यांमार से 1 लाख टन तुवर के आयात का करार किया गया। रोहित जैन के अनुसार दाल-दलहनों की खुदरा महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 18.9 प्रतिशत पर पहुंच गई। इसके तहत तुवर का दाम फरवरी 2023 की तुलना में 36.82 प्रतिशत ऊंचा हो गया। दिसम्बर 2022 से ही अरहर में महंगाई दर दो अंकों में चल रही है। दिसम्बर 2023 में इसमें 42.4 प्रतिशत की भारी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई थी।

## सरकार ई-समृद्धि पोर्टल पर रजिस्टर्ड किसानों से 6 लाख टन दाल खरीदेगी

*»» अब तक नेफेड और एनसीसीएफ ने 8 हजार टन अरहर दाल खरीद ली*

ई-समृद्धि पोर्टल पर रजिस्टर्ड किसानों से केंद्र सरकार ने सीधे दाल खरीदने का निर्णय लिया है। सहकारिता मंत्रालय के अनुसार बफर स्टॉक के लिए किसानों से 6 लाख टन दाल की खरीद की जाएगी। खरीद प्रक्रिया को सहकारी समिति नाफेड और एनसीसीएफ के जरिए पूरा किया जाएगा। बफर खरीद मूल्य पर दाल की सरकारी खरीद की प्रक्रिया जनवरी से चल रही है।

सहकारिता मंत्रालय के अनुसार किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए सीधे उनसे अरहर और मसूर दाल की खरीद की जाएगी। बफर स्टॉक के लिए सहकारी समितियों नाफेड और एनसीसीएफ ई-समृद्धि पोर्टल पर रजिस्टर्ड किसानों से 6 लाख टन दाल की खरीद कर रही हैं। इसमें 4 लाख टन अरहर की दाल खरीदी जाएगी और 2 लाख टन मसूर की दाल खरीदी जाएगी। सरकार बाजार में दाल आपूर्ति बनाए रखे के लिए बफर स्टॉक के लिए किसानों से दाल खरीद कर रही है, जबकि, सालाना खपत पूरी करने के सरकार दालों का आयात भी करती है।

### दालों की खरीदी प्रक्रिया जारी

जानकारी अनुसार अरहर दाल की खरीद जनवरी महीने में किसानों से शुरू की जा चुकी है, जबकि मसूर दाल की खरीद मार्च में शुरू की गई है। अब तक नेफेड और एनसीसीएफ ने 8 हजार टन अरहर दाल की खरीद कर ली है। दोनों दालों की खरीद प्रक्रिया जारी है। इस रबी सीजन के लिए दालों की सरकारी खरीद 1 महीने पहले ही शुरू कर दी गई है। आमतौर पर अप्रैल में शुरू होने वाली सरकारी खरीद मार्च में और जनवरी में ही शुरू कर दी गई है।

### मूल्य 7000 रुपए प्रति क्विंटल

किसानों से खरीदी जाने वाली दाल की कीमत खरीद न्यूनतम सुनिश्चित खरीद मूल्य या बंफर खरीद मूल्य के हिसाब से मिलेगी। सरकार ने 2023-24 में अरहर यानी तूर दाल की खरीद का मूल्य 7000 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है, जो बीते 2022-23 सीजन की तुलना में 400 रुपए प्रति क्विंटल अधिक है।

**मूसेवाला की मां को नोटिस**

## उम्र-58 साल, आईवीएफ से बच्चा कैसे, मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब के मशहूर दिवंगत सिंगर सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर ने अभी हाल में एक बेटे को जन्म दिया है। इकलौते बेटे की मौत के बाद उन्होंने प्रेग्नेंसी के लिए इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) तकनीक का सहारा लिया था। चरण कौर की उम्र 58 साल है। सीनियर सिटीजन होने से दो साल कम उम्र में मां बनने को लेकर अब एक नया पेंच सामने आया है। इसको लेकर बुधवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईवीएफ ट्रीटमेंट को लेकर सिद्धू मूसेवाला की मां और पंजाब सरकार से रिपोर्ट मांगी है।

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने पत्र में क्या कहा?

स्वास्थ्य मंत्रालय के लेटर में कहा गया है कि पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर ने 58 साल की उम्र में आईवीएफ के माध्यम से बच्चे को जन्म दिया है। सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी (विनियमन) अधिनियम, 2021 की धारा 21(जी) (आई) के तहत इस तकनीक का इस्तेमाल करने के लिए महिला की निर्धारित उम्र 21 से 50 वर्ष के बीच है।

## होली के रंगों से बालों को नुकसान से बचाने एक्सपर्ट की सलाह

**जबलपुर।** होली में रंगों के बालों को होने वाले नुकसान से बचाने एक्सपर्ट डॉक्टर शिल्पा वोरा ने सलाह दी है कि नारीयल से बने हेयर आयल से बालों की नियमित मसाज करने से होली के रंगों से होने वाले संभावित नुकसान से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यही सबसे आसान उपाय है। डॉ. वोरा ने आगे बताया कि सूखे रंग बालों के क्यू टिकल्सन में फंस जाते हैं और बालों को बेजान बनाते हैं। नारियल से बने हेयर ऑयल से बालों की मालिश करने से हेयर सर्फेस का एक लेयर तैयार होता है, जो बालों में रंगों को जमा होने से बचाता है। होली से पहले नारियल से बने हेयर ऑयल से बालों की 5-7 मिनट तक मालिश करें। हमेशा जड़ों से शुरूआत करें और फिर बालों के सिरों तक मालिश करें। मालिश करने के बाद सिर्फ 30 मिनट तक बालों को यूं ही छोड़ दें और फिर किसी माइल्ड क्लींजर से उन्हें धो लें। यह एक बेहद आसान और असरदार उपाय है। होली से पहले नियमित तौर पर अपने बालों की नारियल से बने हेयर ऑयल से मालिश करने से हेयर क्यूटिकल्स को एक सा रहने और रूखेपन से बचाने में भी मदद मिलेगी, जिससे होली खेलने के बाद भी आपके बाल लंबे, घने और स्वस्थ बने रहेंगे।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## भारत में 4जी के मुकाबले 5जी डेटा की खपत चार गुना तेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नोकिया ने अपना वार्षिक भारतीय बाज़ार केंद्रित मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स (एमबीआईटी) के निष्कर्षों को आज प्रकाशित किया। जिसमें खुलासा हुआ कि अक्टूबर, 2022 में लांचिंग के बाद से 5जी यूज़र्स, 4जी की तुलना में करीब 3.6 गुना अधिक मोबाइल डाटा ट्रैफिक का उपयोग कर रहे हैं। वर्ष 2023 में यूज़र्स ने प्रतिमाह 17.4 एक्साबाइट्स डाटा का उपभोग किया जो पिछले पांच वर्षों में साल दर साल 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

### हिस्सेदारी 20 प्रतिशत पहुंच गई

5जी की लांचिंग, डाटा उपयोग की वृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक के तौर पर उभरी है जिसका 2023 में कुल डाटा ट्रैफिक में 15 प्रतिशत का योगदान रहा। इस रिपोर्ट में 5जी टेक्नोलॉजी को तेजी से अपनाए जाने के बल पर भारतीय मोबाइल डाटा परिदृश्य में हुए एक उल्लेखनीय परिवर्तन को उजागर किया गया है।

## डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में बंपर बढ़ोतरी, 20 फीसदी बढ़कर 18.90 लाख करोड़ पर पहुंचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष में 17 मार्च तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह (डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन) 19.88 फीसदी बढ़ा है। यह बढ़कर 18.90 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। आयकर विभाग ने यह जानकारी दी। आयकर विभाग के निकाय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा कि 17 मार्च तक कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 18,90,259 करोड़ रुपए रहा है। इसमें 9,14,469 करोड़ रुपए कॉरपोरेट टैक्स और व्यक्तिगत आयकर के अलावा 9,72,224 करोड़ रुपए का सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) भी शामिल है। इसके साथ चालू वित्त वर्ष में 17 मार्च तक करीब 3.37 लाख करोड़ रुपए का रिफंड भी जारी किया जा चुका है। सकल आधार पर रिफंड समायोजन से पहले कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 22.27 लाख करोड़ रुपए था।

### टैक्स संग्रह 18,90,259 करोड़

यह एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 18.74 फीसदी ज्यादा है। सीबीडीटी ने कहा, 'वित्त वर्ष 2023-24 में 17 मार्च तक प्रत्यक्ष कर संग्रह के अस्थायी आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध टैक्स संग्रह 18,90,259 करोड़ रुपए है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 15,76,776 करोड़ रुपए था। यह वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 19.88 फीसदी अधिक है।

सरकार ने प्रत्यक्ष कर संग्रह के संशोधित अनुमान में पूरे वित्त वर्ष के लिए प्राप्तियां 19.45 लाख करोड़ रुपए रहने की उम्मीद जताई है।

## एमएफडी बैठक में बोले निमेश शाह, शेयर बाजार का बढ़ा हुआ मूल्यांकन चिंताजनक

**जबलपुर।** जबलपुर के म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ एक ज्ञानवर्धक सत्र (नॉलेज शेयरिंग सेशन) में, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड के एमडी और सीईओ निमेश शाह ने महत्वपूर्ण जानकारियां सांझा करते हुए बताया कि भारत में म्यूचुअल फंड (एमएफ) इंडस्ट्री की बढ़ती क्षमता और निवेशक इससे कैसे लाभ उठा सकते हैं। एमएफ सेक्टर की ग्रोथ के बारे में बात करते हुए, शाह ने पिछले दशक में भारतीय बैंकिंग प्रणाली के 10% से प्रभावशाली 25% तक के महत्वपूर्ण परिवर्तन पर जोर दिया और यह ट्रांजेक्टरी डिस्ट्रीब्यूटर कम्युनिटी के लिए अच्छा संकेत है।

भारत के विकास पथ को रेखांकित करते हुए, शाह ने म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के विकास में विश्वास व्यक्त किया। जैसे-जैसे इंडस्ट्री बढ़ती है, यह स्पष्ट है कि लोगों को मदद की आवश्यकता होगी और रिटेल निवेशकों को लॉन्गटर्म सपोर्ट प्रदान करने की दिशा में यहां डिस्ट्रीब्यूटर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे भारतीय इक्विटी में एफआईआई की हिस्सेदारी 23% से गिरकर 17% हो गई है। उनका मानना है कि यह भारतीय निवेशकों के लिए म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में अपनी स्थिति बनाने का एक शानदार अवसर है।शाह ने चीन के लिए एक



व्यवहार्य विकल्प के रूप में भारत की स्थिति पर भी चर्चा की और हितों को बिजनेस में बदलने के अवसरों और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। वह देश में बैंकिंग और एनबीएफसी सेक्टर को लेकर सकारात्मक थे। साथ ही, उन्होंने स्वीकार किया कि तात्कालिक आधार पर, बैंकिंग सेक्टर के प्रदर्शन में कमी हो सकती है, लेकिन लंबी अवधि में यह उत्साहजनक रहेगा। उन्होंने यह भी नोट किया कि कैसे एनबीएफसी के लिए अनुपालन परिदृश्य अब बैंकों के अनुरूप हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप एनपीए कम हो गया है।

व्यापक आर्थिक पहलुओं को संबोधित करते हुए, शाह ने व्यापक आर्थिक दृष्टिकोण से भारत के आशाजनक भविष्य पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि एकमात्र चिंता शेयर बाजार का बढ़ा हुआ मूल्यांकन है, जिसके बारे में उनका मानना है कि इसे विरोधाभासी होकर और स्टॉक चुनने पर ध्यान केंद्रित करके प्रबंधित किया जा सकता है। इसके अलावा, उन्होंने म्यूचुअल फंड को जोखिम प्रबंधन के बिजनेस के रूप में परिभाषित किया, जिसमें इनबिल्ट अस्थिरता और खराब प्रदर्शन के साथ-साथ बड़े फंडों के प्रबंधन में समझदारी पर जोर दिया गया। उनकी सेक्टर को लेकर गहन जानकारी ने सूचना द्वारा संचालित महत्वपूर्ण विकास के लिए तैयार एक प्रभावशाली म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की तस्वीर चित्रित की। शाह इस बात पर जोर देते हैं कि भारत एक अद्वितीय लाभ प्रदान करता है। 10-12% की अपेक्षित नाममात्र वृद्धि दर के साथ, देश की वृद्धि दुनिया भर में कई अन्य से आगे निकलने की उम्मीद है। इस दर से बढ़ रहे देश में व्यवसाय भी बढ़ते हैं, जिससे लाभदायक बिजनेसेज में निवेश करना एक बुद्धिमान कदम है। शाह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि बचत को निवेश में परिवर्तित नहीं करने से व्यक्तियों को मुद्रास्फीत की विनाशकारी ताकत का सामना करना पड़ता है, जो समय के साथ खरीद शक्ति को नष्ट कर सकता है।

## राशिफल

**मेष** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च

**कुंभ** — फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5460



**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

### शब्द पहेली- 5459 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | ■ | ब | स | ■ | धा | गा | ■ | ह | य |
| व | ह | म | ■ | ब | म | ■ | ना | ला | ■ | ह |
| ■ | न | म | न | ■ | जा | न | ■ | र | मा | ■ |
| ना | ■ | ता | क | त | ■ | शा | न | ■ | ता | त |
| क | मी | ■ | ल | ल | ना | ■ | म | न | ■ | न |
| ■ | न | ख | ■ | वा | च | क | ■ | ल | क्ष | ■ |
| स | ■ | र | वा | ■ | ना | म | क | ■ | मा | दा |
| खा | द | ■ | त | र | ■ | र | ह | न | ■ | म |
| ■ | म | स्त | ■ | मा | न | ■ | वा | ह | क | ■ |
| दा | ■ | र | स | ■ | या | र | ■ | र | च | ना |
| स | दा | ■ | च | क्षु | ■ | न | भ | ■ | य | ल |

## सूडोकु नवताल - 5471

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5470 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

65 दिन में खेले जाएंगे 74 मुकाबले

28 मई को खिताबी महामुकाबला

# संन्यास की अटकलें, 16 साल से खिताब की कसक, दूसरी जिंदगी और आईपीएल में दिखेगा कप्तानी छिनने का दर्द

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलें, 16 साल से खिताब नहीं जीत पाने की विराट कोहली की कसक, जिंदगी से दूसरा मौका पाकर मैदान पर उतर रहे ऋषभ पंत और कप्तानी छिनने का रोहित शर्मा का दर्द। ये सारी कहानियां शुक्रवार से शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर को और रोचक बनाने के लिए काफी होंगी।

कम से कम 10 से 12 खिलाड़ी चयनकर्ताओं के सामने अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे ताकि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप का टिकट कटा सकें। पूरी दुनिया को क्रिकेट के रंग में रंगने वाले इस सालाना जलसे में कुछ खिलाड़ी वापसी करेंगे तो कुछ नए सितारे उभरेंगे, कुछ फर्श से अर्श तक की कहानियां निकलेंगे तो कई सितारे जमींदोज भी हो सकते हैं। एक ओवर में इस खेल में तकदीरें बदल जाया करती हैं। हर मैच के बाद खिलाड़ियों को सोशल मीडिया की बेरहमी भी झेलनी होगी। पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क (कोलकाता नाइट राइडर्स) जैसे महंगे बिके खिलाड़ियों पर अपेक्षाओं पर खरे उतरने का भारी दबाव होगा। एक बार फिर चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी।

### धोनी ने फिर किया हैरान



सभी को हैरान करने वाले फैसले लेने में माहिर धोनी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ आईपीएल के उद्घाटन मैच की पूर्व संध्या पर कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। अब सीएसके की कमान रुतुराज गायकवाड़ के हाथ में होगी। धोनी से हालांकि जब यह पूछा जाएगा कि क्या यह उनका आखिरी टूर्नामेंट है तो शायद एक बार फिर वह मुस्कुराकर रह जाएंगे।

### रोहित अब कप्तान नहीं





अपने बिंदास मुंबइया अंदाज के पीछे दर्द छिपाने वाले रोहित वानखेड़े स्टेडियम पर उतरेंगे लेकिन इस बार कप्तान नहीं होंगे। दर्शकों के चहेते रोहित अपने बल्ले से सारे मलाल निकालने को आतुर होंगे। 'किंग कोहली' की नजरें खिताब पर होंगी जिसके लिए वह 16 साल से इंतजार कर रहे हैं।

### पंत की वापसी



धोनी के वारिस माने जाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज पंत भयावह कार दुर्घटना में जीवनदान पाकर मैदान पर लौट रहे हैं और दुनिया को दिखाना चाहेंगे कि उनकी बाजुओं में अभी भी वही दम है।



पेट कमिंस, सन राइजर्स हैदराबाद
लोकेश राहुल, लखनऊ सुपर जायंट्स
जितेश शर्मा (WC) पंजाब किंग्स
रुतुराज गायकवाड़, चेन्नई सुपर किंग्स
ऋषभ पंत, दिल्ली कैपिटल्स
फॉफ डु प्लेसिस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर
शुभमन गिल, गुजरात टाइटंस
श्रेयस अय्यर, कोलकाता नाइट राइडर्स
हार्दिक पंड्या, मुंबई इंडियंस
संजू सैमसन, राजस्थान रॉयल्स

### हार्दिक से खिताब की आस

2020 तक पांच खिताब और पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत पाने ने मुंबई इंडियंस को कप्तान बदलने के लिए मजबूर किया। हार्दिक पंड्या के सामने सिर्फ खिताब जीतने ही नहीं बल्कि ड्रेसिंग रूम में सभी के दिल जीतने की भी जिम्मेदारी होगी। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो आधी जंग जीत जाएंगे क्योंकि मुंबई के पास इतनी बेहतरीन बल्लेबाजी है कि गेंदबाजी की कमियां भारी नहीं पड़ेगी।


### खिताब का इंतजार

आरसीबी के लिए सबसे बड़ी प्रेरणा महिला टीम की खिताबी जीत है। कोहली रन भले ही कम बनाएं लेकिन खिताब हर हालत में जीतना चाहते हैं। कोहली अकेले खिताब नहीं जीत सकते। इसके लिए दिनेश कार्तिक, फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल को भी अच्छा खेलना होगा।

### लखनऊ, दिल्ली, गुजरात राजस्थान और हैदराबाद दोहराएंगे प्रदर्शन


लखनऊ सुपर जाइंट्स के पास गंभीर के जाने के बाद जस्टिन लैंगर के रूप में नया कोच है और टीम प्लेआफ से आगे जाना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स के लिए पंत की वापसी ट्रंपकार्ड साबित हो सकती है। गुजरात टाइटंस के पास इस बार हार्दिक पंड्या और मोहम्मद शमी नहीं है। राजस्थान रॉयल्स के पास यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज है। वहीं पैट कमिंस की सनराइजर्स हैदराबाद और शिखर धवन की पंजाब किंग्स भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी।

### गंभीर की वापसी



केकेआर खेमे में गौतम गंभीर की वापसी हुई है जिनका जीत का जुनून जगजाहिर है। उनके और कोहली के बीच हुई लड़ाई कौन भूल सकता है। केकेआर के जाने पहचाने डगआउट में उनकी मौजूदगी कमाल कर सकती है। केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, नीतिश राणा, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर है।

## खबर संक्षेप



### स्मृति, रिचा हंड्रेड के ड्राफ्ट में शामिल

**लंदन।** महिला प्रीमियर लीग विजेता कप्तान स्मृति मंधाना और विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष ही वे भारतीय क्रिकेटर हैं जिन्हें 'द हंड्रेड' के ड्राफ्ट में चुना गया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को डब्ल्यूपीएल खिताब दिलाने वाली मंधाना को सदर्न ब्रेव वुमेंस ने चुना जबकि रिचा को बर्मिंघम फीनिक्स वुमेंस ने चुना है। मंधाना ने डब्लूपीएल में 10 मैचों में 300 रन बनाए जबकि रिचा ने दस मैचों में 142 के स्ट्राइक रेट से 257 रन जोड़े।

### लैंगर, कर्स्टन से भी बात कर रहा पीसीबी

**कराची।** शेन वाटसन के इनकार करने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए जस्टिन लैंगर और गैरी कर्स्टन समेत कई विदेशी कोचों के संपर्क में है। पीसीबी ने लैंगर, कर्स्टन, माइक हेसन, मैथ्यू हेडन, इयोन मोर्गन और फिल सिमंस से संपर्क किया है। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि वह आगामी टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी को देखते हुए टीम के लिए विदेशी कोच और सहयोगी स्टाफ चाहते हैं।

### शुभमन की मदद करने में खुशी होगी : केन



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन ने कहा है कि उन्हें शुक्रवार से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल की किसी भी तरह से मदद करने में बेहद खुशी होगी। विलियमसन ने कहा, 'वह (गिल) बेहतरीन खिलाड़ी है और उसके पास अच्छा क्रिकेटिया दिमाग है। मैं निश्चित तौर पर उसे इस राह पर आगे बढ़ने और अपने फैसले लेने के लिए उत्साहित करूंगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि वह भी ऐसा करने की कोशिश करेगा।'

### पाक के पूर्व कप्तान सईद अहमद नहीं रहे

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान और अपने समय के धुरंधर बल्लेबाज सईद अहमद का यहां 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अहमद ने 41 टेस्ट खेलकर पांच शतक और 16 अर्धशतक समेत 2991 रन बनाए थे।

## मर्रे ने मियामी ओपन के दूसरे दौर में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

एंडी मर्रे ने एक और मैराथन मुकाबला जीतते हुए इटली के माट्टेओ बेरेटिनी को 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली।

इस सत्र में एटीपी टूर पर पहला मैच खेल रहे बेरेटिनी अच्छी शुरुआत के बाद लय कायम नहीं रख सके। दूसरे सेट में उन्हें मेडिकल सहायता भी लेनी पड़ी। दूसरा सेट गंवाने के बाद वह कोर्ट से चले गए लेकिन वापस आकर दो घंटे 49 मिनट तक चला मैच खत्म किया। मर्रे ने आस्ट्रेलियाई ओपन 2023 के पहले दौर में साढ़े चार घंटे तक चला मुकाबला 6-3, 6-3, 4-6, 6-7, 7-6 से जीता था। महिला वर्ग में दो बार की अमेरिकी ओपन चैंपियन नाओमी ओसाका ने एलिसाबेट्टा कोसियारेट्टो को 6-3, 6-4 से हराया। अब उनका सामना 15वीं रैंकिंग वाली एलिना स्वितोलिना से होगा। पुरुष वर्ग में डेनिस शापोवालोव ने लूसियानो डारडेरी को 6-3, 6-7, 6-4 से हराया। वहीं मार्टिन डैम जूनियर ने चीन के झांग झिजेन को 7-6, 7-6 से मात दी।

### अंश ने रचा इतिहास

## फ्यूचर कैटिगरी का जीता खिताब



**मुंबई।** ग्यारह वर्षीय अंश नेरुरकर प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के 'फ्यूचर कैटिगरी' का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। इस युवा खिलाड़ी ने इसके साथ ही ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा के साथ मिलकर सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार भी हासिल किया। नेरुरकर ने नौ दौर की प्रतियोगिता में आठ अंक बनाए। उन्होंने इस दौरान सात बाजियां जीती जबकि दो बाजियां ड्रॉ खेली। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें 132 रेटिंग अंक मिले जिससे उनके कुल अंक की संख्या 1786 हो गई है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार नेरुरकर ने इसके साथ ही कैंडिडेट मास्टर प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई किया। उन्होंने अपने करियर में अभी तक 163 जीत दर्ज की हैं जबकि 47 बाजियां ड्रॉ खेली हैं। इस बीच उन्हें 68 बाजियों में हार का सामना भी करना पड़ा।

## धोनी के अलावा किसी और कप्तान के लिए तैयार नहीं थी सुपर किंग्स

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि 2022 में रविंद्र जडेजा को कप्तान बनाने के बावजूद उनकी टीम महेंद्र सिंह धोनी के अलावा किसी कप्तान के लिए तैयार नहीं थी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ आईपीएल 2024 के पहले मैच की पूर्व संध्या पर सीएसके की कप्तानी रुतुराज गायकवाड़ को सौंपी गई। चेन्नई की कप्तानी 2022 में जडेजा को सौंपी गई थी लेकिन टीम के नाकाम रहने पर फिर धोनी को कप्तान बनाया गया।

फ्लेमिंग ने कहा, 'हम 2022 में एम एस की कप्तानी से अलग होने के लिए तैयार नहीं थे। धोनी को क्रिकेट की जबर्दस्त समझ है लेकिन हम युवा खिलाड़ियों को इस भूमिका के लिए तैयार करना चाहते थे। इस बार हम तैयार हैं। पिछली बार एमएस ने कप्तानी छोड़ी तो हम स्तब्ध रह गए थे क्योंकि हम इसके लिए तैयार नहीं थे। इस बार हमें पता था। हम नए कप्तान तैयार करने पर मेहनत कर रहे थे। युवाओं पर भरोसा करने का फायदा मिला है। मैंने रुतुराज से कप्तानी के बारे में बात की है।

## रॉयल्स के स्पिनर एडम जंपा आईपीएल से हटे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स के लेग स्पिनर एडम जंपा निजी कारणों से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से हट गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर जंपा को राजस्थान रॉयल्स ने पिछले साल की नीलामी से पहले 1.5 करोड रुपए में अपनी टीम में बनाए रखा था। उनके मैनेजर ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से जंपा के आईपीएल से हटने की पुष्टि की।रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल के साथ जंपा राजस्थान रॉयल्स के तीन शीर्ष स्पिनरों में शामिल थे। जंपा के हटने से राजस्थान रॉयल्स का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर होगा। उसके तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा चोटिल होने के कारण पहले ही आईपीएल से बाहर हो गए थे।




### बीसीसीआई ने एक पद के लिए मंगाया है आवेदन

## मिथुन, निखिल चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के पूर्व स्पिनर निखिल चोपड़ा, दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज मिथुन मन्हास और मौजूदा जूनियर चयनकर्ता कृष्ण मोहन सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड के चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल हैं।

बीसीसीआई ने जनवरी में पांच सदस्यीय चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन मंगवाए थे। वर्तमान समय में पश्चिम क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सलिल अंकोला और चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर कर रहे हैं। उत्तर क्षेत्र के प्रतिनिधि के लिए





संभवतः अंकोला को अपना पद छोड़ना होगा। चेतन शर्मा के त्यागपत्र के बाद चयन समिति में उत्तर क्षेत्र का कोई प्रतिनिधि नहीं है। पंजाब के पूर्व क्रिकेटर और सितंबर 2021 से जूनियर चयन समिति के सदस्य कृष्ण मोहन ने भी सीनियर चयन समिति का सदस्य बनने के लिए आवेदन किया है।

भारत के पूर्व विकेटकीपर अजय रात्रा ने भी इस पद के लिए आवेदन किया है। आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 25 जनवरी थी लेकिन शुक्रवार से आईपीएल शुरू होने के कारण बोर्ड के पास यह पद भरने के लिए अभी काफी समय है।

### सलेक्टर के लिए योग्यता

बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा, 'चयनकर्ता बनने की दौड़ में कुछ मजबूत उम्मीदवार हैं। इनमें मिथुन, चोपड़ा और मोहन भी शामिल हैं।' मिथुन ने अपने करियर में 157 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं तथा वह 2010 से लेकर 2014 तक आईपीएल का हिस्सा भी रहे। चोपड़ा ने भारत की तरफ से एक टेस्ट और 39 वनडे मैच खेले हैं। इस पद के लिए वही खिलाड़ी आवेदन कर सकता है जिसने कम से कम सात टेस्ट या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले हों। उस खिलाड़ी के नाम पर भी विचार किया जाएगा जिसको कम से कम 10 वनडे या 20 प्रथम श्रेणी मैच खेलने का अनुभव हो।

## अशोक, परमजीत को पैरालंपिक कोटा



**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अशोक और परमजीत कुमार ने मिस्र में चल रहे पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में रजत पदक जीतकर पेरिस पैरालम्पिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। मनप्रीत कौर ने 41 किलो वर्ग में 86 किलो वजन ठाकर कांस्य पदक जीता। अशोक ने 192 और 196 किलो वजन उठाकर रजत पदक जीता। वहीं 49 किलो वर्ग में परमजीत ने 160 और 166 किलो वजन उठाया और मामूली अंतर से स्वर्ण से चूक गए।

**INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.**
(A Government of India Enterprise - Mini Ratna)
CIN : L74899DL1999GOI101707
IRCTC — LiFE Lifestyle for Environment

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए बोलियां आमंत्रित करता है:–

खुली ई–निविदा 2024/आईआरसीटीसी/एनजेड/एफपी–एफएफयू/खुली निविदा, आईआरसीटीसी/उत्तर क्षेत्र के तहत भारतीय रेल के बी, सी और डी श्रेणी के स्टेशनों पर फास्ट फूड यूनिट्स और फूड प्लाजा की स्थापना, संचालन और प्रबंधन हेतु। ई–निविदा दस्तावेज़ की उपलब्धता: 26.03.2024 के बाद। एनजेड ऑफिस नई दिल्ली में बोली–पूर्व बैठक 02.04.2024 को 12:30 बजे। जमा करने की अंतिम तारीख: 15.04.2024 को 15:00 बजे तक।

खुली ई–निविदा, रेल नीर प्लांट, एनटीपीसी परिसर, सिम्हाद्रि, विशाखापत्तनम (ए.पी.) के पास 11/0.433 केवी, 500 केवीए कॉम्पैक्ट सेकेंडरी सबस्टेशन की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और कनेक्शन के काम हेतु। जमा करने की अंतिम तारीख 08.04.2024 को 15:00 बजे तक।

विवरण हेतु www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC और eprocure.gov.in/cppp देखें। दस्तावेज़ डाउनलोड करना और भागीदारी www.tenderwizard.com/IRCTC पर ही की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन पर जारी किसी भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट के संबंध में, उसे सिर्फ मामले में, इसे सिर्फ www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC और eprocure.gov.in/cppp पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

ecatering.irctc.co.in

कार्यालय पता: आईआरसीटीसी, 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी–148, बाराखम्बा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, फोन: 011–23311263–64 फैक्स: 011–23311259

**पश्चिम मध्य रेल**

पत्र सं. बिक्री/1402/मु.भं/डब्ल्यु सी आर ई–नीलामी/प्रोग्राम/2023–24 दिनांक 19.03.2024

विषय: माह – मार्च का ई –नीलामी कार्यक्रम जोड़ने बाबत।

माह – मार्च – 2024 के दौरान विभिन्न लोकेशन में मौजूद रद्दी माल की ई–नीलामी कार्यक्रम निम्न प्रकार है।

| नीलामी का स्थान | सडिपुका भोपाल | वैगन मरम्मत शॉपकोटा | जबलपुर मंडल | भोपाल मंडल | कोटा मंडल |
|---|---|---|---|---|---|
| संबंधित व्यक्ति | उप मुख्य सा/भोपाल (0755– 2747414) | उप मुख्य सा/कोटा (0744– 2467082) | व/मं.सा.प्र. जबलपुर (0761–2623491) | व/मं.सा.प्र. भोपाल (0755–4001594) | व/मं.सा.प्र. कोटा (0744–2467006) |
| माह – मार्च –2024 | 27.03.2024 | 27.03.2024 | 27.03.2024 | 27.03.2024 | 27.03.2024 |
| | 28.03.2024 | 28.03.2024 | 28.03.2024 | 28.03.2024 | 28.03.2024 |
| | 29.03.2024 | 29.03.2024 | 29.03.2024 | 29.03.2024 | 29.03.2024 |
| | 30.03.2024 | 30.03.2024 | 30.03.2024 | 30.03.2024 | 30.03.2024 |

नीलामी आइटमः अनुपयोगी रेल और अन्य पी–वे सामग्री, कार्यालय से जारी सभी अनुपयोगी कास्ट आयरन् अनुपयोगी रोलिंग स्टॉक, नॉन फेरस एवं नॉन मेटॉलिक स्क्रैप, टर्निंग और बोरिंग, प्रयुक्त तेल, पेंट ड्रम, अनुपयोगी मशीनरी प्लांट, अनुपयोगी वाहन अनुपयोगी कार्यालय उपकरण, एमएस/जी आई पाइप, फाउंड्री स्लैग और अन्य विविध स्क्रैप आदि।

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/बिक्री, पश्चिमम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय क्षेत्र संचालक पेंच टाईगर रिजर्व, सिवनी (म.प्र.)**
Phone- 07692-350003, 350004 E-mail- fd.pennp.sni@mp.gov.in Website- www.penchtiger.org

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि पी.ओ.आर. प्रकरण कं. 46100/09, दिनांक 12.12.2021 को अवैध लकड़ी परिवाहन कृत्य में लिप्त जप्त मोटर सायकल वाहन क्रमांक हीरो स्प्लेण्डर प्रो MP-25-DA-6535 चेचिस नंबर MBLHA10A3EHD37625 इंजन नंबर HA10ELEHD74988 सिंगारदीप से चारगांव मार्ग पर दिनांक 11-12.12.2021 की दारिम्यिनी रात्रि समय 01:30 AM को जप्त की गई है। इसमें पेंच टाईगर रिजर्व सिवनी के अंतर्गत कुंभपानी परिक्षेत्र (बफर) से सागौन लट्ठा 01 नग 0.101 घ.मी. का अवैध रूप से मोटर सायकल वाहन क्रमांक हीरो सप्लेण्डर प्रो MP-25-DA-6535 चेचिस नंबर MBLHA10A3EHD37625 इंजन नंबर HA10ELEHD74988 में लदान कर अज्ञात व्यक्ति द्वारा परिवाहन किया जा रहा था। अवैध गश्ती दल द्वारा भरतीय वन अधिनियम 1927 की संशोधित धारा 26 (1) क,ड़,च एवं मध्यप्रदेश वनोपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम 1927 की 16 के तहत उल्लंघन करने पर अज्ञात के नाम से प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

अतएव सूचित किया जाता है कि जिस किसी के अधिपतय में उक्त जप्त मोटर सायकल वाहन क्रमांक हीरो स्प्लेण्डर प्रो MP-25-DA-6535 चेचिस नंबर MBLHA 10A3EHD37625 इंजन नंबर HA10ELEHD74988 थी तुंरत इस कार्यालय के समक्ष हाजिर होकर पंजीयन अभिलेख एवं जानकारी लेकर सूचना प्राप्ति के पश्चात शीघ्रातिशीघ्र इस कार्यालय में उपस्थित होवें एवं अपना परिवाद प्रस्तुत करें अन्यथा सूचना सामाचार पत्र में मुद्रित होने के 15 कार्य दिवस उपरांत प्रकरण पर एक पक्षीय कार्यवाही कर अंतिम निर्णय लिया जावेगा। इस पर कोई क्षति होती है तो शासन उत्तरदायी नहीं रहेगा।

उप संचालक
पेंच टाईगर रिजर्व
सिवनी (म.प्र.)

G-26431/23




होली पर बढ़ती यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेल मंडल ने लिया निर्णय

# जबलपुर एवं रानी कमलापति से चलेंगी होली स्पेशल गाड़ियां

हरिभूमि, जबलपुर

जबलपुर एवं रानी कमलापति से होली स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन किया जा रहा है जिससे उत्तर प्रदेश एवं बिहार के विभिन्न शहरों सहित रेल मार्ग के मध्य के शहरों के यात्री होली का त्योहार अपने प्रियजनों के साथ मना सकेंगे। होली पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए स्पेशल ट्रेन संचालित की जा रही है। होली स्पेशल रेल रानी कमलापति एवं जबलपुर से चलेगी।

## जबलपुर-दानापुर-जबलपुर स्पेशल रेल

01705 जबलपुर से दानापुर स्पेशल ट्रेन 19 एवं 26 मार्च को जबलपुर से 19:45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार 01706 दानापुर से जबलपुर स्पेशल ट्रेन 20 एवं 27 मार्च को दानापुर स्टेशन से 11:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन भोर 4:15 बजे जबलपुर स्टेशन पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिजार्पुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

### रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन

01663 रानी कमलापति से दानापुर स्पेशल ट्रेन 23 एवं 27 मार्च को रानी कमलापति से 14:20 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 8:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार 01662 दानापुर से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 19, 24 एवं 28 मार्च को दानापुर स्टेशन से 11:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 09:50 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिजार्पुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।



### रीवा-रानी कमलापति स्पेशल रेल

01704 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 30 एवं 31 मार्च को रीवा से 18:45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 04:40 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार 01703 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 31 मार्च एवं 1 अप्रैल को रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 06:25 बजे प्रस्थान कर उसी दिन सायं 17: बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में स्टेशनों पर रुकेगी।

### रीवा-रानी कमलपति साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल रेल

02186 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 23 मार्च को रीवा से 12:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 21:15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुचेगी। इसी प्रकार 02185 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 23 मार्च 2024 को रानी कमलापति स्टेशन से रात 22:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07:20 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सतना, मैहर, कटनी मुडवारा, दमोह, सागर, बीना और विदिशा स्टेशनों पर रुकेगी।



# हवाओं से पारे में गिरावट

## दिन में गर्मी रात में ठंडक का अहसास

**जबलपुर**। दो दिन पहले हुई बूंदाबादी और हवाओं के थपेड़ों से तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। न्यूनतम तापमान जहां 18 से 19 डिग्री चल रहा था, वह को 15 पर पहुंच गया। ठंडी हवाओं और धूप-छाव के खेल की वजह से तापमान में गिरावट दर्ज हुई। इधर अधिकतम तापमान में भी दो से तीन डिग्री तक की गिरावट आई और यह 35 से सीधे 33 डिग्री पर जा पहुंचे। दरअसल मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। हवा का रुख भी उत्तरपश्चिमी से बदल कर पूरी तरह से उत्तरी हो गया जिससे वातावरण में ठंडक घुली रही। चार से पांच किमी प्रति घंटे की गति से चली उत्तरी ठंडी हवा से गर्मी का असर भी काफी कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का असर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार 23 मार्च से फिर एक नए पश्चिमी विक्षोभ की आहट मिल सकती है। फिलहाल वर्तमान में बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है जो पूर्वी मध्य प्रदेश में वर्षा का कारण बन रहा है। पश्चिमी विदर्भ से लेकर दक्षिण तमिलनाडु तक और झारखंड से लेकर आंध्रप्रदेश तक एक ट्रफ लाइन बनी है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 33.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 15.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 49 प्रतिशत और सायंकाल 28 प्रतिशत आंकी गई। उत्तर पश्चिमी हवाओं की रफ्तार 3 से 4 किमी प्रति घंटे की रही। सूर्योदय सुबह 6.11 बजे हुआ, जबकि सूर्यास्त 6.22 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे कम 11.09 डिग्री तापमान बिजावर जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 30.09 और न्यूनतम तापमान 16.05 डिग्री दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।


# वन विभाग के कर्मचारियों को अब नहीं करनी पड़ेगी चुनाव ड्यूटी

## मप्र हाईकोर्ट ने दी बड़ी राहत चुनाव आयोग ने भी मानी गलती

जबलपुर।

वन विभाग के कर्मचारियों की लोकसभा चुनाव में इलेक्शन ड्यूटी लगाने का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। दरअसल मध्य प्रदेश वन विभाग कर्मचारी संगठन ने वन विभाग के कर्मचारियों की इलेक्शन ड्यूटी लगाई जाने के विरोध में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कर्मचारी द्वारा लगाई गई याचिका की पैरवी करते हुए अधिवक्ता अंकित मिश्रा ने बताया कि वन विभाग के नियम में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि वन विभाग के कर्मचारियों की इलेक्शन ड्यूटी नहीं लगाई जा सकती।

उन्होंने बताया कि इसके बावजूद इलेक्शन कमीशन ने वन विभाग के कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी लगा दी। वहीं इस बात को लेकर कोर्ट ने भी अपनी सहमति जताई जिसके बाद इलेक्शन कमिशन की ओर से पेश



अधिकारियों ने अपनी गलती मानी और हाईकोर्ट में अंडरटेकिंग दी की इलेक्शन में वन विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी। दरअसल कोर्ट ने वन विभाग के कर्मचारियों के काम को अति महत्वपूर्ण का मानते हुए यह रियायत दी है। एडवोकेट ने तर्क रखा कि यदि वन विभाग के कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में लग जाएंगे तो वनों की सुरक्षा कैसे होगी।

राज्य शासन ने बदला नियम

# जिन गोदामों में पहले से अनाज रखा उनमें भी रखा जाएगा गेहूं

जबलपुर।

प्रदेश में अब उन गोदामों में भी गेहूं का भंडारण किया जाएगा, जिनमें पहले से अनाज रखा हुआ है। इसको लेकर मप्र वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन ने नए निर्देश जारी कर दिए हैं। पूर्व भंडारण नीति में ऐसे प्रावधान किए थे, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के गोदाम खाली ही रह जाते। वेयर हाउस के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिलकर ज्ञापन सौंपा था। जिस पर मुख्यमंत्री ने भंडारण नीति पर संज्ञान लिया और गैर जरूरी प्रावधान हटाने के निर्देश दिए।

मप्र वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक रविन्द्र सिंह सभी कलेक्टरों से समर्थन मूल्य पर गेहूं के उपार्जन एवं भंडारण को लेकर पत्र जारी किया है। जिसके अनुसार अनुबंधित गोदामों में उपार्जित गेहूं का भंडारण का प्रावधान किया गया है। गोदामों की वर्तमान क्षमता के हिसाब से उनमें गेहूं का भंडारण किया जाएगा। इसके लिए गोदामों को भंडारण क्षमता के विरुद्ध उनके खाली होने की स्थिति के आधार 6 क्रमों में



बांटा गया है। जिसके अनुसार जिन गोदामों में पिछले साल उपार्जित गेहूं का भंडारण नहीं किया। जिनमें किया गया, लेकिन वर्तमान में पूरी तरह खाली हैं। उनमें क्षमता से 100 फीसदी गेहूं भंडारण किया जा सकेगा। ऐसे गोदाम जिनमें पिछले सालों का क्षतिग्रस्त, कीटग्रस्त, आटाफारमेशन युक्त गेहूं भंडारित है। उसे अपग्रेडेशन करन एवं गोदाम में अलग से भंडारित एवं मार्ग करने के बाद ही भंडारण क्षमता के विरुद्ध 25, 40, 60 एवं 75 फीसदी भंडारण किया जाए।

### पहले यह था प्रावधान

पूर्व में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने उपार्जित गेहूं के भंडारण को लेकर प्रावधान किया था कि जिन गोदामों में पूर्व से अनाज का भंडारण है, उनमें वर्ष 2024-25 में उपार्जित गेहूं का भंडारण नहीं किया जाए। भंडारण नीति में जोड़े गए इस प्रावधान से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार मुहैया कराने की मंशा से बनाए गए गोदाम खाली रह जाते। रोजगार के संकट पैदा होते।

## मध्य प्रदेश में पीएमश्री स्कूलों में खोली जाएंगी अटल टिंकरिंग लैब

**जबलपुर**। प्रदेश में पीएमश्री योजना के तहत चयनित 415 सरकारी स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब भी खोली जाएगी, ताकि कला के क्षेत्र में विद्यार्थी रचनात्मक कार्य कर सकें। यहां आर्ट एंड क्राफ्ट की क्रिएटिविटी भी सिखाई जाएगी। लैब में थ्रीडी प्रिंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स के नए तकनीकों से विद्यार्थियों रूबरू हो सकेंगे। मप्र लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने पहले चरण में 112 पीएमश्री स्कूलों में अटल लैब के लिए 29 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसमें एक स्कूल को 25 से 50 हजार रुपये तक मिलेंगे।




पाटन न्यायालय परिसर का बहुचर्चित गोलीकांड

# न्याय के मंदिर में खूनी खेल खेलने वालों को आजीवन कारावास

जबलपुर।

अपर सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार की अदालत ने पाटन न्यायालय परिसर के बहुचर्चित गोलीकांड के आरोपित राजा उर्फ संजय यादव निवासी हनुमानताल, दिलीप उर्फ योगेश पुरी गोस्वामी निवासी अमखेरा अधारताल व विश्वनाथ कोल निवासी कुदवारी अमखेरा, अधारताल का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ तीनों को आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही साढ़े तीन-साढ़े तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।



अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपितों ने पाटन न्यायालय परिसर में पेशी पर आए दूसरे आरोपितों पर कट्टे से फायरिंग कर दी थी। दरअसल, 28 जून, 2019 को गुड्डु उर्फ मोहन तिवारी व मुकेश श्रीपाल को पाटन उपजेल से न्यायालय में पेशी पर लाया गया था। उन पर उत्तम गिरी गोस्वामी के लड़के के अपहरण व हत्या का मामला था। मोहन तिवारी, मुकेश श्रीपाल व अन्नू गिरी गोस्वामी पेशी पर जब न्यायालय परिसर में पुलिस वाहन से उतरकर पैदल जा रहे थे, उसी दौरान वहां पहले से खड़े हुए उमेश गिरी, जागे गिरी, अज्जू गिरी, उत्तम गिरी, रवि गिरी गोस्वामी मिले, जो सतमन गिरी और विवेक गिरी तथा अन्य दो लोगों को इशारा कर रहे थे कि अन्नू गिरी उसका भाई है और उसको, मुकेश को मारने का बोल रहे थे। इसी दौरान सतमन गिरी ने अपने हाथ में लिए कट्टे से जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर कट्टे से फायर किया। इससे मोहन तिवारी के सिर के पीछे तरफ गोली लगते हुए निकल गई। सतमन गिरी के अलावा रवि गिरी, विवेक गिरी और अन्य दो लोग भी अपने अपने हाथों में कट्टा लिए थे। जिन्होंने मोहन के साथी मुकेश श्रीपाल को भी जान से मारने की नीयत से कट्टे से फायर कर गोली मारकर घायल किया है। सभी लोगों ने एक राय होकर जान से मारने की नीयत से अपने हाथों में लिये कट्टे से कर जान से मारने की बात कर रहे थे।

### पमरे से गुजरने वाली ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

**जबलपुर**। होली के त्योहार पर अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेल (पमरे) से गुजरने वाली ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है। अतिरिक्त कोच लगने से प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को कन्फर्म सीट/बर्थ उपलब्ध मिलेगी। अतिरिक्त कोच लगाए जाने वाले ट्रेनों में गाड़ी संख्या 18247/18248 बिलासपुर-रेवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में बिलासपुर से 22 एवं 23 मार्च 2024 को एवं रीवा से 23 एवं 24 मार्च 2024 को 1 शयनयान श्रेणी कोच लगाया जा रहा है। इसी तरह गाड़ी संख्या 22867/22868 दुर्ग-निजामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस में दुर्ग से 22 मार्च 2024 को एवं निजामुद्दीन से 23 मार्च 2024 को 1 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी कोच लगाया जा रहा है।

# वन विभाग ने पकड़ी 25 क्विंटल लकड़ी

## वृक्षों की कटाई कर ले जा रहा था पिकअप वाहन

जबलपुर।

वन परिक्षेत्र पनागर में वन विभाग की टीम ने घेराबंदी करते हुए एक वाहन को पकड़ा। जिसमें अलग- अलग प्रजातियों के वृक्षों की करीब 25 क्विंटल लकड़ी लोड थी। वन परिक्षेत्र अधिकारी पनागर सौरभ शर्मा ने बताया कि वन क्षेत्रों में चल रही अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए वनमंडल अधिकारी द्वारा विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत 20 मार्च को परिक्षेत्र पनागर अंतर्गत खजरी खिरिया बायपास के पास 'इमली और बबूल की लगभग 25 क्विंटल गीली लकड़ियों' से भरे पिकअप को अवैध रूप से लकड़ियों का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। प्रारम्भिक पूछताछ में कोई भी वैध दस्तावेज नहीं पाया गया। लिहाजा पिकअप को लकड़ियों सहित जब्त कर डिपो पनागर लाकर खड़ा कर दिया गया है। मप्र अभिवहन (वनोपज) अधिनियम 2000 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। प्रकरण दर्ज करने में परिक्षेत्र सहायक छत्तरपुर पन्नालाल विश्वकर्मा, वनरक्षक सुमित मिश्रा, शैलेश गौतम,सफदर खां व अन्य कर्मचारियों की मुख्य भूमिका रही। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि इन दिनों वन परिक्षेत्र पनागर स्टाफ द्वारा लगातार गश्ती कर अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले भी पनागर में सागौन की लकड़ियां पकड़ी गई थी। वहीं जबलपुर परिक्षेत्र में भी दो अलग - अलग स्थानों में कार्रवाई करते हुए वन विभाग ने लाखों रूपए की सागौन को जप्त किया है।

### कॉलेजों में अतिथि विद्वानों के स्थल परिवर्तन का आदेश निरस्त

**जबलपुर**। उच्च शिक्षा विभाग आयुक्त ने मंगलवार को सरकारी कॉलेजों में खाली पदों पर अतिथि विद्वानों के केवल स्थान परिवर्तन का आदेश निरस्त कर दिया है। 5 अक्टूबर 2023 को अतिथि विद्वानों को केवल स्थल परिवर्तन की सुविधा का आदेश जारी किया गया था। इसके लिए 14 मार्च 2024 तक कॉलेजों में संबंधित खाली पदों के लिए आमंत्रित अतिथि विद्वानों को च्वाइस फिलिंग के लिए 15 मार्च को आदेश जारी किया गया था, जिसे 19 मार्च को आयुक्त उच्च शिक्षा के अनुमोदन के बाद स्थगित कर दिया गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## मुख्यमंत्री ने कसा तंज कहा 29 की 29 सीट जीतेंगे

# कांग्रेस को ढूंढे नहीं मिल रहे प्रत्याशीः डॉ. मोहन यादव

जबलपुर।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर तंज कसते हुये कहा कि कांग्रेस को ढूंढे से प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। मोदी लहर में कांग्रेस में पतझड़ जैसा मौसम चल रहा है। कांग्रेस जिसे टिकिट देती है या देने की सोचती है वह भाजपा में शामिल हो जाता है। कांग्रेस के हालात यह है कि उन्हें प्रत्याशी के लिये चेहरा नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी प्रदेश की सभी 29 लोक सभा सीट जीत कर क्लीन स्वीप करने जा रही है। जबलपुर प्रवास पर आए डॉक्टर यादव ने पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा में कहा कि प्रदेश में जहां भाजपा क्लीन स्वीप करेगी वहीं प्रधानमंत्री के लक्ष्य अबकी बार 400 पार को पूरा करने में भाजपा का कार्यकर्ता संकल्प लेकर जुट गया है। डॉ. यादव यहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सर्पिट हाउस में रात्री विश्राम किया। सुबह सुबह भोपाल रवाना होने के पूर्व वे पत्रकारों से मुखातिब थे, इस दौरान उन्होंने कहा बीजेपी ने अपने सारे प्रत्याशियों के नाम दस दिन पहले घोषित कर चुके थे तो वही कांग्रेस की ये हालत है कि उनके प्रत्याशी के लिए चेहरा नहीं मिल रहा है।



पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव की तरफ बढ़ रहे हैं। चुनाव को लेकर प्रदेश की जनता का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। डॉ यादव ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर प्रदेश और देश में बड़ी जीत की और भाजपा बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जो टारगेट लेकर हम चल रहे है, उसे पूरा भी कर रहे है। मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार तेजी से विकास की और बढ़ रही है। उन्होंने कहा इस बार 400 पार का नारा सच साबित होगा। लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश में हमने 2014 में 27 सीट ली और 2019 में हमने 28 सीट ली हैं और इस बार 2024 में अब हम कांग्रेस को टोटल क्लीन करने वाले हैं।

### शोकाकुल परिवार को बंधाई ढांढस

मुख्यमंत्री मोहन यादव भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष रुपा राव के घर भी पुहंचे। दो दिन पहले रुपा राव के पति का देहांत हो गया था।

### नवविवाहित युगल को दिया आशीर्वद



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कैंट विधायक अशोक रोहाणी के नवविवाहित भतीजे एवं मुरली रोहाणी के पुत्र व पुत्रवधु को रोहाणी निवास पहुंचकर आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रदेश के संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा व लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी उपस्थित थे।

## इंतेहा हो गई इंतजार की...
# आलाकमान की लेटलतीफी से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में निराशा

जबलपुर।

जबलपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा हाल कुछ यूं है कि... कयामत का दिन आ गया रफ्ता रफ्ता, मुलाकात का दिन बदलते बदलते। शहरवासियों का क्या ही कहें, अब तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी लोकसभा प्रत्याशी की घोषणा का इंतजार छोड़ दिया है। आज जब नामांकन प्रक्रिया शुरु हुये दो दिन हो चुका है। आज जब भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी एक राउंड का जनसम्पर्प पूरा कर चुका है। आज जब भाजपा के कैलाश विजयवर्गीय स्तर के आधा दर्जन नेता एक दर्जन से अधिक जबलपुर के दौरे कर चुके हैं। तब कांग्रेस खेमे में यह हाल है कि न लोकसभा प्रत्याशी का पता है। न नगर कांग्रेस अध्यक्ष का पता है और नेता प्रतिपक्ष की घोषणा के कोई आसार हैं। इस लेटलतीफी का नतीजा यह हुआ है कि कांग्रेस खेमे में अब कार्यकर्ताओं का लोकसभा चुनाव को लेकर उत्साह पूरी तरह शून्य होने की कगार पर है। अब भाजपाई तो दूर खुद कांग्रेस नेता भी कांग्रेस पर तंज कसते नजर आ रहे हैं। अब कहा जा रहा है कि आज 22 मार्च को जबलपुर से लोकसभा प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी। अब सवाल यह भी है कि आज अगर लोकसभा प्रत्याशी घोषित होगा, तो नगर कांग्रेस अध्यक्ष की घोषणा कब होगी। नगर निगम में कांग्रेस पार्षद दल का नेता कब घोषित होगा। कब चुनाव की रणनीति बनेगी। कब चुनाव की तैयारी होगी। इसमें दो राय नहीं है कि कांग्रेस की टिकिट वितरण को लेकर की गई लेटलतीफ ने कांग्रेस को मनौवैज्ञानिक तौर पर मुकाबले के पहले ही मुकाबले में पीछे करने का काम किया है।

### सोशल मीडिया पर भिड़ रहे कांग्रेसजन

सोशल मीडिया और विशेषकर वाट्टसग्रुप पर अब कांग्रेस कार्यकर्ता सीधे तौर पर कांग्रेस संगठन पर निशाना साध रहे हैं। अपना आक्रोश दर्ज करा रहे हैं। कुछ हताश कार्यकर्ता तो यह तक कहने से गुरेज नहीं है कि प्रदेश कांग्रेस ने जबलपुर में भाजपा को ऐतिहासिक मार्जिन से जिताने का ठेका ले रखा है। तो वहीं जिन विधायकों और पूर्व विधायकों की जयकार करते कार्यकर्ता नहीं थकते थे, आज वही कार्यकर्ता खुले तौर पर अपने विधायक, पूर्व विधायक की निष्क्रियता और चुनाव से दूरी पर सवाल उठा रहे हैं।



# ईव्हीएम-व्हीव्हीपैट मशीनों का हुआ रैंडमाईजेशन अब जल्द भेजी जाएंगी जेएनकेविवि स्ट्रांगरुम

**जबलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के तय कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कलेक्टर कार्यालय स्थित एनआईसी के वीसी रूम में ईव्हीएम की बैलट और कंट्रोल यूनिट एवं व्हीव्हीपेट मशीनों का पहले चरण का रेण्डमाइजेशन संपन्न हुआ । रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, अपर कलेक्टर नाथूराम गौंड, उप जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र सिंह एवं सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी उपस्थित थे। रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया एनआईसी के इंचार्ज ऑफिसर आशीष शुक्ला ने निर्वाचन आयोग के साफ्टवेयर ईएमएस 2.0 से संपन्न कराई । पहले चरण के रेण्डमाइजेशन में ईव्हीएम की कंट्रोल और बैलट यूनिट एवं व्हीव्हीपेट मशीनों को विधानसभा क्षेत्र आवंटित किये गये। पहले चरण के रेण्डमाइजेशन के बाद इन मशीनों को अब रामपुर स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस से जवाहरलाल कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में विधानसभावार बने स्ट्रांगरूम में शिफ्ट किया जायेगा।

## नियम विरुद्ध चल रहा मप्र आयुर्विज्ञान विवि
# अब दिल्ली में प्रदर्शन करेंगे नर्सिंग छात्र

**जबलपुर।** नर्सिंग छात्र संगठन (एनएसओ) ने गत दिवस मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (एमयू) प्रबंधन पर पुनः गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भारत सरकार के बनाए गए नियमो को दरकिनार कर एमयू में कथित तौर पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। एनएसओ द्वारा पुनः प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के नाम संबोधित ज्ञापन एमयू प्रबंधन को सौंपा गया। संगठन के अध्यक्ष गोपाल पाराशर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा पूरे देश के नर्सिंग शिक्षा क्षेत्र के लिए एक समान नियम बनाए गए हैं। जो सभी राज्यों में एक समान रूप से लागू किए जाते हैं लेकिन मध्य प्रदेश में भारत सरकार द्वारा बनाए गए नियमो को कथित तौर पर भ्रष्टाचार करने के लिए दरकिनार किया जाता है। भारत सरकार द्वारा पूरे देश में सरकारी व प्राइवेट नर्सिंग कालेजों में एडमिशन लेने के लिए एंट्रेंस (प्रवेश) परीक्षा करवाने और काउंसलिंग करवाने का नियम बनाया गया है लेकिन मध्य प्रदेश में प्राइवेट कालेजों में एडमिशन के लिए आज तक न तो कोई एंट्रेंस एग्जाम लिया गया है और न ही काउंसलिंग प्रक्रिया करवाई गई है। यही नहीं नर्सिंग कालेज शुरू करने के लिए भारत सरकार द्वारा बनाए गए नियमो को भी शिथिल किया जा रहा है जिससे कथित तौर पर आराम से भ्रष्टाचार किया जा सके। एनएसओ ने कहा कि कथित तौर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ फिर से केस लग जाए तो स्टूडेंट्स को इसका नतीजा भुगतना पड़ जाता है, पूर्व में हुए भ्रष्टाचार के कारण केस लगाने व सीबीआई जांच होने के कारण विगत साढ़े तीन साल में 2020-21 बैच के नर्सिंग स्टूडेंट्स के अभी तक प्रथम वर्ष के भी एग्जाम नही हुए हैं, फिर भी अभी तक आगामी 2024-25 बैच के लिए मान्यता और संबद्धता देने की प्रक्रिया शुरू नही की गई है। आगामी बैच को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने का मन बना लिया है, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा एमयू से नर्सिंग कोर्स को क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों में भेजने का प्रस्ताव पास कर दिया गया लेकिन किसी भी क्षेत्रीय विश्वविद्यालय में अभी तक मेडिकल क्षेत्र के एक भी अधिकारी की नियुव्ति नहीं की गई है। आलम ये हैं कि क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों में बिना मेडिकल क्षेत्र के विशेषज्ञों की नियुव्ति के नर्सिंग कोर्स को शुरू करवाकर कथित तौर पर सीधे-सीधे भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। यही नहीं नर्सिंग स्टूडेंट्स के स्किल डेवलपमेंट को रोका जा रहा है। नर्सिंग कोर्स को क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों में भेजने से पहले क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों में मेडिकल क्षेत्र के व्यव्तियो की डिप्टी रजिस्ट्रार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार जैसे अधिकारी पोस्ट पर नियुव्ति की जानी चाहिए, जिससे नियमो की पूर्ण जानकारी हो, एनएसओ ने मांग की कि कथित तौर परनर्सिंग शिक्षा को भ्रष्टाचार करने का जरिया बनाना बंद किया जाए। संगठन ने मांग की है कि आगामी सत्र 2024-25 के लिए जल्द से जल्द मान्यता और संबद्धता की प्रक्रिया शुरू की जाए, एडमिशन के लिए एंट्रेंस टेस्ट लिया जाए और काउंसलिंग के माध्यम से ही एडमिशन प्रक्रिया भारत सरकार के नियमो में दिए गए समय पर पूरी हो,साथ ही जब तक मेडिकल क्षेत्र के विशेषज्ञ अधिकारियों की नियुव्ति क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों में नही की जाती तब तक नर्सिंग कालेजों को एमयू से हटाकर क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों में ना जोड़ा जाए, देश के सभी राज्यों में नर्सिंग सहित मेडिकल के कोर्सेज को क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों से हटाकर मेडिकल यूनिवर्सिटीज में जोड़ा जा रहा है जिससे भ्रष्टाचार ना हो, इसलिए मध्य प्रदेश में कथित तौर पर उल्टी गंगा न बहाई जाए और एमयू की व्यवस्थाये सुचारू रूप से चलाने के लिए स्थाई कर्मचारियों की नियुव्ति की जाए, नर्सिंग शिक्षा के लिए भारत सरकार द्वारा बनाए गए नियमों की पालन किया जाए। नियमो को शिथिल न किया जाए, जिससे आगामी स्टूडेंट्स के पेपर कथित तौर पर भ्रष्टचार की भेंट ना चढ़े ।

# मतदान में पैसों का प्रवाह रोकने हरकत में आया प्रशासन

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद से जिले में बड़ी मात्रा में नकदी, निषिद्ध वस्तुओं एवं बहुमूल्य धातुओं के परिवहन पर रोक लगाने जिला निर्वाचन कार्यालय के एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, पुलिस, आबकारी, आयकर एवं अन्य एजेंसियों द्वारा की जा रही कार्यवाही के तहत अभी तक 1 करोड़ 68 लाख 70 हजार रुपये की सामग्री जप्त की गई है । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने यह जानकारी देते हुये बताया कि जप्त की गई सामग्री में 30 लाख रुपये की नकदी तथा 4 लाख 80 हजार रुपये कीमत की 1 हजार 855 लीटर मदिरा तथा 1 करोड़ 33 लाख 90 हजार रुपये की उपहार एवं अन्य वितरण सामग्री शामिल है। वहीं दूसरी तरफ सम्पत्ति विरूपण अधिनियम का पालन कराने की जा रही कार्यवाही के तहत जिले में अभी तक 7 हजार 697 बैनर, पोस्टर एवं दीवार लेखन को हटाया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार सम्पत्ति विरूपण अधिनियम के तहत अभी हटाये गये बैनर, पोस्टर और दीवार लेखन में शासकीय सम्पत्तियों से 2 हजार 358, सार्वजनिक संपत्ति से 2 हजार 099 तथा निजी संपत्तियों से 2 हजार 250 हटाये गये बैनर, पोस्टर एवं दीवार लेखन शामिल हैं।

### शत प्रतिशत शिकायतें हल

लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता एवं संपत्ति विरूपण अधिनियम से संबंधित सी विजिल एप पर जिले में अभी तक प्राप्त सभी तीन शिकायतों को तय समय सीमा के भीतर निराकृत किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार सी विजिल एप पर अभी तक तीन शिकायतें ही प्राप्त हुई हैं। इन सभी शिकायतों का एफएसटी दलों द्वारा तय समय सीमा के भीतर निराकरण किया जा चुका है। सी विजिल एप के अलावा निर्वाचन से संबंधित ऑफ लाइन प्राप्त 10 शिकायतों में से एक को निराकृत कर दिया गया है तथा नौ पर कार्यवाही जारी है ।इसी प्रकार जिला संपर्प केंद्र के टोल फ्री नम्बर 1950 पर प्राप्त 70 शिकायतों, सूचनाओं एवं सुझावों में से सभी का तथा एनजीएसपी 2.0 पोर्टल पर प्राप्त 19 शिकायतों में से 15 का निराकरण किया जा चुका है।

## एनएचएआइ अधिकारियों को 20 लाख की रिश्वत देने के आरोप का मामला
# हाई कोर्ट ने बंसल कंस्ट्रक्शन के निदेशकों की जमानत पर सुनवाई तीन अप्रैल तक बढ़ाई
### सीबीआइ को केस डायरी पेश करने के दिए गए निर्देश

जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने भोपाल स्थित बंसल कंस्ट्रक्शन वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों अनिल बंसल व कुणाल बंसल की जमानत अर्जी पर सुनवाई एक अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। मामला भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों को 20 लाख रुपये की रिश्वत देने के आरोप से जुड़ा है। दरअसल, सड़क निर्माण का ठेका पाने के लिए एनएचएआई अधिकारियों को रिश्वत देने के आरोप में सीबीआई ने कंपनी के दो निदेशकों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। कंपनी और एनएचएआई के कुछ अन्य कर्मचारियों को भी गिरफ्तार किया गया था। भोपाल की सीबीआई विशेष अदालत ने 12 मार्च को कंपनी के निदेशकों की जमानत अर्जी इस टिप्पणी के साथ निरस्त कर दी थी कि उनके विरुद्ध आरोप गंभीर प्रकृति के हैं। लिहाजा, दोनों निदेशकों ने हाई कोर्ट में जमानत अर्जी दायर की है।

### प्रारंभिक जांच हो गई, बयान भी हो गए, जेल में रखना उचित नहीं

गुरुवार को सुनवाई के दौरान आवेदकों अनिल बंसल व कुणाल बंसल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मामले में प्रारंभिक जांच पूर्ण हो चुकी है। सीबीआइ दो बार रिमांड में ले चुकी है। गवाहों के बयान भी दर्ज किए जा चुके हैं।



ऐसे में जेल में बंद आवेदकों को जमानत का लाभ दिया जाना चाहिए। इस तरह अधिक समय तक जेल में र रखना न्यायसंगत नहीं है।

### सीबीआई की आपत्ति पर किया विचार

सीबीआई के अधिवक्ता विक्रम सिंह ने उक्त दलील का विरोध करते हुए कहा कि अभी मामले में और जांच बाकी है। यदि इस स्थिति में जमानत का लाभ दे दिया गया तो आवेदक प्रभावशाली होने के कारण गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। इस संदेह से इन्कार नहीं किया जा सकता। केस डायरी मिल गई है, मामला तैयार करने के लिए कुछ समय और चाहिए। हाई कोर्ट ने निवेदन को स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई एक अप्रैल तक बढ़ा दी। साथ ही सीबीआइ को केस डायरी पेश करने के निर्देश भी दे दिए।

## कलेक्टर्स के फर्जी हस्ताक्षर से पुलिस को जांच से नहीं रोका जा सकता : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** तीन कलेक्टर्स के फर्जी हस्ताक्षर से जारी पत्रों के मामले में हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने कहा कि इस मामले में पुलिस को जांच से नहीं रोका जा सकता। कोर्ट ने पुलिस को यह स्वतंत्रता दी कि वह मामले में संज्ञान लेकर जांच पूरी करे। प्रारंभिक जांच में यदि संज्ञेय अपराध बनता है तो पुलिस एफआईआर दर्ज करे। इस निर्देश के साथ जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने कलानिकेतन पॉलिटेक्निक कॉलेज जबलपुर के प्राचार्य डॉ रामचंद्र पांडे की याचिका निरस्त कर दी।जबलपुर निवासी डॉ रामचंद्र पांडे ने वर्ष 2022 में याचिका दायर कर कलेक्टर द्वारा एसपी को उक्त मामले में दिए जांच के आदेश को चुनौती दी थी। दरअसल, पूर्व कलेक्टर टी इलैयाराजा ने एसपी को फर्जी हस्ताक्षर मामले की जांच करने एसपी को पत्र लिखा था। एसपी ने जांच स्पेशल ब्रांच को सौंप दी थी। डॉ पांडे ने पूर्व में यह कहकर जांच पर अंतरिम रोक ले ली थी कि पहले जांच हो चुकी है।ये है मामला_ प्राचार्य की याचिका लंबित रहने के दौरान कॉलेज की प्राध्यापक श्रीमती राखी ठाकुर ने हस्तक्षेप याचिका पेश की। उनकी ओर से अधिवक्ता समदर्शी तिवारी ने दलील दी कि राखी ने प्राचार्य को आवेदन दिया था कि पीएचडी पूरी होने पर उनकी वेतनवृद्धि की जाए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि पिछले सात सालों से राखी वेतनवृद्धि पाने भटक रही है। स्वशासी कॉलेज की गवर्निंग बॉडी का चेयरमैन कलेक्टर होता है। प्राचार्य ने पूर्व कलेक्टर छवि भारद्वाज के हस्ताक्षरयुक्त एक पत्र राखी को यह कहते हुए दिया कि उनका क्लेम रिजेक्ट हो गया है। इसी तरह दो अन्य कलेक्टर के पत्र भी राखी को दिए गए। राखी ने अपने स्तर पर जांच कराई तो तीनों पत्र फर्जी पाए गए। इस पर राखी ने तत्कालीन कलेक्टर इलैयाराज टी से इसकी शिकायत की।

# पूर्व सीएम शिवराज सिंह, बीडी शर्मा व भूपेन्द्र सिंह को फिलहाल राहत नहीं
### विशेष न्यायालय में आज उपस्थिति आवदेन पेश करने की स्वतंत्रता

जबलपुर।

दस करोड़ रुपये की मानहानि संबंधी मामले में प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद बीडी शर्मा व विधायक भूपेन्द्र सिंह ने हाईकोर्ट की शरण ली है। दरअसल मानहानि संबंधी मामले में जबलपुर की एमपीएमएलए विशेष कोर्ट में आज शुक्रवार को तीनों की उपस्थिति होनी है, जिसकों लेकर लोकसभा चुनाव की व्यस्तता बताते हुए अंतरिम राहत दिये जाने की प्रार्थना की गई। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने अंतरिम राहत देने से इंकार करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता व्यक्तिगत रूप से उपस्थित से छूट के लिए संबंधित न्यायालय के समक्ष आवेदन करें। जिस पर संबंधित न्यायालय विचार करेगी। अनावेदक के अधिवक्ता को याचिका की प्रति उपलब्ध कराने के निर्देश जारी करते हुए एकलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को निर्धारित की है।

गौरतलब है कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक कृष्ण तन्खा ने एमपीएमएलए कोर्ट जबलपुर में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा और विधायक भूपेंद्र सिंह के खिलाफ दस करोड़ की मानहानि का परिवाद दायर किया था। परिवाद में कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी आरक्षण से संबंधित उन्होंने कोई बात नहीं कही थी। उन्होंने मध्य प्रदेश में पंचायत और निकाय चुनाव मामले में परिसीमन और रोटेशन की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में पैरवी की थी। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में ओबीसी आरक्षण पर रोक लगा दी तो भाजपा नेताओं ने साजिश करते हुए इसे गलत ढंग से पेश किया। सीएम शिवराज, वीडी शर्मा और भूपेन्द्र सिंह ने गलत बयान देकर ओबीसी आरक्षण पर रोक का ठीकरा उनके सिर फोड़ दिया। जिससे उनकी छवि धूमिल करके आपराधिक मानहानि की है। एमपी एमएलए विशेष कोर्ट ने 20 जनवरी को न्यायाधीश विश्वेश्वरी मिश्रा ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए प्रथम दृष्टिया तीनों को धारा 500 दोषी मानने हुए प्रकरण दर्ज करने के निर्देश जारी किये थे। उक्त आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि अनावेदक ने आपराधिक मानहानि के साथ दस लाख का सिविल सूट भी दायर किया था। अनावेदक ने एक ही मामले में दो अलग-अलग प्रकरण दायर किये है। न्यायालय ने फैसला देते समय भौतिक परिस्थिति तथा प्रासंगिक प्रावधानों पर ध्यान नहीं दिया। प्रकरण में अभियोजन की अनुमति नहीं ली गयी थी। न्यायिक क्षेत्राधिकार के तहत एमपी एमएलए जबलपुर की बजाये भोपाल में परिवाद दायर किया जाना चाहिये था। याचिका में कहा गया था कि आज 22 मार्च को एमपी एमएलए कोर्ट जबलपुर में प्रकरण की सुनवाई है और याचिकाकर्ताओं को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश जारी किये गये है। लोकसभा चुनाव में व्यस्त होने के कारण वह व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने में असक्षम है। उन्हें व्यक्तिगत उपस्थिति की छूट प्रदान की जाये। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि अगली सुनवाई में अंतरिम राहत की मांग पर विचार किया जायेगा। याचिकाकर्ता व्यक्तिगत रूप से उपस्थित से छूट के लिए संबंधित न्यायालय के समक्ष आवेदन करें। जिस पर संबंधित न्यायालय विचार करेंगे। अनावेदक के अधिवक्ता को याचिका की प्रति उपलब्ध कराने के निर्देश जारी करते हुए एकलपीठ ने अगली सुनवाई 23 मार्च को निर्धारित की है।



## 'कंगुवा' का टीजर हुआ रिलीज, आमने सामने दिखे सूर्या और बॉबी देओल

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता सूर्या पिछले लंबे वक्त से अपनी आने वाली फिल्म 'कंगुवा' को सुर्खियों में बने हुए हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए अभिनेत्री दिशा पाटनी तमिल सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। फिल्म में बॉबी देओल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। प्रशंसक पिछले कुछ दिनों से फिल्म की एक झलक देखने का इंतजार कर रहे थे, जो खत्म हो चुका है। दरअसल, 'कंगुवा' का टीजर सामने आ चुका है। बता दें कि 'कंगुवा' को 38 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा, जब कोई तमिल फिल्म 38 भाषाओं में दर्शकों के बीच आएगी। फिल्म में सूर्या और बॉबी कभी नहीं देखे गए अवतार में नजर आएंगे, जिसकी झलक सामने आए टीजर में साफ दिख रही है।



लाइफ Style

# भूमि पेडनेकर

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर को आखिरी बार संजय मिश्रा के साथ फिल्म 'भक्षक' में देखा गया था। इसमे उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई थी। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। 'भक्षक' के जरिए भूमि ने ओटीटी की दुनिया में रखा था।

## पहली वेब सीरीज 'दलदल' का किया ऐलान

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अब भूमि ने अपनी पहली वेब सीरीज का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'दलदल' रखा गया है। इस सीरीज का निर्देशन 'गुल्लक' के निर्देशक अमृत राज गुप्ता करने वाले हैं। भूमि की पहली वेब सीरीज 'दलदल' ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। सीरीज की कहानी श्रीकांत अग्निस्वरन, रोहन डिसूजा और प्रिया सग्गी ने मिलकर लिखी है। इसकी कहानी विश धमीजा की किताब 'भिंडी बाजार' पर आधारित है। 'दलदल' में भूमि नव नियुक्त डीसीपी रीता फरेरा का किरदार निभाती नजर आएंगी। 'दलदल' के बाद भूमि फिल्म 'मेरी पत्नी का रीमेक' में अभिनय करती दिखाई देंगी। बता दें कि 8 सालों के करियर में भूमि की अब तक सिर्फ दो ही फिल्में हिट रही हैं। पहली फिल्म है बाला, जो 2019 में आई थी और दूसरी है पति, पत्नी और वो, जो भी उसी साल रिलीज हुई थी। इसके अलावा अब तक उनकी पांच फिल्में फ्लॉप रहीं। उनकी फ्लॉप फिल्मों की लिस्ट में सोनचिरैया, सांड की आंख, बधाई दो, रक्षा बंधन और भीड़ शामिल है। बहरहाल, इन फिल्मों के अलावा भूमि ओटीटी पर गोविंदा नाम मेरा और अफवाह में भी दिख चुकी हैं।

हॉलीवुड मसाला




## किम ने खोली अपनी पोल...

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड एक्टर किम कार्दशियन ने हाल ही में बड़ा खुलासा किया है। किम ने 'द गोप' पोडकास्ट के एपिसोड में खुलासा किया है कि मैंने अब थोड़ा बहुत पीना शुरू कर दिया है, कॉफी और शराब। किम ने 'द गोप' पोडकास्ट के एपिसोड में खुलासा करते हुए कहा, मैंने अब थोड़ा बहुत पीना शुरू कर दिया है, कॉफी और शराब। मुझे ऐसा लगता है कि मुझे खुद को थोड़ी छूट दे देनी चाहिए। बता दें ईऑनलाइन डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक किम ने इन्हें पीना क्यों शुरू किया, इस पर उन्होंने कहा कि वह हमेशा काम के मूड में रहने की अपनी आदत में बदलाव लाना चाहती हैं।




## रूह कंपा देने वाली फिल्म 'गॉडजिला वर्सेज कॉन्ग

**लॉस एंजिलस।** वार्नर ब्रदर्स की साल 2021 की सुपरहिट फिल्म 'गॉडजिला वर्सेज कॉन्ग' के सीक्वल ' 15 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुका है। मॉन्सटर्वर्स की इस फिल्म का दर्शकों को इंतजार था। फिल्म में स्पेशल इफेक्ट्स से बने गॉडजिला व किंग कॉन्ग की कहानी दिखाई गई है। बता दें कि कोरोना महामारी के बाद रिलीज हुई 'गॉडजिला वर्सेज कॉन्ग' को दर्शकों से जबरदस्त प्यार मिला था। फिल्म में हॉलीवुड स्टार एलेक्जेंडर स्कार्सगार्ड, रेबेका हाल, शन ओगुरी, ब्रयान टायरी हेनरी ने स्पेशल इफेक्ट्स से बने गॉडजिला व किंग कॉन्ग के साथ अहम किरदार निभाया था। बता दें कि इससे पूर्व वार्नर ब्रदर्स ने आधिकारिक तौर 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग' की अनाउंसमेंट करते हुए एक टीजर रिलीज किया था जिसमें भयानक रूह कंपा देने वाला मंजर दिखाई दे रहा था।



## समीर वानखेड़े ने किया मानहानि का केस

**मुंबई।** सोशल मीडिया स्टार और एक्ट्रेस राखी सावंत अक्सर विवादों में रहती हैं। अब एक बार फिर वो मुश्किल में घिरती नज़र आ रही हैं। मुंबई एनसीबी के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े ने राखी सावंत पर 11 लाख रुपए का मानहानि का केस ठोक दिया है। राखी के अलावा वकील काशिफ अली खान पर भी उन्होंने केस किया है। उन्होंने कहा है कि काशिफ अली खान ने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में जानबूझकर झूठ बोला और जो बयान दिया वो आधारहीन थे। याचिका में काशिफ के बयान का ज़िक्र है, जिसमें कथित तौर पर कहा गया था कि समीर वानखेड़े मीडिया को लेकर ऑबसेस्ड हैं और सेलिब्रिटीज़ को टारगेट करते हैं। उन्होंने ये भी दावा है कि काशिफ अली खान ने अपने सोशल मीडिया अकाइंट इंस्टाग्राम पर भी उसी तरह के कंटेंट को पोस्ट किया और उनके पोस्ट को राखी सावंत ने शेयर किया।



## मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना 'हम यहीं' रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म का गाना 'हम यहीं' रिलीज हो गया है। गाने के साथ कुणाल खेमू ने गायन-गीत लेखन के क्षेत्र में डेब्यू किया है। हम यहीं गाना कुणाल खेमू द्वारा सह-संगीतबद्ध, गाया और लिखा गया है। गाने का संगीत अंकुर तिवारी कंपोज किया है। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी 'मडगांव एक्सप्रेस' एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी।

टीवी मसाला



## मानिनी डे ने दालचीनी में जीता बेस्ट विलेन का पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली।** यह अभिनेत्री मनिनी डे के लिए जश्न मनाने का समय है, जिन्होंने हाल ही में आयोजित दंगल अवाड्र्स में अपने शो दालचीनी के लिए सर्वश्रेष्ठ खलनायिका का खिताब जीता है। अभिनेत्री का कहना है कि उन्हें अपनी सफलता का जश्न मनाना पसंद है, लेकिन उन्होंने इसे कभी अपने सिर पर हावी नहीं होने दिया। मैं हर जीत का जश्न भगवान को धन्यवाद कहकर मनाता हूं। मैं पार्टी करना चाहती हूं, लेकिन अभी तक मुझे ऐसा करने का कोई अवसर नहीं मिला है। एक और चीज जो मैं सुनिश्चित करती हूं वह है खुद से एक वादा कि मैं इसे कभी भी अपने सिर पर हावी नहीं होने दूंगी। मेरे माता-पिता ने मुझे हमेशा यह याद रखना सिखाया है कि सफलता को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। असफलता एक ऐसी चीज़ है जिससे आपका सिर नीचा नहीं होना चाहिए तो मैं उसी के अनुसार जीती हूँ। मैं बहुत आभारी हूं, मैं खुश हूं, मैं उत्साहित हूं और मैंने अपने लिए मानक और भी ऊंचा स्थापित किया है।भगवान के प्रति ईमानदार, जब मैं काम करती हूं, तो मैं इस उम्मीद के साथ काम नहीं करती कि मुझे कोई पुरस्कार मिलेगा।

## आदित्य की एक्शन फिल्म के हीरो बनेंगे रणवीर सिंह?

मुंबई। रणवीर सिंह को आखिरी बार फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में देखा गया था। अब अभिनेता निर्देशक रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आएंगे। अभिनेता इन दिनों इसी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। अफवाहों का बाजार गर्म है कि रणवीर एक एक्शन थ्रिलर फिल्म में नजर आने वाले हैं, जिसके निर्देशन की कमान यामी गौतम के पति और निर्देशक आदित्य धर ने संभाल रहे हैं। अब आदित्य ने इस खबर पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कहा जा रहा है कि रणवीर और आदित्य पिछले 3 हफ्तों में 4 से 5 बार मिल चुके हैं। अगर रणवीर और आदित्य साथ आते हैं तो इस फिल्म की शूटिंग मई 2024 की शुरुआत में शुरू होगी। यह फिल्म भारतीय खुफिया एजेंसियों की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें रणवीर का एक नया अवतार देखने को मिलेगा। 'सिंघम अगेन' के बाद रणवीर, फरहान अख्तर की सुपरहिट फ्रैंचाइजी 'डॉन' की तीसरी किस्त 'डॉन 3' में नजर आएंगे। इसमें उनकी जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। 'डॉन 3' 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 1978 में 'डॉन' फ्रैंचाइजी के मूल संस्करण में अमिताभ बच्चन मुख्य भूमिका में थे। 2006 में जावेद के बेटे फरहान अख्तर ने 'डॉन' का रीमेक बनाया और शाहरुख खान फिल्म के हीरो बने, जो 'डॉन 2' में भी थे।



## मेरे मेहबूब मेरे सनम बनी बेड न्यूज, दर्शकों को गुदगुदाएगी विक्की, तृप्ति और एमी की तिकड़ी

**मुंबई।** विक्की कौशल ने फिल्म निर्माता करण जौहर उनके साथ आने वाली फिल्म के बारे में अनाउंस कर दिया है। विक्की ने अपने प्रशंसकों को तृप्ति डिमरी और एमी विर्क के साथ एक नए प्रोजेक्ट के बारे में बताया। फिल्म का नाम है 'बेड न्यूज' नाम की यह फिल्म 19 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म का मोशन पोस्टर और रिलीज डेट जारी किया गया। बता दें कि पहले इस फिल्म का नाम 'मेरे मेहबूब मेरे सनम' था। बेड न्यूज में विक्की कौशल,तृप्ति डिमरी और एमी पहली बार एक साथ नजर आएंगे। आनंद तिवारी द्वारा निर्देशित



इस फिल्म में नेहा धूपिया नजर आएंगी। फिल्म के निर्माता करण जौहर ने लिखा, सबसे मनोरंजक हंगामे के लिए तैयार हो जाइए, हंसाने वाली कई घटनाएं... एक कॉमेडी फिल्म जो सच्ची घटनाओं से प्रेरित है आपका इंतजार कर रही है!! #सिनेमाघरों में 19 जुलाई 2024 को बैडन्यूज़!

### फैंस को टीजर का बेसब्री से इंतजार

अनाउंसमेंट करने से पहले विक्की कौशल ने तृप्ति और एम्मी के साथ एक मजेदार वीडियो शेयर कर पूछा था कि आप पहले कौन सी न्यूज सुनना चाहेंगे, गुड या बैड, जवाब में एमी ने गुड कहा था तो वहीं तृप्ति ने बैड कहा था। फैंस को एक्टर्स का ये प्रमोशनल तरीका भी काफी अच्छा लगा था। फैंस को अब बेसब्री से फिल्म के टीजर का इंतजार है।

## रणबीर कपूर की 'रामायण' के लिए करना होगा लंबा इंतजार, इस साल नहीं शुरू होगी शूटिंग




**मुंबई।** नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' लंबे समय से चर्चा में है। खासकर फिल्म 'आदिपुरुष' से मिली निराशा के बाद लोगों की नजरें इस फिल्म पर है। फिल्म के कलाकारों को लेकर तरह-तरह की खबरें आती रहती हैं। चर्चा है कि फिल्म में रणबीर कपूर राम बनेंगे और कन्नड़ सुपरस्टार यश, रावण की भूमिका निभाएंगे। हालांकि, इसे लेकर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। नई खबर के मुताबिक फिल्म के ठंडे बस्ते में जाने के आसार दिख रहे हैं।

### 'रामायण' में ये सितारे भी निभाएंगे अहम किरदार


*'रामायण' में भगवान राम बने रणबीर की जोड़ी साई पल्लवी के साथ बनी है, जो माता सीता का किरदार निभाएंगी। विभीषण की भूमिका के लिए विजय सेतुपति से संपर्क किया गया है। उधर, कैकई के किरदार के लिए लारा दत्ता से बातचीत चल रही है और सनी देओल भगवान हनुमान बने नजर आ सकते हैं। इसके अलावा रकुल प्रीत सिंह भी फिल्म से जुड़ गई हैं। अभिनेत्री शूर्पणखा की भूमिका में दिखाई देंगी।*

### अगले साल शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

*'रामायण' का निर्देशन नितेश तिवारी करने वाले हैं, वहीं फिल्म का निर्माण मधु मंटेना, नमित मल्होत्रा और अल्लू अरविंद मिलकर कर रहे हैं। बॉलीवुड हंगामा की ताजा खबर के मुताबिक, मधु और नमित के बीच अनबन चल रही है। यही वजह है कि 'रामायण' में देरी हो रही है। सूत्र ने कहा, "टीम के अंदर बहुत सारे आंतरिक मुद्दे हैं जिन्हें हल किया जाना बाकी है।" फिल्म की शूटिंग इस साल शुरू नहीं होगी।*

## अरबाज खान को भाता है फिल्म निर्माण बोले- अभिनय ना भी करूं तो कोई बात नहीं

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता और फिल्म निर्माता अरबाज खान इस समय अपनी फिल्मों और निजी जिंदगी को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। अभिनेता ने जहां 'दबंग 4' की रिलीज का वादा किया है, वहीं वह तकरीबन 4 साल बाद 'पटना शुक्ला' से बतौर निर्माता वापसी करने वाले हैं। ऐसे में हाल में अरबाज ने इतने वर्षों तक कैमरे से दूर रहने और किसी भी फिल्म का निर्माण ना करने को लेकर अपने विचार साझा किए। अरबाज ने कहा कि अगर मैं अभिनय नहीं कर रहा होता हूं तो यह मेरे लिए कोई दिक्कत वाली बात नहीं है। मेरे लिए अभिनय ना करना कोई बड़ा त्याग नहीं है। एक फिल्म की शूटिंग में लगभग 45 दिन लगते हैं, मैं अपने शेड्यूल से इतना समय निकाल सकता हूं। अरबाज के निर्देशन में बनी पटना शुक्ला फिल्म में रवीना टंडन मुख्य भूमिका में होंगी। रवीना के साथ इसमें सतीश कौशिक, मानव विज, चंदन रॉय सान्याल, जतिन गोस्वामी और अनुष्का कौशिक हैं। विवेक बुडाकोटी निर्देशित 'पटना शुक्ला' डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। फिल्म 29 मार्च से स्ट्रीम होगी।



## 'लव एंड वॉर': आलिया भट्ट के साथ काम करने को उत्साहित विक्की कौशल

**मुंबई।** विक्की कौशल को आखिरी बार फिल्म 'डंकी' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई। अब विक्की, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क के साथ फिल्म 'बैड न्यूड' में नजर आएंगे। इसके अलावा विक्की के पास संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' भी हैं, जिसे लेकर अभिनेता काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में आलिया भट्ट और रणबीर कपूर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अब विक्की ने फिल्म को लेकर अपनी खुशी जाहिर की है। यह फिल्म 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



### आलिया और रणबीर अपनी कला में माहिर हैं : विक्की

विक्की हाल ही में नेहा धूपिया के शो 'नो फिल्टर नेहा' में पहुंचे थे, जहां उन्होंने बताया कि वह फिल्म 'लव एंड वॉर' को लेकर काफी उत्साहित हैं। विक्की ने कहा, /"मुझे लगता है कि आलिया-रणबीर अपनी कला में माहिर है और यह अवसर पाना मेरे लिए बहुत मायने रखती है। मैं सच में बहुत खुश हूं। मैं उन दोनों के साथ एक ही सेट पर रहने के लिए बहुत उत्सुक हूं।

### विक्की की झोली में हैं ये फिल्में

विक्की ने आगामी फिल्म 'बैड न्यूज' 19 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। कॉमेडी के साथ रोमांस के तड़के से भरपूर इस फिल्म के निर्देशन के कमान आनंद तिवारी ने संभाली है तो वहीं करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं। विक्की इन दिनों अपनी फिल्म एक्शन फिल्म 'छावा' में व्यस्त हैं। वह इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे संभाजी राजे का किरदार निभा रहे हैं। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख का ऐलान नहीं हुआ है।

# आइस्क्रीम कारोबार अलग करेगी यूनीलीवर, होगी 7500 कर्मियों की छंटनी

एजेंसी ›› नई दिल्ली

ब्रिटेन की दिग्गज कंपनी-यूनीलिवर पीएलसी ने बेन एंड जेरी जैसे ब्रांड वाले अपने आइसक्रीम कारोबार को अलग करने की योजना बनाई है। कंपनी ने कहा कि इसके लिए कई विकल्पों पर विचार किया जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि कंपनी डीमर्जर के जरिए नए कारोबार की लिस्टिंग योजना पर विचार कर सकती है। बता दें कि यूनीलिवर पीएलसी के आइसक्रीम डिवीजन की साल 2023 में 7.9 बिलियन यूरो (8.6 बिलियन डॉलर) की बिक्री हुई थी।

### 7500 कर्मचारियों की छंटनी

यूनीलिवर पीएलसी के री-स्ट्रक्चरिंग प्लान की वजह से 7500 कर्मचारियों की छंटनी होने वाली है। कंपनी ने कहा कि यह कदम व्यापक री-स्ट्रक्चरिंग का हिस्सा है। नौकरी में कटौती से अगले तीन वर्षों में 800 मिलियन यूरो तक के फायदे की उम्मीद की जा रही है।

### साल 2023 में आइसक्रीम 7.9 बिलियन यूरो में बेचा गया

- बेन एंड जेरी जैसे ब्रांड को अलग करने की योजना बनाई





### चार कारोबार पर है फोकस

री-स्ट्रक्चरिंग से यूनीलिवर पीएलसी का ध्यान चार कारोबार पर केंद्रित हो जाएगा। ये चार कारोबार- ब्यूटी एंड वेलबीइंग, पर्सनल केयर, होमकेयर और न्यूट्रिशियन। इससे पहले कंपनी की प्रतिद्वंद्वी नेस्ले एसए ने पहले निजी इक्विटी फर्म पीएआई पार्टनर्स के साथ एक ज्वाइंट वेंचर स्थापित करके अपने आइसक्रीम कारोबार को अलग कर दिया था। कंपनी की ओर से आइसक्रीम इकाई को अलग करने से यूनीलिवर की बड़ी टेंशन खत्म हो जाएगी।

### किस तरह की टेंशन

दरअसल, कंपनी को अपने ब्रांड बेन एंड जेरी द्वारा उठाए गए राजनीतिक रुख पर कई विवादों से निपटना पड़ा है। दिसंबर 2022 में ब्रांड द्वारा इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में बेचे जाने वाले उत्पादों पर आपत्ति जताने के बाद यूनीलिवर ने बेन एंड जेरी के स्वतंत्र बोर्ड के साथ एक अदालती लड़ाई को सुलझाया। इससे पहले यूनीलिवर ने बेन एंड जेरी के एक विवादित सोशल मीडिया पोस्ट पर भी कई सवाल झेले थे। पोस्ट में लिखा गया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने से कुछ हफ्ते पहले यूरोप में सेना भेजकर युद्ध की आग भड़का रहे थे।

## खबर संक्षेप

### टीएसी इन्फोसेक का आईपीओ 27 मार्च को खुलेगा




**नई दिल्ली।** जोखिम प्रबंधन क्षेत्र की वैश्विक कंपनी टीएसी इन्फोसेक लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 27 मार्च को खुलेगा। टीएसी इन्फोसेक ने आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 100-106 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आईपीओ दो अप्रैल को बंद होगा।

### न्यूजीलैंड 18 महीनों में दूसरी बार आया मंदी की चपेट में




**वेलिंगटन।** सकल घरेलू उत्पाद आंकड़ों के नवीनतम दौर में 2023 की अंतिम तिमाही में न्यूजीलैंड की अर्थव्यवस्था में गिरावट की पुष्टि होने के बाद देश में 18 महीनों में दूसरी बाद मंदी का दौर आ गया है। स्टैट्स एनजेड ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि दिसंबर तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था में 0.1 प्रतिशत और प्रति व्यक्ति के हिसाब से 0.7 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### किआ के वाहन एक अप्रैल से तीन फीसदी होंगे महंगे




**नई दिल्ली।** वाहन कंपनी किआ इंडिया एक अप्रैल, 2024 से अपने वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। वाहन विनिर्माता कंपनी ने बयान में कहा कि यह निर्णय जिंस कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला से संबंधित लागत में वृद्धि को देखते हुए लिया गया है। किआ सेल्टोस, सोनेट और कैरेन्स मॉडल बेचती है।

### नवीन जिंदल ने आईएसए के अध्यक्ष का पदभार संभाला



**नई दिल्ली।** जिंदल स्टील एंड पावर के चेयरमैन नवीन जिंदल ने बृहस्पतिवार को भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाल लिया। आईएसए ने बयान में कहा कि नवीन जिंदल ने एएमएनएस इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दिलीप ओमेन का स्थान लिया है। उनका कार्यकाल 21 मार्च से प्रभावी हो गया है।

### वत्स निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया ने सौरभ वत्स को कंपनी का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि उनका कार्यकाल एक अप्रैल, 2024 से प्रभावी होगा। वत्स 15 जनवरी को कंपनी के उप प्रबंध निदेशक के तौर पर नियुक्त किए गए थे। वत्स निसान इंडिया परिचालन के अध्यक्ष और 'बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन' के क्षेत्रीय प्रभाग के उपाध्यक्ष फ्रैंक टोरेस को रिपोर्ट करेंगे। उन्होंने राकेश श्रीवास्तव का स्थान लिया है, जो 31 मार्च, 2024 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### सेंट्रल बैंक के एमडी राव बने आईबीए के चेयरमैन

**मुंबई।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एमवी राव को को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) का चेयरमैन नियुक्त किया गया। आईबीए की प्रबंध समिति ने बृहस्पतिवार को हुई अपनी बैठक में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा, इंडियन बैंक के प्रबंध एवं सीईओ एस एल जैन और सिटी यूनियन बैंक के प्रबंध और सीईओ एन कामाकोडी को उपाध्यक्ष के रूप में चुना। आईबीए ने बयान में कहा कि बैंक ऑफ बहरीन एंड कुवैत के कंट्री प्रमुख और सीईओ माधव नायर को मानद सचिव के रूप में भी चुना गया।

### फिक्की-आईबीए बैंकर ने जारी की सर्वे रिपोर्ट

# सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह के दौरान आई कमी

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएसबी) की गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में पिछले छह माह में कमी आई है। फिक्की-आईबीए बैंकर के बृहस्पतिवार को जारी सर्वेक्षण में कहा गया है कि इस अवधि में निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घटा है।

एजेंसी ›› नई दिल्ली

सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है। उद्योग मंडल फिक्की-आईबीए बैंकर्स सर्वेक्षण का 18वां दौर जुलाई से दिसंबर, 2023 की अवधि में किया गया था।

- निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घटा
- 77 फीसदी बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई
- निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में पीएसयू बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता सुधरी

### सकल एनपीए का दायरा 3 से 3.5 फीसदी के दायरे में रहेगा

सर्वेक्षण में सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और विदेशी बैंकों सहित कुल 23 बैंकों ने भाग लिया। संपत्ति के आकार के आधार पर वर्गीकृत ये बैंक कुल मिलाकर लगभग 77 प्रतिशत बैंकिंग उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हैं। फिक्की-आईबीए बैंकर्स रिपोर्ट में शामिल आधे से अधिक बैंकों का मानना है कि अगले छह महीनों में सकल एनपीए 3-3.5 प्रतिशत के दायरे में रहेगा।




*22 प्रतिशत निजी बैंकों का एनपीए बढ़ा : सर्वेक्षण में कहा गया, 'प्रतिक्रिया देने वाले सभी पीएसबी ने एनपीए के स्तर में कमी स्वीकार की है, जबकि भाग लेने वाले निजी क्षेत्र के बैंकों में से 67 प्रतिशत बैंकों ने एनपीए में कमी देखी है। किसी भी पीएसबी और विदेशी बैंक ने पिछले छह माह में एनपीए स्तर में वृद्धि नहीं देखी है, जबकि 22 प्रतिशत निजी बैंकों का एनपीए बढ़ा है।'*

### बैंकों ने उच्च एनपीए के क्षेत्रों को किया चिन्हित

जिन क्षेत्रों में एनपीए का उच्चस्तर जारी है, उनमें से अधिकांश बैंकों ने खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को चिह्नित किया है। सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि अगले छह महीनों में गैर-खाद्य उद्योग ऋण के लिए दृष्टिकोण आशावादी है, 41 प्रतिशत बैंकों को गैर-खाद्य उद्योग ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत से ऊपर रहने की उम्मीद है।

### बैंकों तक पहुंच आसान बनाने दिशानिर्देश जारी

सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र तक पहुंच को सुगम करने से संबंधित दिशानिर्देशों के मसौदे पर लोगों से टिप्पणियां एवं सुझाव आमंत्रित किए हैं ताकि बैंकिंग सेवाओं को दिव्यांगों समेत सभी लोगों के लिए सुलभ बनाया जा सके। दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग के नियमों के मसौदे में बैंकिंग क्षेत्र के भीतर भौतिक बुनियादी ढांचे, स्वचालित मशीनों, डिजिटल मंच और प्रशिक्षण पहल के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है।

### सेवा काउंटर सभी के लिए सुलभ हों

इन दिशानिर्देशों में कहा गया है कि इसका उद्देश्य एक ऐसा वातावरण बनाना है जो बैंकों के भीतर विविध क्षमताओं वाले व्यक्तियों का स्वागत और समायोजन कर सके। इसके मुताबिक, बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी जानकारी या सेवा काउंटर सभी उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ हों। इसमें व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं, छोटे कद के व्यक्तियों और देखने-सुनने में अक्षम लोगों के लिए प्रावधान शामिल हैं।

### 20 अप्रैल तक सुझाव आमंत्रित

दिशानिर्देशों में एटीएम और स्वयं-सहायता मशीनों के लिए पहुंच प्रावधानों का विस्तृत विवरण दिया गया है। इसके अलावा बैंकिंग वेबसाइट और डिजिटल दस्तावेजों को विकलांग उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ बनाने के लिए तैयार किया किया जाना चाहिए। सरकार ने आम जनता और हितधारकों से प्रस्तावित दिशानिर्देशों पर 20 अप्रैल तक प्रतिक्रिया और सुझाव आमंत्रित किए हैं।

## डिजिटलीकरण के जोखिमों से बचाने नियामकीय ढांचा जरूरी

एजेंसी ›› नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा है कि वित्तीय सेवाओं के तेजी से डिजिटल होने और वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार होने से ग्राहकों को दुरुपयोग और धोखाधड़ी से बचाने के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की जरूरत है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में स्वामीनाथन ने पेरिस में आयोजित 'ग्लोबल मनी वीक2024' को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी ने वित्तीय सेवाओं में डिजिटलीकरण की प्रक्रिया तेज कर दी है, जिससे सेवाप्रदाताओं और ग्राहकों द्वारा ऑनलाइन लेनदेन में तेजी से बदलाव आया है।



- आरबीआई डिप्टी गवर्नर ने किया ग्लोबल मनी वीक को संबोधित

स्वामीनाथन ने कहा कि डिजिटलीकरण में इस उछाल के साथ वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार भी हुआ है। उन्होंने कहा कि अक्सर नियामकीय दायरे के बाहर काम करते हुए और पारंपरिक बैंकों को प्रभावित करने वाली परंपरागत प्रणालियों से न बंधी हुई वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनियां वित्तीय उत्पादों की पेशकश में उल्लेखनीय तीव्रता और अनुकूलनशीलता दर्शाती प्रदर्शित करती हैं। स्वामीनाथन ने कहा, 'ये विकास वास्तव में स्वागतयोग्य हैं।

### चुनौतियों से निपटने सक्रिय रहना जरूरी

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने विनियमन, पर्यवेक्षण और बढ़ी हुई उपभोक्ता जागरूकता के माध्यम से भारत में अपनाए गए कुछ दृष्टिकोण भी साझा किए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उभरते जोखिमों और चुनौतियों से निपटने के लिए सतर्क और सक्रिय रहना जरूरी है।

## श्नाइडर इलेक्ट्रिक भारत को विनिर्माण केंद्र बनाएगा

एजेंसी ›› बेंगलुरु




- केंद्र बनाने 2026 तक 3,200 करोड़ रुपए का निवेश करेगी
- कंपनी ऊर्जा प्रबंधन और स्वचालन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी है

ऊर्जा प्रबंधन और स्वचालन क्षेत्र की कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने कहा कि वह भारत को घरेलू बिक्री के साथ निर्यात के लिए अपना विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए 2026 तक 3,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने इस योजना के तहत बृहस्पतिवार को यहां डेटा सेंटर के लिए कूलिंग समाधान तैयार करने को 100 करोड़ रुपये के निवेश से एक संयंत्र का उद्घाटन किया। श्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया के अध्यक्ष (वृहद भारत) और प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपक शर्मा ने संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर पीटीआई-भाषा से कहा कि कंपनी भारत को समूह के लिए विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए 3,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके हिस्से के रूप में, कंपनी पूरे भारत में अपने विभिन्न उत्पादों और समाधान के लिए विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनी महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड और ओडिशा में कारखाने स्थापित कर रही है। फिलहाल कंपनी के पूरे भारत में 30 कारखाने हैं, जिनमें बेंगलुरु का नया कूलिंग समाधान संयंत्र भी शामिल है। यह कूलिंग समाधान कारखाना देश में डेटा सेंटर पारिस्थितिकी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए नवोन्मेषी कूलिंग समाधानों के विकास पर ध्यान केंद्रित करेगा।

### 85 फीसदी उत्पादों का निर्यात किया जाएगा

यह संयंत्र लगभग 6.5 एकड़ क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये के निवेश से बनाया गया है। इस कारखाने में निर्मित लगभग 85 प्रतिशत उत्पादों का निर्यात किया जाएगा, जो डेटा सेंटर खंड के साथ इमारतों, उद्योग और बुनियादी ढांचे को भी आपूर्ति करेगा।

## डायरेक्ट सेलिंग उद्योग की बिक्री 12 फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** भारत में डायरेक्ट सेलिंग (प्रत्यक्ष बिक्री) उद्योग ने बीते वित्त वर्ष (2022-23) में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। एक रिपोर्ट में कहा गया कि इस दौरान इसने 'वेलनेस' और सौंदर्य प्रसाधन एवं व्यक्तिगत देखभाल खंड की अगुवाई में 21,282 करोड़ रुपये (2.5 अरब डॉलर से अधिक) की बिक्री दर्ज की है। इंडियन डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) द्वारा बुधवार को जारी वार्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, इसके अलावा, वित्त वर्ष 2022-23 में सक्रिय विक्रेताओं की कुल संख्या भी बढ़कर 86 लाख हो गई है, जिनमें से 63 प्रतिशत पुरुष हैं और शेष महिला बिक्री भागीदार हैं। आईडीएसए के अध्यक्ष विवेक कटोच ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पहले प्रत्यक्ष बिक्री क्षेत्र में पारंपरिक रूप से महिलाओं का वर्चस्व था।

## कार, मशीनरी की मांग से जापान का निर्यात आठ फीसदी बढ़ा

- फरवरी में कुल निर्यात 8 .2 लाख करोड़ येन रहा
- देश के निर्यात में लगातार तीसरे महीने बढ़ोतरी हुई

एजेंसी ›› टोक्यो




कारों और इलेक्ट्रिकल मशीनरी निर्यात में तेजी के बीच फरवरी माह में जापान के कुल निर्यात में 7.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। सरकार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सीमा शुल्क के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में कुल निर्यात 8.2 लाख करोड़ येन (55 अरब डॉलर) रहा। देश के निर्यात में लगातार तीसरे महीने बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फरवरी में व्यापार घाटा सालाना आधार पर 50 प्रतिशत से अधिक घटकर 379 अरब येन (2.5 अरब डॉलर) रह गया है। यह लगातार दूसरा महीना है जबकि जापान व्यापार घाटे की स्थिति में है। आंकड़ों के अनुसार, चीन को निर्यात केवल 2.5 प्रतिशत बढ़ा और पूरे एशिया में निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में 2.3 प्रतिशत अधिक हुआ। इससे पता चलता है कि मांग कम हो गई है। अमेरिका को निर्यात 18 प्रतिशत बढ़ा और यूरोपीय संघ (ईयू) को निर्यात लगभग 16 प्रतिशत बढ़ा है। आयात की तस्वीर मिली-जुली रही।

*जापान दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था : कोयले और तरलीकृत प्राकृतिक गैस जैसी प्रमुख वस्तुओं की कीमतों में गिरावट के कारण आयात में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह कुल मिलाकर लगभग नौ लाख करोड़ येन (60 अरब डॉलर) रहा। जापान इस समय दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।*

### आरबीआई ने बैंकों को दिया 31 शाखाएं और खोलने का निर्देश...




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को 31 मार्च को सरकारी कामकाज के लिए शाखाएं खोलने का निर्देश दिया है। 31 मार्च को रविवार है और यह चालू वित्त वर्ष का अंतिम दिन है। रबीआई ने बयान में कहा, 'रत सरकार ने सरकारी प्राप्तियों और भुगतान से संबंधित बैंकों की सभी शाखाओं को 31 मार्च, 2024 (रविवार) को लेनदेन के लिए खुला रखने का अनुरोध किया है ताकि वित्त वर्ष 2023-24 में प्राप्तियों और भुगतान से संबंधित सभी सरकारी लेनदेन का हिसाब रखा जा सके।' इसमें कहा गया कि इसी तरह एजेंसी बैंकों को सलाह दी जाती है कि वे 31 मार्च, 2024 (रविवार) को सरकारी व्यवसाय से संबंधित अपनी सभी शाखाएं खुली रखें।

## वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख से सेंसेक्स 539 अंक चढ़ा

एजेंसी ›› मुंबई



- निफ्टी 22,000 अंक के पार निकला
- फेड ने साल में तीन बार ब्याज दर कटौती के दिए संकेत

वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजारों के मानक सूचकांकों में बृहस्पतिवार को लगभग एक प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अनुमान जताया है कि इस साल ब्याज दर में तीन बार कटौती की जाएगी। इसके बाद वैश्विक बाजारों में तेजी आई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 539.50 अंक उछलकर 72,641.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 780.77 अंक तक उछलकर 72,882.46 अंक पर पहुंच गया था। यह लगातार दूसरा कारोबारी सत्र है जब सेंसेक्स लाभ में रहा है। निफ्टी भी 172.85 अंक चढ़कर 22,011.95 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो सबसे अधिक लाभ में रहीं।

### निवेशकों की पूंजी 5.72 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी के चलते बृहस्पतिवार को निवेशकों की पूंजी 5.72 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बाजार में इस तेजी की वजह से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 5,72,752.79 करोड़ रुपये बढ़कर 3,79,85,669.12 करोड़ रुपये हो गया।

### पिछले साल बैंकिंग संकट का शिकार हुआ था सिलिकॉन वैली बैंक

# भारतीय सब्सिडियरी में हिस्सा बेचेगा दिवालिया हुआ ये अमेरिकी बैंक

एजेंसी ›› नई दिल्ली

सिलिकॉन वैली बैंक का नाम पिछले साल चर्चा में रहा था। साल 2023 के दौरान आए बैंकिंग संकट का शिकार होने वाले बैंकों में सिलिकॉन वैली बैंक एक प्रमुख नाम था। उसके बाद दिवालिया होने के चलते सिलिकॉन वैली बैंक को बंद होना पड़ गया था। अब अमेरिकी बैंक की पैरेंट कंपनी अपनी भारतीय सब्सिडियरी में हिस्सेदारी बेचने की तैयारी में है।

- दिवालिया होने के चलते सिलिकॉन वैली बैंक को बंद करना

सिलिकॉन वैली बैंक को एसवीबी बैंक भी कहा जाता था। उसकी पैरेंट कंपनी एसवीबी फाइनेंशियल ग्रुप है, जो अब डिफाल्ट हो चुकी है। भारत में एसवीबी फाइनेंशियल ग्रुप की उपस्थिति एसवीबी ग्लोबल सर्विसेज इंडिया के मार्फत है, जो उसकी भारतीय अनुषंगी है।

कंपनी ने अब बताया है कि वह अपनी भारतीय सब्सिडियरी की हिस्सेदारी को बेचने जा रही है।

### इस बैंक को बेची जाएगी हिस्सेदारी

एसवीबी फाइनेंशियल ग्रुप ने एसवीबी ग्लोबल सर्विसेज इंडिया की अपनी हिस्सेदारी बेचने के बारे में जानकारी दी। उसने कहा कि एसवीबी ग्लोबल सर्विसेज इंडिया की हिस्सेदारी फर्स्ट सिटिजन बैंकशेयर्स को बेची जाएगी। फर्स्ट सिटिजन बैंकशेयर्स इंक एक अमेरिकी फाइनेंशियल कंपनी है, जिसका हेडक्वार्टर नॉर्थ कैरोलिना में है। कंपनी फर्स्ट सिटिजन्स बैंक नाम से बैंकिंग सेवाएं प्रदान करती है।




### अमेरिका का तीसरा बड़ा बैंकिंग फेल्योर

पिछले साल बैंकिंग संकट में अमेरिका और यूरोप के कई बैंक बंद हो गए. सिलिकॉन वैली बैंक के बंद होने से ही बैंकिंग संकट की शुरुआत हुई थी। इसे अमेरिका के बैंकिंग इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा बैंकिंग फेल्योर कहा जाता है। सिलिकॉन वैली बैंक से शुरू हुए संकट ने एक अन्य अमेरिकी बैंक सिग्नेचर बैंक को भी अपना शिकार बनाया था। वहीं कई अन्य अमेरिकी रीजनल बैंकों की वैल्यू आधी से भी ज्यादा कम हो गई थी।

### अगले महीने है अदालत में सुनवाई

हालांकि अभी इस सौदे की राह पूरी तरह से साफ नहीं हुई है। अभी मामले में अमेरिका की बैंकरप्सी अदालत में सुनवाई चल रही है। सिलिकॉन वैली बैंक को लेकर 9 अप्रैल को दिवालिया अदालत में सुनवाई होने वाली है। सुनवाई के बाद ही भारतीय सब्सिडियरी में हिस्सेदारी बेचने की मंजूरी मिल पाएगी। कंपनी को उम्मीद है कि अगली सुनवाई में उसे मंजूरी मिल जाएगी, जिसके बाद सौदे को पूरा किया जा सकेगा।

## क्रिस्टल का शेयर पहले दिन गिरावट के साथ सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** सुविधा प्रबंधन और सुरक्षा सेवा प्रदाता क्रिस्टल इंटिग्रेटेड सर्विसेज लिमिटेड का शेयर बृहस्पतिवार को 715 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 11 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ सूचीबद्ध होने के बाद मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। कंपनी के शेयर ने बीएसई पर निर्गम मूल्य से 11.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 795 रुपये पर शुरुआत की। कारोबार के दौरान कंपनी का शेयर 1.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ 703.05 रुपये तक आ गया और अंत में यह 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 712.30 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर यह 9.79 प्रतिशत बढ़त के साथ 785 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

## चिंतन

# एनपीए में कमी आने से सुधरेंगे बैंकिंग सेक्टर

बेशक अमेरिकी व यूरोपीय बैंकिंग सेक्टर की हालत पतली है और बैंकों को कर्ज पर ब्याज बढ़ाने पड़ रहे हैं, लेकिन भारतीय बैंकों की हालत में सुधार हो रही है। भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के एनपीए (गैर-निष्पादित आस्तियों) में कमी आ रही है। फिक्की-आईबीए बैंकर के बृहस्पतिवार को जारी सर्वेक्षण में कहा गया है कि पिछले छह माह में निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घटा है। सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में इस अवधि के दौरान गिरावट आई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है। उद्योग मंडल फिक्की-आईबीए बैंकर्स सर्वेक्षण का 18वां दौर जुलाई से दिसंबर, 2023 की अवधि में किया गया था। सर्वेक्षण में सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और विदेशी बैंकों सहित कुल 23 बैंकों ने भाग लिया। पिछले वर्ष दिसंबर में सरकार ने संसद में कहा था कि वर्ष 2015 से वर्ष 2023 के बीच बैंकों का एनपीए 10.42 लाख करोड़ है। इस दरम्यान करीब 1.61 लाख करोड़ रुपये एनपीए की वसूली भी हुई। सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक बैंड बैंक, वसूली के प्रति सख्ती, दिवालिया कानून में बदलाव, कड़ी मौद्रिक नीति, तर्कसंगत ब्याज दरें और सरकार की ओर से समय समय पर पीएसबी को पूंजी सहयोग के चलते भारतीय बैंकों के एनपीए में कमी आई और बैंकों की वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ। ताजा सर्वे के मुताबिक, आधे से अधिक बैंकों का मानना है कि अगले छह महीनों में सकल एनपीए 3-3.5 प्रतिशत के दायरे में रहेगा। सर्वे में यह तथ्य भी सामने आया है कि इस अवधि में 22 प्रतिशत निजी बैंकों का एनपीए बढ़ा है। जिन क्षेत्रों में एनपीए का उच्चस्तर जारी है, उनमें से अधिकांश बैंकों ने खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को चिह्नित किया है। सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि अगले छह महीनों में गैर-खाद्य उद्योग ऋण के लिए दृष्टिकोण आशावादी है, 41 प्रतिशत बैंकों को गैर-खाद्य उद्योग ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत से ऊपर रहने की उम्मीद है, जबकि 18 प्रतिशत को लगता है कि गैर-खाद्य उद्योग ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत से अधिक होगी। उद्योगों को कर्ज वृद्धि 10-12 प्रतिशत की सीमा में होगी। वित्त वर्ष 2024 के अंत तक भारतीय बैंकों का सकल एनपीए अनुपात 2.90-3.05 प्रतिशत हो सकता है। 30 सितंबर, 2023 तक एनपीए अनुपात 0.8 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर था। एसएंडपी ग्लोबल का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025 तक एनपीए गिरकर 3.5% हो जाएगा। एनपीए का मतलब है गैर-निष्पादनकारी परिसंपत्तियां। यह वित्तीय संस्थानों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला एक ऐसा वर्गीकरण है जिसका सीधा संबंध कर्ज/ऋण/लोन न चुकाने से होता है। जब ऋण लेने वाला व्यक्ति 90 दिनों तक ब्याज अथवा मूलधन का भुगतान करने में विफल रहता है तो उसको दिया गया ऋण एनपीए माना जाता है। आरबीआई ने अपनी द्विवार्षिक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में बताया कि शुद्ध एनपीए रेश्यो गिरकर 1.0 फीसदी पर आ गया है। जनधन खाते, कृषि क्षेत्र को सस्ती दर पर लोन, मुद्रा लोन, स्ट्रीट वेर को कर्ज व नई विश्वकर्मा योजना आदि के बावजूद अगर भारतीय बैंक एनपीए कम करने में सफल हो रहे हैं, तो यह बेहतर बैंकिंग प्रबंधन व अनुशासित वित्तीय प्रबंधन के बल पर संभव हो रहा है। एनपीए में कमी बैंकिंग सेक्टर की ग्रोथ को गति प्रदान करेगी, इसके लिए जरूरी है कि बैंक एनपीए वसूली के प्रति सख्त, सतर्क स सजग रहें।

## राजनीति
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



# सरकार के गठन में महिला वोटरों की होगी अहम भूमिका

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में 18वीं लोकसभा के चुनाव का बिगुल बज गया है। सीधी सी बात है कि 4 जून चुनाव परिणाम के दिन दोपहर बाद तक 18वीं लोकसभा की तस्वीर साफ हो जाएगी। खैर यह अलग बात है पर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत दो चुनावों ने देश की महिला वोटरों ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मजे की बात यह भी है कि 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया है। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के एक दर्जन के करीब राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि मतदान ही नहीं चुनावों में सक्रियता से हिस्सा लेने और चुनावों में उम्मीदवारी जताने में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा के आम चुनावों में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थी वहीं गत 2019 के आम चुनाव में 78 महिला सांसद चुन कर आई। हांलाकि आधी आबादी को मुख्यधारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नए नए सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम ही रह जाती है। अनुभव तो यही बताता है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा आधी तो दूर की बात एक तिहाई सीटों पर भी महिलाओं को टिकट नहीं दिए जाते है। सबसे अच्छी बात यह है कि गांव हो या शहर महिलाएं अब पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही है। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में महिलाएं सक्रियता से हिस्सा लेने लगी हैं।



पिछले चुनावों के आंकड़ों से यह सब साफ हो चुका है। इस साल देश में 96 करोड़ 88 लाख मतदाता है तो इनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 47 करोड़ 15 लाख के करीब है। एक मोटे अनुमान के अनुसार पुरुषों की तुलना में करीब दो करोड़ महिला मतदाता कम है। कमोबेश यही स्थिति 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान थी। इस सबके बावजूद पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं के मतदान का आंकड़ा अधिक है। 2019 के चुनावों में पुरुष मतदाताओं का प्रतिषत 67.02 प्रतिशत रहा तो महिलाओं के मतदान का प्रतिशत 67.18 प्रतिशत रहा। पूर्वोत्तर, हिमाचल, गोवा, बिहार सहित बहुत से प्रदेशों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा। यह तो रही मतदान की बात तो दूसरी और नई सरकार बनाने में भी महिला मतदाताओं की अधिक भूमिका रही है। देखा जाए तो महिलाओं ने जिस दल पर अधिक भरोसा जताया उसी दल की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि 2014 में मोदी सरकार बनने और 2019 में रीपिट होने का प्रमुख कारण भी महिलाओं को भाजपा और खासतौर से नरेन्द्र मोदी पर अधिक भरोसा जताने को जाता है। 2004 के चुनावों में 22 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा और 26 प्रतिषत पुरुषों ने कांग्रेस को वोट दिया था वहीं 2019 के चुनाव आते आते इसमें जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। 2019 के चुनावों में महिलाओं द्वारा मोदी में विश्वास व्यक्त करने का आंकड़ा 36 प्रतिशत पहुंच गया। विगत दो लोकसभा चुनाव परिणामों से सबक लेते हुए अब सभी राजनीतिक दल महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के हरसंभव प्रयास में जुट गए हैं। यही कारण है कि महिलाओं को लुभाने वाली योजनाएं और कार्यक्रम ना केवल घोषित किए जा रहे हैं, अपितु राजनीतिक दलों के आने वाले चुनाव घोषणा पत्रों में महिला मतदाताओं को लुभाने के हरसंभव प्रयास होंगे। देश की विभिन्न प्रदेशों की विधान सभाओं के चुनावों में हम यह साफ रूप से देख चुके हैं। केन्द्र सरकार की उज्ज्वला योजना, मध्यप्रदेश की लाडली योजना, लखपति लाड़ली योजना, महिला मुखिया को नकद राशि और मुफ्त बस यात्रा ने कांग्रेस को कर्नाटक और तेलंगाना में देखा जा चुका है। आप महिला सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं को लुभाने का प्रयास कर रही है। खैर यह अलग बात है, पर यह साफ हो चुका है कि देश के लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाने जा रही है। अब महिला मतदाताओं को कमतर नहीं आंका जा सकता। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी इसे शुभ संकेत माना जा सकता है। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं कि आने वाले चुनावों में राजनीतिक दलों की निगाहें महिला मतदाताओं की और ही रहेगी।



दरकार
शिशिर शुक्ला

# शिक्षा में बुद्धिमत्ता से हो एआई का प्रयोग

> कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एक वरदान के रूप में देखते हुए हमें इसका उपयोग विषम परिस्थितियों एवं ऐसी स्थिति में करना चाहिए जहां पर मानव सामान्य रूप से कार्य करने में समर्थ नहीं है। उदाहरण के लिए, हमने 3 वर्ष पहले कोरोना जैसी महामारी को झेला है। इस महामारी ने प्रत्येक मनुष्य को किसी न किसी रूप में एवं किसी न किसी स्तर तक प्रभावित किया है। ऐसे गंभीर संकटों के समय में शिक्षा को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए कृत्रिम मेधा का सहारा लिया जाना चाहिए। निष्कर्षत: यही कहा जा सकता है कि शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग शिक्षा के स्वरूपमें आमूलचूल परिवर्तन कर सकता है बशर्ते कि वह प्रयोग बुद्धिमत्ता के आधार पर किया जाए।

हाल ही में भारत को पहली एआई शिक्षिका मिली है। निश्चित रूप से तकनीकी के क्षेत्र में यह देश की अभूतपूर्व उपलब्धि है। केरल के तिरुवनंतपुरम के एक स्कूल में पेश की गई इस रोबोट शिक्षिका का नाम 'आइरिस' है। यह रोबोट शिक्षिका चैट जीपीटी जैसे एआई प्रोग्रामों से लैस है और इसके पास गणित व विज्ञान जैसे विषयों के प्रश्नों का उत्तर देने की क्षमता भी है। तीन भाषाओं में बात कर सकने वाली एआई शिक्षिका साड़ी पहनकर स्कूल पहुंची और उसने बच्चों से हाथ भी मिलाया। शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग का यह अपने आप में एक अनूठा उदाहरण है। यूं तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शुरुआत 1950 में हुई थी, किंतु इसका तीव्रतर विकास 1970 के बाद आरंभ हुआ। हाल की बात की जाए तो नवंबर 2022 में चैट जीपीटी नामक ओपन एआई चैटबॉट के अस्तित्व में आने के बाद कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में निस्संदेह एक क्रांतिकारी प्रादुर्भाव हुआ है। चैट जीपीटी में उच्च स्तरीय अल्गोरिथम एवं प्रोग्रामिंग का प्रयोग करके प्रश्नों के उत्तर देने का एवं मानव के उन सभी कार्यों को सहज व सरल बनाने का प्रयास किया जाता है, जिनको पूर्ण करने के लिए उसे अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करना पड़ता है। इसी चैट जीपीटी को रोबोट के साथ संयुक्त करके कृत्रिम शिक्षक को अस्तित्व में लाया गया है। यहां पर एक विचारणीय प्रश्न यह उठता है कि शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा का प्रयोग कहां तक उचित है एवं अगर कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकास के मार्ग पर इसी द्रुत गति से दौड़ती रही तो भविष्य का स्वरूप कैसा होगा। अभी कुछ ही दिन पहले की बात है कि इंग्लैंड के एक स्कूल ने एआई चैटबॉट को प्रिंसिपल हेड टीचर बनाया है एवं विद्यार्थियों को भी एआई आधारित पर्सनल असिस्टेंट दिए गए हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा का समावेश आखिरकार किस सीमा तक उचित है। इस प्रश्न का उत्तर जानने हेतु हमें कहीं भटकने की कोई आवश्यकता नहीं है, अपितु अपनी बुद्धिमत्ता के घोड़े दौड़ाकर एक तर्कपूर्ण मंथन करने की आवश्यकता है। जरा सोचिए कि क्या किसी विद्यालय अथवा महाविद्यालय को पूर्णतया कृत्रिम मेधा से लैस रोबोट शिक्षकों के हवाले किया जा सकता है एवं ऐसा कदम उठाकर क्या विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर चिंतामुक्त हुआ जा सकता है। इन प्रश्नों पर अगर हम मंथन करें तो हमें इनका उत्तर नकारात्मक ही मिलेगा। कारण यह है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित रोबोट शिक्षक महज एक उच्च कोटि की एल्गोरिथम एवं सूचनाओं की उच्च भंडारण क्षमता से युक्त मशीन है। यह प्रश्नों का उत्तर तो कदाचित दे सकती है, किंतु जब बात जिज्ञासाओं एवं रचनात्मकता की होगी तब निश्चित रूप से यह औंधे मुंह गिर पड़ेगी। वजह स्पष्ट है कि स्मृति क्षमता एवं तर्कशक्ति में जमीन आसमान का अंतर है। एआई आधारित मशीनी शिक्षक वास्तविक शिक्षक का स्थान कभी नहीं ले सकता, क्योंकि किसी भी विषय पर सोचने, समझने एवं तर्क प्रस्तुत करने की क्षमता फिलहाल उसके पास नहीं है एवं किसी भी विषय को बेहतर ढंग से समझने के लिए उस पर अपनी विचार शक्ति एवं तर्क क्षमता का प्रयोग करना नितांत आवश्यक




है। आंकड़े यह कहते हैं कि एआई वर्ष 2030 तक 30 करोड़ नौकरियां खा जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संबंध में की गई टिप्पणी भी यह कहती है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक ऐसी तकनीकी क्रांति है जो हमारी उत्पादकता, वैश्विक आय एवं विकास को बढ़ाएगी, किंतु यही तकनीकी क्रांति नौकरियां लील सकती है एवं असमानता की खाई को और अधिक चौड़ा कर सकती है। आखिर इन सभी रिपोर्टों का क्या मतलब है। क्या भविष्य में शिक्षक अपनी नौकरी से हाथ धो बैठेगा एवं उसे प्रतिस्थापित करने वाली एक निर्जीव मशीन होगी। संभवतः ऐसा अनुमान इसलिए लगाया जा रहा है कि मशीनी शिक्षक को कोई तनख्वाह नहीं चाहिए। उसे केवल और केवल अपने अंदर लगाई गई बैटरी की चार्जिंग की आवश्यकता है। वहीं दूसरी तरफ बजट का एक अच्छा खासा हिस्सा शिक्षकों के वेतन पर खर्च होता है। दूसरा बिंदु यह है कि मानव शिक्षकों के द्वारा समय-समय पर अपनी विभिन्न मांगों को प्रस्तुत किया जाता है एवं उनके पूर्ण न होने की दशा में विरोध प्रदर्शन भी किया जाता है, जबकि मशीनी शिक्षक कभी किसी तरह की कोई मांग प्रस्तुत नहीं करेगा, विरोध प्रदर्शन तो बहुत दूर की बात हो गई। कुछ अन्य अंतरों पर गौर करें तो मशीनी शिक्षक विद्यार्थियों को एक ही विषय चाहे जितनी बार पढ़ा सकता है जबकि मानव शिक्षक को एक ही बिंदु अथवा अध्याय की बार-बार पुनरावृत्ति करने के लिए कहने पर उसे मानसिक तनाव अथवा झुंझलाहट का अनुभव हो सकता है। इन तर्कों से तो यही प्रतीत होता है कि एआई आधारित मशीनी शिक्षक वास्तविक बुद्धि पर आधारित मानव शिक्षक से हर मामले में बेहतर साबित होगा, किंतु यह केवल और केवल कोरी कल्पना है। सत्य यही है कि मानवता का स्थान मशीन कभी नहीं ले सकती। सवाल यह उठता है कि एआई को शिक्षा के क्षेत्र में किस हद तक दखल देने की अनुमति दी जाए।

तकनीक के सदैव से दो पहलू रहे हैं- सकारात्मक एवं नकारात्मक। शिक्षा के क्षेत्र में भी हमें कृत्रिम मेधा के सकारात्मक पहलू का ही इस्तेमाल करना चाहिए। शिक्षकों को मशीन से प्रतिस्थापित कर देना तो सर्वथा अनुचित है, लेकिन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सहायता हेतु एआई आधारित असिस्टेंट उपलब्ध करा दिए जाएं तो यह बेहतर होगा, किंतु यह भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि विद्यार्थियों को एआई जैसी सुविधा की खुली छूट मिल जाने पर वे जरा सी समस्या के हल हेतु एआई का ही मुंह ताकेंगे। स्वयं कोशिश करके हल ढूंढने एवं रचनात्मक ढंग से कार्य को अंजाम देने की प्रतिभा धीरे-धीरे उनसे दूर जाने लगेगी। इसके लिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थियों को स्वयं अच्छे एवं बुरे की पहचान करते हुए सकारात्मक एवं प्रगति की ओर ले जाने वाली दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। शिक्षकों के द्वारा कृत्रिम बुद्धिमता का सहारा केवल अपने ज्ञानवर्धन एवं विषय की अद्यतन जानकारी हेतु ही करना चाहिए। अनुप्रयोगों एवं नवाचारों के माध्यम से शिक्षक को हमेशा यह सिद्ध करते रहना चाहिए कि एक मशीन चाहे कितनी ही उन्नत दशा में क्यों न पहुंच जाए, वह एक जीते जागते शिक्षक का मुकाबला कदापि नहीं कर सकती। कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एक वरदान के रूप में देखते हुए हमें इसका उपयोग विषम परिस्थितियों एवं ऐसी स्थिति में करना चाहिए जहां पर मानव सामान्य रूप से कार्य करने में समर्थ नहीं है। उदाहरण के लिए, हमने 3 वर्ष पहले कोरोना जैसी महामारी को झेला है। इस महामारी ने प्रत्येक मनुष्य को किसी न किसी रूप में एवं किसी न किसी स्तर तक प्रभावित किया है। ऐसे गंभीर संकटों के समय में शिक्षा को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए कृत्रिम मेधा का सहारा लिया जाना चाहिए। निष्कर्षतः यही कहा जा सकता है कि शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग निस्संदेह शिक्षा के स्वरूप एवं स्तर में आमूलचूल परिवर्तन कर सकता है बशर्ते कि वह प्रयोग बुद्धिमत्ता के आधार पर किया जाए।

(लेखक भौतिकी विभाग में विभागाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित
**दर्शन**

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

## कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित
**प्रेरणा**

एकबार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहा: मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहाँ-जहाँ भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किये बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहाँ-जहाँ गए, स्नान किया वहाँ-वहाँ स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रिओ को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आये हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूपसे बनवायी गयी थी। सभी यात्रिओ ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रिओ को बोध हो गया कि, हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आये है।

## सटाका




## आज की पाती

### ग्लोबल वार्मिंग के समाधान को हो गंभीर चिंतन

ग्लोबल वार्मिंग प्राणी जाति के साथ देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए बेहद हानिकारक है, क्योंकि इससे फसलों को जो नुकसान होता है, साथ में बीमारियों का कारण ग्लोबल वार्मिंग बनता है, उसके लिए सरकारों को भारी खर्च करना पड़ता है। वैसे तो गर्मियों का मौसम आने ही वाला है, लेकिन समय से पहले ही गर्मी के मौसम जैसा माहौल बनना कहीं ग्लोबल वार्मिंग के खतरे की घंटी तो नहीं? मार्च में ही देश के कुछ राज्यों का तापमान जितना बढ़ रहा है, उतना बढ़ना नहीं चाहिए।

- संजय श्रीवास्तव, धमतरी

## ट्रेंड

### नैतिक दिवालियापन



कांग्रेस को जनता पूरी तरह से खारिज कर देगी। भारतीय लोकतंत्र और संस्थानों के खिलाफ बयानबाजी की। वे आसानी से अपनी अप्रासंगिकता का दोष 'वित्तीय परेशानियों' पर मढ़ रहे हैं। दरअसल, उनका दिवालियापन आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक और बौद्धिक है।

-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री

### माफी नहीं मांगी



ट्रंप और उनके सहयोगियों ने रो बनाम वेड को पलटने के लिए कोई माफी नहीं मांगी। दरअसल, वे इसके बारे में डींगें हांकते हैं। उन्हें महिलाओं की शक्ति के बारे में कोई अंदाज़ा नहीं है-लेकिन वे इसका पता लगाने वाले हैं।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### साजिश कर रहे पीएम



कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते एक महीने पहले फ्रीज़ कर दिए। कांग्रेस को देश की 20 प्रतिशत जनता वोट देती है, लेकिन चुनाव से ठीक पहले आने जाने के लिए टिकट नहीं खरीद सकते। कांग्रेस के खिलाफ साजिश हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री कर रहे हैं।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### सड़क पर हरे-भरे डिवाइडर



दिल्ली में, हवाई अड्डे के रास्ते में आप चाणक्यपुरी में नव पुनर्निर्मित सार्वजनिक उद्यान, राजमार्ग के दोनों ओर और सड़क के डिवाइडरों पर हरे-भरे भूदृश्य और रंग-बिरंगे फूलों की बहुतायत देखते हैं। सुथरे फुटपाथों को नहीं भूलना चाहिए।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर

### भारत-अमेरिका संबंध पहले से अधिक मजबूत : पेंटागन



अमेरिका के रक्षा विभाग के शीर्ष अधिकारियों ने सांसदों से कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध गहरे हो रहे हैं और पहले से कहीं अधिक मजबूत हैं। हालांकि कांग्रेस (संसद) के एक प्रभावशाली सदस्य ने इस बात पर जोर दिया कि रूस के साथ रिश्तों की वजह से भारत का रुख 'इधर-उधर' वाला है। हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के सहायक रक्षा मंत्री एली एस रैटनर ने हिंद-प्रशांत पर संसद की उपसमिति के सदस्यों से बुधवार को कहा कि अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत कर रहा है। रैटनर ने डेमोक्रेटिक पार्टी से कांग्रेस के सदस्य एडम स्मिथ के एक प्रश्न के उत्तर में कहा, 'मैं अमेरिका-भारत रिश्तों को पहले से कहीं अधिक विकसित और मजबूत कहूंगा और ये स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत के हमारे दृष्टिकोण के लिए जरूरी हैं।' उन्होंने कहा, 'हम संबंधों को कई क्षेत्रों में मजबूत कर रहे हैं जिसमें सह-उत्पादन शामिल है जहां हमने जेट इंजनों पर कुछ अहम प्रगति की है। हमारे रक्षा औद्योगिक आधार को एकीकृत करने के लिए बख्तरबंद वाहनों पर कुछ नई परियोजनाएं भी शामिल हैं, जो रिश्तों को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में अहम हैं।'

## ऑफ बीट

### बच्चों के लिए भोजन जुटाना माता-पिता को पड़ रहा भारी



सबसे अच्छे समय में शिशुओं और छोटे बच्चों को खाना खिलाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। लेकिन जब परिवार पर्याप्त भोजन नहीं खरीद सकते, तो अलग-अलग रंग की सब्जियों, या आयरन से भरपूर मांस की बात तो छोड़ ही दें, यह और भी कठिन है। हमारे हाल ही में प्रकाशित शोध में, माता-पिता ने हमें बताया कि आर्थिक तंगी होने पर वे बच्चों को खिलाने के लिए कितनी मेहनत करते हैं। उन्होंने हमें यह भी बताया कि कैसे बजट की हमेशा मौजूद रहने वाली गड़बड़ी और पारिवारिक जीवन की वास्तविकताओं ने रिश्तों को तनावपूर्ण बना दिया और उनके मानसिक बोझ को बढ़ा दिया। जीवन-यापन की लागत के संकट में, छह में से एक ऑस्ट्रेलियाई बच्चा गरीबी में रहता है। पहले से कहीं अधिक परिवार खाद्य बैंकों से मदद मांग रहे हैं। इसलिए हमने माता-पिता से पूछा कि जब पैसे की तंगी हो तो छोटे बच्चों को खाना खिलाना कैसा होता है। हमने 29 ऑस्ट्रेलियाई माता-पिता का साक्षात्कार लिया जिनके कम से कम एक बच्चे की उम्र छह महीने से तीन साल के बीच थी। अधिकांश की आय गरीबी रेखा के आसपास या उससे नीचे थी। माता-पिता की औसत आयु 32 वर्ष थी, जिसमें 28 माताएँ और एक पिता शामिल थे। उन्होंने हमें जो जानकारी दी वह इस प्रकार थी। पारिवारिक तनाव बढ़ता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र) पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीधी में जनसभा को संबोधित कर कहा

# चुनाव भला करने वालों और लूटने वालों के बीच है




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पूरी दुनिया अगर भारत को जानती है, तो उसके दर्शन के कारण जानती है। भारत की मानवता पर आधारित नीतियों के कारण जानती है। इसलिए हमारी अच्छाई और सच्चाई के आधार पर हजारों साल से लोग भारत को विश्वगुरू के रूप में देखते रहे हैं।

काल के प्रवाह में कई लोगों ने हम पर आक्रमण किए, कई लोग लूटने आए, लेकिन दुनिया जानती है कि हमने अपना रास्ता नहीं बदला। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को सीधी में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में एक तरफ भला करने वाले और दूसरी तरफ लूटने वाले लोग हैं। एक तरफ अच्छाई बांटने वाले और दूसरी तरफ सच्चाई छिपाने वाले लोग। एक तरफ वो सारे लोग जो भारत की अच्छाइयों को नकारते हैं, जो हमारी संस्कृति को नकारते हैं, जो भाई को भाई से लड़ाना जानते हैं, जिनके लिए कुर्सी ही सब कुछ है। दूसरी तरफ वो लोग हैं, जो भारत की सनातन परंपरा को वैश्विक पटल पर लहराने के लिए काम कर रहे हैं।

### भारत की पहचान विश्व में एक मजबूत राष्ट्र के रूप में बनी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की पहचान विश्व में एक मजबूत राष्ट्र के रूप में बनी है। प्रधानमंत्री ने जीवन का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं छोड़ा है, जहां विकास न हुआ हो। लगातार दो कार्यकालों में देश का नेतृत्व करने के बाद अब मोदी तीसरी बार सरकार बनाने की तरफ बढ़ रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा कि यह बात सिर्फ भाजपा के लोग नहीं कह रहे, बल्कि लोकसभा में कांग्रेस के नेता भी स्वीकार कर चुके हैं। अबकी बार-400 पार का हमारा नारा अब कांग्रेस के लोग लगा रहे हैं।

### सीएम ने रानी अवंतीबाई लोधी स्मारक पर की श्रद्धांजलि अर्पित

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीधी के पश्चात डिंडोरी जिले के बालपुर में स्थित रानी अवंतीबाई लोधी स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस है, हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। यह हमारे देश की विशेषता रही है कि हम मातृ सत्ता के आधार पर देश की संकल्पना करते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि मुझे गर्व है कि ऐसी वीरांगनाओं की लंबी श्रृंखला हमारे पास हैं, जिन्होंने अपने देश और संस्कृति को बचाने के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। रानी दुर्गावती, रानी अवंती बाई झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं ने अपने बलिदान से देश को गौरान्वित किया है। मुझे खुशी है कि मध्यप्रदेश में जब हमारी सरकार बनी, तो हमने पहली कैबिनेट की मीटिंग जबलपुर में की, जो रानी दुर्गावती और रानी अवंतीबाई वीरांगनाओं को समर्पित थी। कार्यक्रम को पार्टी प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते, प्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल, संपतिया उइके, पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल एवं कोकसिंह नरवरिया ने भी संबोधित किया।*

### ढोल नगाड़ों के बीच निकाला रोड शो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल, राधा सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान सहित सभी नेताओं ने भव्य रथ में सवार होकर विशाल रोड शो किया, जिसमें परंपरागत लोक नृत्य के बीच ढोल नगाड़े के साथ काफिला छत्रसाल स्टेडियम से लेकर कलेक्ट्रेट तक पहुंचा। काफिले में हजारों समर्थकों एवं लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहनों ने कलश लेकर उनका स्वागत किया।

### यह चुनाव विकसित भारत की संकल्पना को मजबूत करने वाला चुनावः सतीश

लोकसभा का यह चुनाव विकसित भारत की संकल्पना को मजबूत करने वाला चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं के माध्यम से गरीबों की जिंदगी और भाग्य बदलने का कार्य कर रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में चार सौ पार का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तैयार हैं। यह बात लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने सतना में पार्टी के जिला कार्यालय और रीवा में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति व विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कही। सतना में पार्टी के जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने भी बैठक को संबोधित किया। इस दौरान प्रेमचन्द्र सिंह गौड़ ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उपाध्याय ने रीवा के लोकसभा कार्यालय का उदघाटन किया।

#### लोकसभा संवाद केंद्र का अवलोकन किया

सतीश ने कहा कि हर बूथ को जीतने की रणनीति के साथ बूथ विजय अभियान में कार्य करें। सतीश उपाध्याय ने सतना भाजपा कार्यालय में लोकसभा संवाद केन्द्र का अवलोकन करते हुए काल सेन्टर में कार्यकर्ताओं से जानकारी प्राप्त की।

### प्रत्येक बूथ पर प्राण-प्रण से जुटें कार्यकर्ता

लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को भाजपा जिला पदाधिकारियों की बैठक लोकसभा चुनाव कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में चुनावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी ने कहा कि कार्यकर्ता ही हमारी पार्टी की असली ताकत है। कार्यकर्ताओं के दम पर ही हम हर बूथ पर 370 अतिरिक्त वोट जुटाने का संकल्प पूरा कर सकते हैं। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के इस संकल्प को पूरा करने के लिए प्राण-प्रण से जुट जाएं। जब से भाजपा की सरकार केंद्र में आई है तब से ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।

---

नकुलनाथ की स्थिति भी पहले जैसी नहीं

# बदले हालात में भाजपा-कांग्रेस के बीच होगा कड़ा मुकाबला

कांग्रेस और भाजपा घोषित कर चुके हैं प्रत्याशी

छिंदवाड़ा प्रत्याशी को लेकर भाजपा में असंतोष

## ग्राउंड रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव में इस बार प्रदेश की हॉट सीट छिंदवाड़ा पर सबकी नजर है। कांग्रेस ने 2019 के चुनाव में सिर्फ यह एक सीट जीती थी। भाजपा इसे छीन कर प्रदेश की सभी 29 सीटें जीतने के दावे को सच करने की कोशिश में है।





चुनाव प्रबंधन और माहौल बनाने में दक्ष प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को यहां का प्रभारी बनाया गया है। छिंदवाड़ा कांग्रेस का गढ़ है। कमलनाथ विपरीत परिस्थिति में भी यहां से जीतने का माद्दा रखते हैं।

कांग्रेस ने उनके सांसद बेटे नकुलनाथ को फिर मैदान में उतारा है, जबकि भाजपा की ओर से विधानसभा के दो चुनाव हार चुके बंटी विवेक साहू प्रत्याशी हैं। भाजपा-कांग्रेस की स्थिति इस मायने में लगभग एक जैसी है कि भाजपा में जाने को लेकर चले प्रकरण के कारण कमलनाथ-नकुलनाथ की स्थिति पहले जैसी नहीं रही। समर्थक ही उनका साथ छोड़ रहे हैं। दूसरी तरफ बंटी साहू को लगातार तीसरी बार प्रत्याशी बनाने से भाजपा के अंदर भी असंतोष है। लिहाजा, बदले राजनीतिक हालात में छिंदवाड़ा में भाजपा-कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है।

#### भाजपा की प्रत्याशी बंटी ही कमजोर कड़ी

छिंदवाड़ा में भाजपा की कमजोर कड़ी उसके प्रत्याशी बंटी विवेक साहू ही है। वे पहले कमलनाथ से उप चुनाव हारे थे और इसेक बाद विधानसभा का मुख्य चुनाव भी उनसे हार गए। तीसरी बार फिर उन्हें लोकसभा प्रत्याशी बना दिया गया । इसे लेकर भाजपा के अंदर असंतोष है। छिंदवाड़ा में कई दावेदार थे। वे हैरान इसलिए हैं कि उनकी समझ में नहीं आ रहा कि लगातार हार रहे बंटी साहू को ही हर बार मौका क्यों दिया जा रहा है। भाजपा के कई नेताओं ने बातचीत में इसे लेकर शिकायती लहजे में बात की। उनका कहना है कि कमलनाथ से जुड़े लोग भाजपा में आ रहे हैं, इसका नुकसान भी पार्टी को हो सकता है। कुछ कहते हैं कि यह कमलनाथ की रणनीति का हिस्सा भी हो सकता है। इस तरह दोनों तरफ असंतोष है तो पक्ष में कई कारण थी। इसीलिए मुकाबला रोचक और कड़ा हो सकता है।

#### विधानसभा की सभी सातों सीटें जीती कांग्रेस

लगभग चार माह पहले विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने प्रदेश में बंपर जीत दर्ज की, लेकिन छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वालीं सभी 7 विधानसभा सीटें कांग्रेस के खाते में गईं। सभी सीटों में जीत के अंतर को जोड़ें तो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को लोकसभा क्षेत्र में 97 हजार 646 वोटों की बढ़त मिली है। भाजपा के सामने इस अंतर को कवर कर आगे बढ़ना बड़ी चुनौती है। नकुलनाथ का टिकट पहले ही फायनल हो चुका है। उन्होंने अपना प्रचार अभियान भी प्रारंभ कर रखा है। कमलनाथ के असर के कारण उनकी जीत की संभावना व्यक्त की जा रही है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर के चलते इस बार यह इतना आसान भी नहीं है।

#### पटवा से सिर्फ एक उप चुनाव हारे थे कमलनाथ

कमलनाथ ने छिंदवाड़ा से पहला चुनाव 1980 में लड़ा था। तब से अब तक वे और उनका परिवार लगातार जीतते आ रहे हैं। 1997 का सिर्फ एक उप चुनाव ऐसा था, जब भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व सुंदरलाल पटवा ने कमलनाथ को 37,680 वोटों के अंतर से हरा दिया था। 1996 में कमलनाथ की पत्नी अलका नाथ लोकसभा का चुनाव जीती थीं। हवाला मामले में नाम आने के कारण कमलनाथ को टिकट नहीं मिला था। इस मामले में क्लीनचिट मिलने के बाद 1997 में कमलनाथ ने अलका नाथ का इस्तीफा दिला दिया था। इसके बाद हुए उप चुनाव में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। कमलनाथ ने 1998 में हुए अगले ही चुनाव में सुंदरलाल पटवा से हार का बदला ले लिया था और उन्हें डेढ़ लाख से भी ज्यादा वोटों के अंतर से हरा दिया था। 2019 में जब कांग्रेस प्रदेश की 29 में से 28 सीटें हार गई थी, तब भी कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ यहां से जीतने में सफल रहे थे। उन्होंने भाजपा के नत्थन शाह को 37 हजार 536 वोटों के अंतर से हराया था। छिंदवाड़ा को प्रदेश में कांग्रेस का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता है।

#### भाजपा को इस बार इसलिए जीत का भरोसा

*भाजपा को इस बार छिंदवाड़ा में जीत का भरोसा है। इसके कई कारण है। पहला यह कि कमलनाथ और नकुलनाथ के भाजपा में जाने को लेकर लंबा एपिसोड चला। राजनीतिक हल्कों में खबर है कि डील पक्की न होने के कारण इनका भाजपा में प्रवेश रुक गया। इससे उनकी लोकप्रियता में गिरावट आई है। दूसरा, पिछले चुनाव में नकुलनाथ 37 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से ही जीते थे जबकि तब उनके पिता कमलनाथ मुख्यमंत्री थे और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी। इस लिहाज से यह जीत बड़ी नहीं थी। इस बार न तो कमलनाथ मुख्यमंत्री हैं और न ही प्रदेश में कांग्रेस की सरकार। इसके विपरीत अयोध्या में राम मंदिर के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकप्रियता के शिखर पर हैं। कांग्रेस में पार्टी छोड़ने की होड़ के कारण भी हालत खराब है। भाजपा व्यवस्थित चुनाव लड़ने की आदी है। ऐसे में मुकबला कड़ा होगा और नतीजा कुछ भी आ सकता है।*

### भारत की तरक्की की चर्चा दुनिया भर के देशों में हो रही: गणेश सिंह

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के विदेश विभाग द्वारा एमपी बियॉन्ड बाउंड्रीज, एनआरआई वर्चुअल इंटरएक्टिव मीट का आयोजन किया गया। भाजपा संसदीय दल के सचिव व सतना सांसद गणेश सिंह और मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता, भाजपा विदेश विभाग के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. विजय चौथाईवाले वर्चुअल मीट में शामिल हुए। वर्चुअल मीट को भाजपा विदेश विभाग के प्रदेश संयोजक रोहित गंगवाल ने भी संबोधित किया। वर्चुअल मीट को संबोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पिछले दस वर्ष में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में जिस तरह से तरक्की की है, उसकी चर्चा दुनिया भर के देशों में हो रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच ने लोकसभा चुनाव के लिए विकसित भारत का लक्ष्य निर्धारित किया है। हमारा देश 2047 में जब अपनी आजादी का 100वां वर्ष मनाएगा, तब तक हमारा देश पूर्ण विकसित भारत बन जाएगा। इस लक्ष्य को लेकर लोकसभा चुनाव में पूरे देश में अभियान शुरू किया गया है।

## अब मप्र पुलिस की जवाबदारी चुनाव आयोग के हाथों में, आयोग के नियंत्रण में काम करेगी पुलिस

राज्य सरकार ने डीजीपी, आईजी सहित सभी अफसरों को ईसीआई को सौंपा

चुनाव आयोग पर ही होगी आईपीएस अफसर की पोस्टिंग व ला एंड ऑर्डर की मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की पुलिस अब चुनाव आयोग के तहत काम करेगी। आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य सरकार ने चुनाव आयोग को मप्र पुलिस की जवाबदारी सौंप दी है। अब चुनाव आयोग ही प्रदेश के पुलिस अफसर की पोस्टिंग और ला एंड ऑर्डर की मॉनिटरिंग करेग। गृह विभाग में डीजीपी, आईजी सहित सभी पुलिस अफसर को चुनाव आयोग को हैंडओवर कर दिया है। इसके साथ ही कानून व्यवस्था आयोग के हाथ में आ गई है। राज्य में लोकसभा चुनाव कराने के लिए पुलिस की अहम भूमिका होती है। इसी लिहाज से राज्य सरकार ने आचार संहिता लागू होने के बाद चुनाव आयोग को पुलिस के सभी अफसरों को आयोग के तहत प्रतिनियुक्ति पर भेजा है। मप्र में संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों में शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। राज्य सरकार ने आचार संहिता लागू होने के बाद अधिकारियों की जिम्मेदारी भारत निर्वाचन आयोग को दे दी है। आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य की सीमाओं में पुलिस की तैनाती होगी, जिससे एक राज्य से दूसरे राज्य में प्रलोभन देने वाली सामग्रियों का दान प्रदान न हो सके।

- राज्य की सीमाओं पर पुलिस की होगी तैनाती

#### संवेदनशील इलाकों में पुलिस करेगी गश्त

पिछले दिनों मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि सभी जिलों में पुलिस की पेट्रोलिंग बेहतर हो सके, इसके अलावा संवेदनशील इलाकों में पुलिस को गश्त करने के लिए निर्देश दिए थे। साथ ही फरार वारंटी अपराधियों की धरपकड़ करने के लिए भी कहा गया है। पुलिस मुख्यालय ने हाल ही में चुनाव आयोग को जानकारी भेजी थी कि मप्र में अपराध करने के बाद करीब 6 हजार से अधिक अपराधी दूसरे राज्यों में शरण ले रहे हैं। इस जानकारी के बाद चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों को जानकारी भेजी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में भी निर्देश दिए हैं।

#### काले कारोबार पर भी लगाम लगेगी

प्रदेश में शराब की तस्करी और कई तरह के काले कारोबार पर भी लगाम लगाने के लिए आयोग की मॉनिटरिंग में ही अधिकारियों की ड्यूटी होगी। चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश से जुड़ी हुई सीमाओं के जिलों के बॉर्डर पर पुलिस की तैनाती होगी। मप्र से सटे हुए महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ की सीमाओं में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

लोकसभा निर्वाचन-2024

## पहले चरण के पहले ही दिन 3 उम्मीदवारों ने 6 नामांकन-पत्र दाखिल किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण के लिए बुधवार 20 मार्च को अधिसूचना जारी कर दी गई। अधिसूचना दिनांक से ही नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। पहले दिन 3 उम्मीदवारों ने 6 नामांकन पत्र दाखिल किए है।

पहले दिन लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-11 सीधी में 2 उम्मीदवारों ने 5 नाम निर्देशन पत्र एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-12 शहडोल (अजजा) में एक उम्मीदवार ने एक नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया है।

#### अंतिम तिथि 27 मार्च

*प्रथम चरण के शेष चार लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-13 जबलपुर, क्रमांक-14 मंडला (अजजा), क्रमांक-15 बालाघाट एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-16 छिन्दवाड़ा में बुधवार को किसी भी उम्मीदवार की ओर से नाम निर्देशन-पत्र दाखिल नहीं किए गए। राजन ने बताया कि पहले चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि बुधवार, 27 मार्च है। संवीक्षा 28 मार्च को की जाएगी। नामांकन भर चुके प्रत्याशी शनिवार 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे।*

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत

## भाजपा ने कहा-कांग्रेस प्रवक्ता ने बेबुनियाद आरोप लगाकर किया आचार संहिता का उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को निर्वाचन आयोग पहुंचकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से कांग्रेस के मप्र के प्रवक्ता अवनीश बुंदेला के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत करते हुए उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर 4 जून तक के लिए रोक लगाने की मांग की है।

प्रतिनिधि मंडल ने शिकायत में कहा गया है कि बुंदेला ने निजी न्यूज चैनल के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर अमर्यादित बयान दिया। बुंदेला ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर मनगढ़ंत आरोप लगाते हुए पीएम की छवि धूमिल करने का कार्य किया। जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावी बॉन्ड को लेकर जो भी आदेश दिए हैं, वह राजनीतिक दलों को लेकर दिए हैं।

#### कठोर कार्रवाई की मांग

प्रतिनिधि मंडल ने आयोग से बुंदेला पर आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कठोर कार्रवाई करने और सोशल मीडिया अकाउंट पर 4 जून तक रोक की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में भाजपा न्यायिक व निर्वाचन विभाग के संयोजक मनोज द्विवेदी एवं न्यायिक व निर्वाचन विभाग के सह संयोजक अशोक विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

---

## सुकमा जिले में नक्सली सम्मैया सोड़ी ने किया आत्मसमर्पण

### आठ लाख का इनाम था घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

जिले में आठ लाख रुपए के इनामी नक्सली ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सली रोशन उर्फ सम्मैया सोड़ी (30) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, सुकमा जिले के बुर्कालंका में रहने वाले नक्सली ने नक्सलियों की विचारधारा से त्रस्त होकर संगठन को छोड़ते हुए पुलिस के मुख्यधारा में आकर आत्मसमपर्ण कर दिया। समर्पित नक्सली के ऊपर 8 लाख रुपए का इनाम भी घोषित था। वह वर्ष 2008 से 2009 तक ग्राम बुर्कलंका जीआरडी मिलिशिया सदस्य रहा है। इसके अलावा वह वर्ष 2010 जनवरी माह जून तक पालाचलमा एलओएस सदस्य रहा। जिसके बाद वह वर्ष 2010 जूलाई से 2011 तक आंध्रा-ओड़िशा बॉर्डर (एओबी) जुड़ा रहा। वहीं, वर्ष 2012 के माह अगस्त से अब-तक सीआरसी कंपनी नंबर 2 का (पीपीसीएम) का सदस्य रहा।

#### कई हमलों में रहा शामिल



रोशन वर्ष 2015 में जिला बीजापुर क्षेत्रान्तर्गत थाना भैरमगढ़ के जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल था। वर्ष 2016 में थाना किस्टाराम क्षेत्रान्तर्गत बोट्टेतोंग के जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल था। इस मुठभेड़ में नौ नक्सली मारे गए थे। वर्ष 2018 में जिला बीजापुर क्षेत्रान्तर्गत थाना उसूर के ग्राम पुजारीकांकेर पुलिस-नक्सली मुठभेड़ मे शामिल था। इस मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए थे। वर्ष 2021 में जिला बीजापुर क्षेत्रान्तर्गत सुकमा के सीमावर्ती ग्राम टेकलगुड़ा पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल था।

मैत्री बाग में दहाड़ेगी बाघिन 'जया', सैलानी निहार सकेंगे

## रायपुर जंगल सफारी में बाघों का कुनबा बढ़ाएगी 'रक्षा'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित मैत्री बाग के जू की शान रही सफेद बाघिन रक्षा अब रायपुर जंगल सफारी में सफेद बाघों का कुनबा बढ़ाएगी। वहीं रायपुर जंगल सफारी की सफेद बाघिन जया की दहाड़ अब मैत्री बाग में गूंजेगी।

वन्य प्राणियों का माहौल एवं जेनेटिक बदलाव लाने आदान-प्रदान योजना के तहत इन दोनों सफेद बाघिन का आदान प्रदान गुरुवार को किया गया। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित मैत्री बाग के जू अपने बेहतर वन्य माहौल के लिए जाना जाता है। वहीं देशभर में सफेद बाघों के संरक्षण एवं संवर्धन में भी यहां का नाम है। आज यहां से सफेद बाघिन रक्षा को रायपुर के जंगल सफारी के लिए रवाना किया गया। वहीं जंगल सफारी से सफेद बाघिन जया को यहां लाया गया है। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित मैत्री बाग के जू अपने बेहतर वन्य माहौल के लिए जाना जाता है।

#### भिलाई की मैत्री बाग से लाई जाएगी



जया करीब चार साल की है। उसे पिंजरा से मैत्री बाग के बाड़ा में शिफ्ट करने में एक घंटे से भी अधिक का समय लगा। इस दौरान सुरक्षा के कड़े उपाय किए गए थे। वहीं जया के सेहत की भी जांच की गई। इस दौरान बीएसपी के अधिकारी भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि मैत्री बाग में सफेद बाघों की संख्या नौ थी। आदान प्रदान के बाद भी इतने ही बाघ रह गए। छह माह पहले रक्षा ने तीन शावकों को जन्म दिया था। मैत्री बाग उद्यान विभाग प्रबंधन के अनुसार बीत साल नवंबर में मादा बाघ रक्षा ने 3 नन्हे शावकों को जन्म दिया। शावकों के पिता का नाम सुल्तान है। इसके एक साल पहले बाघिन रोमा ने भी एक नन्हे शावक को जन्म दिया गया था, जिसका पिता भी सुलतान ही था।

### आचार संहिता में विज्ञापन जारी करने पर मेडिकल डीन पर कार्यवाही

# दूसरे दिन 6 लोगों ने लिया नामांकन फार्म

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव के लिये बुधवार को अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन फार्म लेने और जमा करने की प्रक्रिया शुरु हो गई हैं। जहां पहले दिन बुधवार को 7 लोगों ने फार्म उठाए और 1 भी फार्म जमा नहीं हुये। तो वहीं दूसरे दिन 06 लोगों ने फार्म उठाए। बुधवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में फार्म लेने वालों में कटंगा बस्ती निवासी मनीष रजक, सालीवाड़ा निवासी गुलाब सिंह, सकला पिपरिया पनागर निवासी शिव कुमार के नाम शामिल हैं। वहीं बसपा से महाराजपुर निवासी राकेश, राष्ट्रीय समाज दल से रमखिरिया पाटन निवासी शिवकुमार ने और एसयूसीआई से जिला अशोक नगर निवासी सचिन ने फार्म प्राप्त किये।



नामांकन प्रक्रिया के मद्देनजर कलेक्ट्रेट में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई, वहीं दूसरी तरफ रिटर्निंग अधिकारी कक्ष के चारों तरफ बैरीकेडिंग करके अलग से जवान तैनात किये गये हैं। गौरतलब है कि जबलपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने नाम-निर्देशन पत्र कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक-तीन में रिटर्निंग अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। चुनाव लड़ने के इच्छुक अभ्यर्थी रविवार 24 मार्च के सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर बुधवार 27 मार्च तक रिटर्निंग अधिकारी को नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। नाम-निर्देशन पत्र सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक दाखिल किए जा सकेंगे। उम्मीदवारों से प्राप्त नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा गुरुवार 28 मार्च को सुबह 11 बजे से की जाएगी। उम्मीदवारी से 30 मार्च की दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। नाम वापसी की समय-सीमा खत्म होने के तुरंत बाद निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची तैयार की जाएगी और चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान 19 अप्रैल को होगा और डाले गये मतों की गणना 4 जून को की जाएगी।

### आचार संहिता में जारी कर दिया विज्ञापन

नियमित प्रेस ब्रीफिंग में जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना ने बताया कि अभी तक कुल 13 नामांकन फार्म उम्मीदवारों ने लिये हैं। अभी तक कोई फार्म जमा नहीं किया गया है। चुनाव आचार संहिता प्रभारी होने के बाद नेता जी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज डीन द्वारा आचार संहिता लागू होने के बाद स्कूल ऑफ एक्सीलेंसी में रिक्त पदों की पूर्ती के लिये विज्ञापन जारी किया गया। जांच में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाए जाने पर कार्यवाही के लिये जबलपुर संभागायुक्त को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।



# वीयू : किसानों को आत्म-निर्भर बनाने दिया गया पशुपालन प्रशिक्षण

**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विल पोषित अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत ग्राम बंदरकोला एवं सिलुआ में बकरी पालन, सूकर पालन एवं मुर्गी पालन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में अनुसूचित जाति के 50 हितग्राही को उन्नत बकरी पालन, सुकरपालन एवं मुर्गी पालन के रखरखाव, आहार प्रबंधन तथा रोग निदान हेतु प्रशिक्षित किया गया। तथा आदान सामग्री का वितरण किया गया। इस प्रशिक्षण में डॉ एस के कारमोरे, डॉ पी के सिंह, डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ अनिल शिंदे, डॉ भावना अहरवाल, डॉ. राकेश कुमार बरहैया, डॉ. मनीष जाटव तथा बदरकोला ग्राम की सरपंच श्रीमति पूजा भूमिया तथा सचिय बबलू पटैल उपस्थित थे।

# सेंट मैरी स्कूल में प्री प्राइमरी के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह आयोजित



**जबलपुर।** सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वीएफजे, जबलपुर में वाइस प्रेसिडेंट रेव. फादर शाजी पी जोशुआ एवं प्राचार्या मिनाती एस चार्ल्स के दिशा निर्देशन में 21 मार्च को प्री प्राइमरी के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। स्कूल सेक्रेटरी एवं प्राचार्या द्वारा विद्यार्थियों को उनके भावी जीवन हेतु शुभकामनाएं दी गई। प्राइमरी के विद्यार्थियों द्वारा अपने जूनियर्स के वेलकम हेतु रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। दीक्षांत समारोह के इस अवसर पर यूकेजी के विद्यार्थियों को उनके सर्टिफिकेट प्रदान किए गए साथ ही बेस्ट स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर, बेस्ट डिसिप्लिन्ड स्टूडेंट, बेस्ट ओबेडिएंट स्टूडेंट एवं बेस्ट कल्चरल परफॉर्मेर अवार्ड से विद्यार्थियों को नवाजा गया। विद्यार्थियों को बचपन से ही सम्मान पाने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभिभावकों ने भी बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का समापन अभिभावकों को स्वल्पाहार प्रदान कर किया गया।




# बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आयोजित किया अखिल भारतीय हिंदी सेमिनार

**जबलपुर।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश के सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक है। बैंक द्वारा देश भर के सभी बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और बीमा कंपनियों के लिए दिल्ली में 'भविष्य की बैंकिंग' विषय पर 20 मार्च 2024 को अखिल भारतीय हिंदी सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में अंशुली आर्या, आई.ए.एस., सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यपालक निदेशकआशीष पाण्डेय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सेमिनार में चित्रा दातार, महाप्रबंधक, के. राजेश कुमार, महाप्रबंधक, मानव संसाधन प्रबंधन एवं राजभाषा, हरि शंकर वत्स, अंचल प्रबंधक, दिल्ली अंचल तथा डॉ. राजेन्द्र श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) प्रमुखता से उपस्थित थे। इस सेमिनार में वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय के निदेशक जगजीत कुमार तथा उप निदेशक धर्मबीर ने विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सभी का मार्गदर्शन किया। सेमिनार में सभी बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और बीमा कंपनियों के शीर्ष कार्यपालकों और राजभाषा प्राधिकारियों ने बड़ी संख्या में सहभाग लिया।

### रमजान शरीफ का दूसरा जुमा आज

**जबलपुर।** पाक माह रमजान शरीफ का आज दूसरा जुमा है। इस मौके पर शहर की 100 से ज्यादा मस्जिदों व नमाजगाहो में दोपहर देढ़ बजे जुमा की नमाज अदा की जाएगी। नमाज के पूर्व इमाम साहब ख़ुत्बा पढ़ेंगे तथा नमाजोपरान्त दुआएं मांगी जाएगी।दूसरा असरा- पाक माह रमजान शरीफ में दस दस दिन के तीन अशरे होते है। पहले रोजे से दसवें रोजे तक का अशरा रहमत का होता है जिसका आज समापन हुआ है। आज से दूसरा अशरा मगफिरत यानी गुनाहों से माफ़ी का शुरू होगा जिसमें मुस्लिम धर्मावलंबी नमाज रोजे के दौरान अल्लाह से अपने गुनाहों से माफ़ी मांगेंगे।व्यवस्थाओं की माँग - हाजी कदीर सोनी , मुख्तार हुसैन अंसारी, हाजी मक़बूल अहमद रजवी, पप्पू वसीम खान, हाजी शेख जमील नियाज़ी, मतीन अंसारी,जमा खान, हाजी मुईन खान, अमीन कुरेशी, मुबारक कादरी, अकबर खान सरवर, हाजी तोसिफ रजा, हाजी इसरार, तालिब हुसैन, सैय्यद शौकत अली, जवाहर कादरी आदि ने रमजान माह एवं जुमे के दौरान मस्जिदों व मुस्लिम बहुल क्षेत्रों मे साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, जलपूर्ति, निर्बाध रूप से जारी रखने की माँग की है।



# शाला में शाला में आयोजित किया गया फाग महोत्सव

**जबलपुर।** गोरखपुर नवीन विद्या भवन शाला में फाग महोत्सव एनईएस के अध्यक्ष आरएस अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य व सचिव अजय अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। शाला के छात्रों ने फाग गायन का सरल आयोजन किया, छात्र-छात्राओं ने बुंदेली लोकगीत व राही के साथ नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति दी। अंत में चित्रकला के माध्यम से रंगों के द्वारा विभिन्न धर्मों के लोगों को एक-दूसरे पर होली के रंगों में सराबोर करने का सजीव चित्रण कर अनेकता में एकता की मिशाल प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन आभा श्रीवास्तव व आभार प्रदर्शन मनीषा सैयाम ने किया।

# आने वाली पीढ़ी को कार दे या न दें पर संस्कार जरुर दें : प्रसाद सागर



सिहोरा। उपनगर खितौला मैं निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर जी, अजित सागर जी,चन्द्रप्रभ सागर जी,निरामय सागर और ऐलक मुनि श्री विवेकानंद सागर जी की गुरुवार को सुबह 7 बजे गाजेबाजे के साथ भव्य आगवानी खितौला जैन समाज के सभी समाजसेवियों के द्वारा की गई। खितौला जैन मंदिर प्रांगण मैं चल रहे अष्टानिका महापर्व जो साल मैं तीन बार आते है इस पर्व मैं सिद्धों की आराधना करने के लिए सिद्धचक्र मण्डल विधान का आयोजन भी चल रहा है। जो ब्रह्मचारी अंकित भैया के संचालन मैं हो रहा है। इस विधान के पाँचवे दिवस पर गुरुवर की उपस्थिति से कार्यक्रम और भी मंगलमय हो गया। गुरुवर ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए बताया की सभी परिवार जनों को अपनी आने वाली पीढ़ी को कार दे या ना दे पर अच्छे संस्कार ज़रूर देना चाहिए जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो और उनकी धर्म के प्रति आस्था निरंतर बनी रहे। प्रवचन के उपरांत मुनिसंघ की आहारचर्या भी खितौला मैं हुई, आहारचर्या के बाद मुनिसंघ ने सिहोरा के लिये गमन किया।



# असाटी समाज ने आयोजित किया वैचारिक सम्मेलन व सम्मान समारोह

**जबलपुर।** असाटी समाज दर्पण पत्रिका परिवार के द्वारा चतुर्थ वैचारिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन 17 मार्च दिन रविवार को संपन्न हुआ। जिसमे मध्यप्रदेश के अलावा छतीसगढ़ और महाराष्ट्र के सामाजिक बन्धु बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडेय, अखिल भारतीय असाटी समाज महासभा के मुख्य संरक्षक अशोक गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी किशनलाल लाल असाटी एवं विशिष्ट अतिथियों में महासभा अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी, महिला अध्यक्ष शशि असाटी, युवा अध्यक्ष अंकुर असाटी, दर्पण पत्रिका के पूर्व प्रधान संपादक जागेश्वर प्रसाद गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में असाटी समाज दर्पण पत्रिका परिवार का चतुर्थ वैचारिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह भव्यता के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में असाटी समाज के पत्रकार बंधुओ की डायरेक्टरी का विमोचन तथा समाज के पत्रकारों का सम्मान किया गया जिसमे छतीसगढ़ से समाज के दो पत्रकार सतीश गुप्ता और उमेश गुप्ता मनेन्द्रगढ़ का भी सम्मान किया गया।

# मदन महल की पहाड़ी पर कोई भी निर्माण कार्य न हो

**जबलपुर।** नगर की आक्सीजन ज़ोन कहलाने वाली मदल महल की पहाड़ी को पिछले वर्षों में अतिक्रमण मुक्त कराके वृहत वृक्षारोपण कराया गया है। विगत सितम्बर माह में तत्कालीन मुख्यमंत्री की उपस्थिति में पहाड़ी पर 100 करोड़ से रानी दुर्गावती स्मारक निर्माण करने की घोषणा की गई जिसका उद्घाटन भी हुआ है। पर्यावरण की दृष्टि से इसे सर्वथा अनुचित मानते हुए 82 वर्षीय सेवानिवृत्त विज्ञान शिक्षिका श्रीमती साधना उपाध्याय द्वारा उच्च न्यायालय में एड. प्रभा खरे के सहयोग से एक जनहित याचिका दायर की गई थी जिसमें कुछ वैकल्पिक स्थान जैसे ग्राम बारहा स्थित दुर्गावती समाधि के सामने मैदान आदि सुमुझाव भी सम्मिलित थे सूचना के अधिकार के तहत निर्माण के सम्बंध में एस.डी.एम., नगर पालिका व प्रदूषण बोर्ड से जानकारी मांगी गई पर सब जगह से 'निरंक' उत्तर प्राप्त हुआ। अतः अगले कोर्ट में अपील की अनुशंसा के साथ याचिका खारिज हो गई याचिकाकर्ता ने अग्रिम तैयारी के साथ नगर के पर्यावरण संरक्षकों से इस ओर जागरूक रहने की अपील की है। पत्रकारवार्ता में साइन्स कॉलेज 56-57 एल्यूमिनाई के सदस्य प्रो. इन्दु गुप्ता, एच.वी. पालन, ए.आर. लोध, आर.के. मालवीय, नवीन धगट, पी.डी. अग्रवाल, इन्दु विलसन, कदम के योगेश गनौरे व एड. प्रभा खरे आदि उपस्थित हुए।



# नये-पुराने मधुर गीतों का किया गायन



**जबलपुर।** सुर ताल म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में 19 मार्च को कला वीथिका भंवरताल में शाम 5 बजे नये पुराने मधुर फिल्मी गीतों का गायन कार्यक्रम लाइव आर्केस्ट्रा के साथ आयोजित किया गया, जिसमें पुराने मधुर गीत व रामायण पर आधारित भजन कलाकारों ने प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अध्यक्ष आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे रहे, मुख्य अतिथि ब्रह्मा कुमारी शीला माता थीं। संयोजन नेहा खरे, संचालन मंजू गोरे ने किया। दुर्गेश ब्यौहार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**CHANGE OF NAME**

I, GAYTRI DEVI (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of ARMY NO. JC-380943H RANK SUB NAME BALENDRA RAM PANDEY presently residing at VILL-MAJHGAWAN, PO-MAJHGAWAN, TEH- MAJHGAWAN, DIST-SATNA (MP)- 485331 I have change of my name from GAYTRI DEVI (name as per my Husband army service record) to GAYATRI DEVI (name as per my AADHAR CARD vide affidavit dated 20/03/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-GAYATRI DEVI
INCORRECT NAME-GAYTRI DEVI

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.-संभा.अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/294
दिनांक:- 21/03/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति रिषिका रीझवानी पति श्री हरीश कुमार रीझवानी ने मकान नं. 685 क्षेत्रफल 5434 व.फु. प्रथम तल 3933 व.फु, द्वितीय तल 4104 व.फु तृतीय तल 4104 व.फु चतुर्थ तल 2346+978 व.फु रिलीजडीड, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरिक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

## निधन

**श्रीमती भगवती देवी राणा-** 



पटेल नगर सुहागी निवासी राजेंद्र राणा की माता श्रीमती भगवती देवी राणा का 77 वर्ष आयु में निधन हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा आज प्रातः 10 बजे निज निवास स्थान से ग्वारीघाट के लिए प्रस्थान करेगी।

**श्रीमती अरूणा नरवारे-** ट्यूट लाइन जीसीएफ निवासी श्री राम शंकर नरवारे की धर्मपत्नी श्रीमती अरूणा नरवारे (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुंदर बाई पटेल-** पंसारी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री संत लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती सुंदर बाई पटेल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रीता यादव-** घाना खमरिया निवासी श्री संजय कुमार यादव की धर्मपत्नी श्रीमती रीता यादव (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीश प्रसाद दाहिया-** लालमाटी छोटी खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री जगदीश प्रसाद दाहिया (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शीला देवी सिन्हा-** साकार नगर तिलहरी निवासी श्री आर सिन्हा की धर्मपत्नी श्रीमती शीला देवी सिन्हा (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नरबद चौधरी-** रविदास नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री नरबद चौधरी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शंभू लाल पटेल-** सरस्वती कॉलोनी चेरीताल निवासी श्री पंचम लाल पटेल के पुत्र श्री शंभू लाल पटेल (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बहादुर बंशकार-** शुक्ला होटल लालमाटी निवासी श्री बहादुर बंशकार (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री महेश कुमार रैकवार-** गौतम मोहल्ला कटनी निवासी श्री महेश कुमार रैकवार (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अनीता कुशवाहा-** चांदमारी पंचशील स्कूल रोक लालमाटी निवासी श्री संजय कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता कुशवाहा (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गीता बिरहा-** सिगमा सिटी कान्हा निवासी निवासी श्री विनोद बिरहा की धर्मपत्नी श्रीमती गीता बिरहा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रेम लाल सुमन-** फूटाताल निवासी श्री प्रेम लाल सुमन (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175



### डाकघर में पदस्थ राधा दीक्षित सेवानिवृत्त

**सिहोरा।** सिहोरा डाकघर में विगत 42 शालों से अपनी सेवाएं दे रही राधा दिक्षित जो की ग्रामीण डाक वितरक पद पर पदस्थ थी गुरुवार को शासकीय सेवा की आयू पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गई। पोस्ट आफिस में स्टाफ द्वारा उनकी बिदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें उन्हें शाल श्रीफल भेंटकर दीर्घायु होने की कामना की । परिजन ढोल नगाड़े के साथ उनको घर तक ले गए। इस अवसर पर पोस्ट मास्टर श्रवण कुमार गौतम, कृति खनके, अविनाश झारिया,शिव सेन, महेश दुबे, सुषमा खरे, विरेन्द्र खरे,प्रतीक्षा यादव,विजय चौबे,रेखा चौरसिया, मीना कुररिया,अनिल साकेत, दिलीप कोरी, विपिन चौरसिया, मनोरमा यादव,सत्यम दुबे आदि उपस्थित थे।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.-संभा.अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/300
दिनांक:- 21/03/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्रीमति निर्मला देवी जैन पति श्री सौभाग्मल जैन (2) श्रीमति सपना जैन पति श्री सिद्धार्थ कुमार जैन (3) श्रीमति प्रतिभा जैन पति श्री रीतेश जैन ने मकान नं.1029 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 3200 व.फु. भूतल 1273 व.फु. प्रथम तल 99 व.फु विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरिक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.-संभा.अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/293
दिनांक:- 21/03/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मधु आयवन जैकब पिता स्व. श्री नथानियल जैकब ने मकान नं.1846 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 1478 व.फु. प्रथम तल 692 व.फु मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयतनामा, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरिक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर